नई दिल्ली

गुरुवार 23 अप्रैल 2026

वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 04
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम

अधि. 41
न्यूप. 26


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




9 लगातार हार के बाद भी फ्रेंच ओपन खेलना चाहती हैं वीनस




### आरोपी द्वारका से गिरफ्तार

# आईआरएस अधिकारी की बेटी की बलात्कार के बाद हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पॉश कैलाश हिल्स, अमर कालोनी इलाके में बुधवार सुबह आईआरएस अधिकारी की 22 वर्षीय बेटी की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई। युवती यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। केस में पूर्व घरेलू सहायक मुख्य संदिग्ध है। आरोपी को द्वारका से गिरफ्तार कर लिया गया है, पुलिस मामला दर्ज कर आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच शुरू कर रही हैं।



पुलिस के अनुसार युवती ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी और आजकल सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही थी। मोबाइल चार्जर की केबल से गला घोंटकर हत्या की गई थी। घटना के वक्त युवती घर में अकेली थी। वारदात को सुबह करीब छह बजे तब अंजाम दिया गया जब युवती के माता-पिता जिम गए हुए थे। जांचकर्ताओं को संदेह है कि आरोपी ने इसी थोड़े समय का फायदा उठाकर घर में प्रवेश किया और अपराध को अंजाम दिया। वारदात के संदिग्ध और पूर्व घरेलू सहायक राहुल मीणा ने घर में करीब आठ महीने तक काम किया था। दैनिक खरीद बिलों में हेराफेरी के आरोप में लगभग एक महीने पहले उसे काम से निकाल दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, मीणा परिवार के सदस्यों की दिनचर्या से पूरी तरह वाकिफ था यानि उसे पता था कि पीड़ित के माता-पिता कब टहलने या जिम जाते हैं। पुलिस ने बताया कि मीणा घटना के बाद से लापता था और उसे ढूंढने और गिरफ्तार करने के लिए तलाश अभियान शुरू किया गया। वह कुछ दिन पहले भी घर के बाहर देखा गया था। पुलिस ने यह भी बताया कि इलाके में एक कार क्लीनर और इलाके के एक घरेलू सहायक सहित दो लोगों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। राहुल को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हम सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं और सबूत जुटा रहे हैं। वहीं इस घटना ने पॉश रिहायशी इलाके में दहशत फैला दी है। स्थानीय लोगों ने इलाके में सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है।

# लूट और अपहरण का मास्टरमाइंड 14 साल बाद किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने लूट और अपहरण के मास्टरमाइंड को 14 साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 20 हजार का इनाम भी घोषित किया जा चुका था। लंबे समय तक चली तलाश के बाद अब इसे चंडीगढ़ के सेक्टर-26 से गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार भगौड़ा घोषित इस अपराधी का नाम बिरकेश उर्फ विरकेश उर्फ विक्की है। 6 फरवरी 2012 को कैब ड्राइवर सुनील कुमार की शिकायत पर द्वारका साउथ थाने में इसके खिलाफ लूट और अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। दरअसल शिकायतकर्ता पर काबू पाने के बाद आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर उससे नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया था। बाद में उसका अपहरण कर लिया गया और अंततः उसकी गाड़ी लेकर फरार होने से पहले उसे बाहर फेंक दिया गया था। जांच के दौरान एक साथी को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन मुख्य आरोपी बिरकेश पुत्र सदा शिव, निवासी प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश वर्षों तक गिरफ्तारी से बचने में कामयाब रहा। लगातार फरार रहने के कारण कोर्ट द्वारा इसे भगौड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया था। दिल्ली पुलिस कमिश्नर द्वारा शुरू में 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था, जिसे बाद में अपराध की गंभीरता और लगातार फरार रहने को देखते हुए बढ़ाकर 20 हजार रुपये कर दिया गया था। सालों की लगातार कोशिशों के बाद टीम को इसकी चंडीगढ़ में मौजूदगी के बारे में सूचना मिली थी। आरोपी के ठिकाने के बारे में एक ठोस सुराग मिला, जिसके बाद गैस सिलेंडर की सप्लाई के काम में लगे आरोपी को चंडीगढ़ के सेक्टर-26 से सफलतापूर्वक ढूंढकर गिरफ्तार कर लिया गया। वह इंडेन गैस सप्लायर के तौर पर एक झूठी पहचान के साथ रह रहा था। आरोपी पहले भी लूट, सेंधमारी, चोरी, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और इसी तरह के अपराधों से जुड़े 13 मामलों में शामिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### नरेला की फैक्ट्री में आग लगी, कोई जख्मी नहीं

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के नरेला औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में बुधवार को आग लग गई। आग की इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बहरहाल आग से लाखों का नुकसान बताया जा रहा है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि करीब 19 गाड़ियों ने सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में मौजूद सभी श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। पुलिस के अनुसार सुबह आठ बजे आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल की दर्जनों गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने तुरंत बचाव और अग्निशमन अभियान शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में चप्पल और उससे संबंधित सामग्री बनाने का काम किया जाता है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### मुठभेड़ के बाद टिल्लू ताजपुरिया गिरोह का एक शूटर पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बुधवार तड़के रोहिणी इलाके में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के एक शूटर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्त में आया रॉबिन नामक बदमाश पैरोल पर बाहर आकर फरार हो गया था। रोहिणी के सेक्टर-36 में यह मुठभेड़ हुई। पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से गोलियां चली। आरोपी के पैर में गोली लगी और पुलिस टीम ने उसे काबू कर लिया। रॉबिन को हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। वह पैरोल पर था और फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के बाद उसे हिरासत में लिया गया और आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है।

# एंटी नारकोटिक्स सेल का हेड कांस्टेबल रिश्वत लेते रंगे हाथ किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

द्वारका इलाके में भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। जिले की एंटी नारकोटिक्स सेल में तैनात हेड कांस्टेबल अजय को सीबीआई ने दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। हेड कांस्टेबल अजय पर आरोप है कि उसने एक महिला को झूठे केस में न फंसाने के बदले 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। पीड़िता ने इसकी शिकायत सीबीआई से की, जिसके बाद एजेंसी ने योजना बनाकर इस ट्रैप ऑपरेशन को अंजाम दिया।

सूत्रों से पता चला कि कार्रवाई के दौरान सीबीआई टीम ने आरोपी को 2 लाख रुपये की पहली किस्त लेते हुए मौके पर ही दबोचा। गिरफ्तारी के बाद जब उसके कार्यालय परिसर की तलाशी ली गई, तो वहां से 48.87 लाख रुपये की नकदी बरामद हुई, जिससे



■ पुलिसकर्मी के ऑफिस से मिला 49 लाख कैश

मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। मामले में अन्य पुलिसकर्मियों की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। सीबीआई अब इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच में जुटी है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं यह भ्रष्टाचार किसी बड़े गिरोह का हिस्सा तो नहीं। फिलहाल आरोपी पुलिसकर्मी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जिले के सीनियर अफसर मामले में चुप्पी साधे हुये हैं।

# किशोर को चाकुओं से गोदकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिमी जिले के महेंद्रा पार्क थाना अंतर्गत एक किशोर की चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी गई। वारदात को पुरानी रंजिश के चलते अंजाम जाने का संदेह है। मृतक के भाई के बयान पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर चार नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लिया है। वारदात में इस्तेमाल दो चाकू भी बरामद कर लिये गये हैं।

पुलिस के अनुसार वारदात 20 अप्रैल की रात करीब पौने नौ बजे सामने आई। शिकायतकर्ता रोहित राज उर्फ राजू (20) जोकि पेशे से इंटीरियर डेकोरेटर है और आई-ब्लॉक, जहांगीरपुरी का



निवासी है ने बताया कि छोटा भाई दक्ष (17) अपने दोस्त गुलशन के साथ सी-ब्लॉक मार्केट गया था। इसके कुछ ही देर बाद गुलशन ने उसे जे ब्लॉक मार्केट में दक्ष और कुछ लड़कों के बीच हुई कहासुनी (झगड़े) के बारे में बताया। इस पर शिकायतकर्ता तुरंत मकान संख्या 321, आई-ब्लॉक के पास घटनास्थल की ओर भागा, जहां उसने देखा कि दो व्यक्ति उसके भाई को जान से मारने के इरादे से बार-बार चाकू मार रहे थे। जब

■ महेंद्रा पार्क इलाके की वारदात

शिकायतकर्ता ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो उन्होंने उस पर भी हमला करने का प्रयास किया। हालांकि, वहां लोगों के इकट्ठा होने और शोर मचाने पर आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए। घायल दक्ष को तुरंत बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जांच के दौरान चार नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। सभी जहांगीरपुरी के निवासी हैं। अपराध को अंजाम देने में इस्तेमाल किए गए दो चाकू भी उनसे बरामद किए गए हैं।

# करोड़ों का सोना चुराने वाला सेंधमार दिल्ली में दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने कर्नाटक में करोड़ों के सोने की चोरी में शामिल रहे शातिर सेंधमार को गिरफ्तार किया है। इसे पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में यह पहली गिरफ्तारी है, जो एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। लगभग 800 ग्राम सोने के गहनों की चोरी में शामिल इसके बाकी साथियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए आगे की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार दिल्ली में पनाह लेने वाले राज्यों के बीच सक्रिय अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज 2 टीम ने एक कुख्यात चोर मिंटू बिस्वास निवासी ख्याला को गिरफ्तार किया है। इस चोर की तलाश कर्नाटक में घरों में सेंध लगाने के एक बड़े मामले में थी। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक घर से लगभग 800 ग्राम सोने के गहनों की चोरी की थी, जिससे यह साफ होता है कि यह एक सोची-समझी और सुनियोजित आपराधिक वारदात थी। आरोपी की गिरफ्तारी एक अहम घटनाक्रम है, क्योंकि इस मामले में यह पहली गिरफ्तारी है। इससे आगे की जांच का रास्ता खुल गया है और अब अन्य सह-आरोपियों को पकड़ने में भी मदद मिलेगी। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह संभल, मुरादाबाद में सक्रिय सेंधमारों के एक गिरोह का सदस्य है। उसका गिरोह आमतौर पर दक्षिण भारत के विभिन्न हिस्सों में जाता है और वहां पर्यटकों के रूप में रहता है। वहां कुछ दिन बिताने के बाद वे ऐसे घरों को निशाना बनाते हैं जो बंद होते हैं और दिन के समय उन घरों में सेंध लगाते हैं। मार्च के अंत में आरोपी अपने गिरोह के सदस्यों चंद्रभान उर्फ मोटा, नसीम सैफी और दीपक के साथ बेलगावी गया था। वहां कुछ दिन बिताने के बाद उन्हें एक ऐसा घर मिला जो बंद था, क्योंकि उस घर में रहने वाला परिवार एक बीमार रिश्तेदार से मिलने हुबली गया हुआ था। दोपहर के समय आरोपी ने अपने गिरोह के साथ मिलकर उस घर में सेंध लगाई और लगभग 800 ग्राम सोने के आभूषणों सहित कई कीमती सामान चुरा लिए। इसके बाद सभी संभल लौट आए और काले बाजार में आभूषण बेचने के बाद उन्होंने चोरी के माल को आपस में बांट लिया था। आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध में कर्नाटक के संबंधित पुलिस स्टेशन को सूचित कर दिया गया है।

## राष्ट्रहित के हर मुद्दे पर विपक्ष ने की है देश से गद्दारी : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने अपनी संकीर्ण राजनीति के कारण देश की महिलाओं के साथ गद्दारी की है। उन्होंने देश आधी आबादी के अधिकार को कुचल दिया है और देश की महिलाएं इस अन्याय का अवश्य ही बदला लेंगी। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों को लेकर यह बात कही। सांसद बिधूड़ी ने कहा कि विपक्ष ने अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाने में बाधाएं खड़ी कीं, जम्मू -कश्मीर में शांति और स्थिरता लाने के लिए अनुच्छेद-370 को हटाने का विरोध किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आतंकवाद का पोषण करने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई पर सरकार पर उंगली उठाई और मुस्लिम महिलाओं को संरक्षण देने वाले तीन तलाक बिल का विरोध किया लेकिन इन सब मुद्दों पर विपक्ष को मुंह की खानी पड़ी। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार महिलाओं को शीघ्र ही उनका अधिकार दिलाकर रहेगी। प्रेस वार्ता में दिल्ली प्रदेश भाजपा की उपाध्यक्ष योगिता सिंह तथा दक्षिण दिल्ली की जिलाध्यक्ष माया बिष्ट ने भी संबोधित करते हुए विपक्षी दलों के आचरण को निंदनीय बताया। महरौली जिलाध्यक्ष रविंद्र सोलंकी भी प्रेस वार्ता में उपस्थित रहे। सांसद बिधूड़ी ने प्रेसवार्ता में कहा कि अगर कोई गलती करता है तो शर्मिन्दा होता है लेकिन विपक्षी दलों ने महिलाओं का हक छीनकर खुशी मनाई लेकिन उनकी यह गलतफहमी अधिक दिनों तक कायम नहीं रहेगी।

# चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने चोरी और सेंधमारी के मामलों में शामिल एक गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 12 साल के एक लड़के को भी हिरासत में लिया गया है, जिसे गिरोह के सदस्यों ने कथित रूप से बहला फुसलाकर अपने साथ मिला लिया था। उन्होंने बताया कि रविवार को दिल्ली के चंदन होला इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने आवास में हुई चोरी के संबंध में ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराई और दावा किया कि उसके घर से लैपटॉप, मोबाइल फोन, नकदी, चांदी के आभूषण और अन्य मूल्यवान वस्तुएं चोरी हो गई हैं। दक्षिण दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अनंत मित्तल ने बताया कि जिले के महरौली थाने के कर्मियों ने इस बाबत चार लोगों को गिरफ्तार किया, जो चोरी और सेंधमारी के मामलों में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी आरोपी रिक्शा चालक हैं और उन्होंने 12 वर्षीय लड़के को अपराध करने में मदद करने के लिए बहला-फुसलाकर अपने साथ मिला लिया था। मित्तल ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर सबसे पहले नाबालिग लड़के को पकड़ा गया और उसकी निशानदेही पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से एप्पल मैकबुक लैपटॉप, मोबाइल फोन, छोटी मूर्तियों के साथ चांदी का 100 ग्राम का सिक्का और भगवान गणेश की चांदी की मूर्ति बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि लड़के को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

## एमसीडी के राजस्व को 'एडवर्टाइजिंग खेल' से लग रहा है करोड़ों का चूना

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के विज्ञापन विभाग में लापरवाही और निष्क्रियता के चलते निगम को हर वित्तीय वर्ष में करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान झेलना पड़ रहा है। दिल्ली की मुख्य सड़कों पर देखने में आया है कि बड़ी-बड़ी कंपनियां नियमों को ताक पर रखकर राजधानी में अवैध होर्डिंग्स, बैनर और डिजिटल विज्ञापन चला रही हैं, लेकिन एमसीडी विज्ञापन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय अपने एयर कंडीशनर (एसी) कमरों तक ही सीमित हैं। सूत्रों के अनुसार, विज्ञापन विभाग के प्रमुख अधिकारी, सहायक उपायुक्त (एडीसी) से लेकर इंस्पेक्टर स्तर तक के अधिकारी फील्ड में निरीक्षण करने के बजाय दफ्तरों में बैठकर ही काम निपटा रहे हैं। इसका सीधा फायदा ऐसी बड़ी कंपनियां उठा रही हैं जिनको लेकर निगम का विज्ञापन विभाग प्रशासन मौके पर जाकर देखता ही नहीं है। ये कंपनियां बिना अनुमति के दुकानों और दीवारों पर विज्ञापन प्रदर्शित कर रही हैं। विज्ञापन प्रचार सामग्री प्रदर्शित करने से जुड़े सूत्रों की माने तो करीब एक साल पहले दिल्ली की दीवारों पर एक बड़ी कंपनी ने विज्ञापन विभाग के साथ सांठगांठ कर बड़ी बड़ी प्रचार सामग्री प्रदर्शित की गई। इसके अलावा बता दें कि निगम पार्षद भी निगम की सदन बैठकों में कई बार करोड़ों रुपए के राजस्व नुकसान और इनकी जांच की बात रख चुके हैं लेकिन विज्ञापन विभाग में डेपुटेशन पर आने वाले अधिकारी विज्ञापन नीति की जानकारी नहीं होने से इस राजस्व को नुकसान होने से नहीं बचा पाते हैं, क्योंकि वैध या अवैध विज्ञापन तक की डेपुटेशन पर आए ऐसे अधिकारियों को जानकारी ही नहीं होती है। दिल्ली नगर निगम के विज्ञापन विभाग में वैध और अवैध विज्ञापनों को लेकर जवाबदेही का अभाव साफ नजर आता है। जब भी संबंधित अधिकारियों से इस विषय पर सवाल किया जाता है, तो वे स्पष्ट जवाब देने के बजाय जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालते हुए टालमटोल करने लगते हैं। इस रवैये से न केवल पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं, बल्कि अवैध विज्ञापनों के बढ़ते जाल को भी अप्रत्यक्ष संरक्षण मिलता है।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 83 दिनांक 23.03.2026 धारा 140 (3) बी.एन.एस & 84 जे. जे. एक्ट थाना बड़ी जिला सोनीपत ।



गुमशुदा की पहचान
नाम जैस्मीन ।
पिता का नाम - अशोक कुमार।
पता - वासी गांव पीपली खेड़ा सोनीपत हरियाणा ।
उम्र-15 वर्ष।
कद-5 फुट 3 ईन्च।
हुलिया- रंग गोरा, गोल चेहरा, काले लम्बे बाल, काली आँखे, गोल नाक, पतला शरीर है।
पहनावा:- सफेद रंग की टी-शर्ट, काले रंग की लोवर व पैरों में स्लीपर पहने हुए है।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.03.2026 को जैस्मीन पुत्री अशोक कुमार वासी गांव पीपली खेड़ा सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चली गयो हैं जो अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना-7419410541
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 7827151581
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त ।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/4712/2027/44751/88/7 दि. 22.04.2026


# उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं टिकाऊ खेती पर जागरूकता अभियान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कृषि विज्ञान केन्द्र, दिल्ली द्वारा उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं टिकाऊ खेती की तकनीकी जानकारी के प्रसार के लिए विशेष जागरूकता अभियानों का आयोजन दिल्ली के गाँवों में किया जा रहा है। जागरूकता अभियान का उद्देश्य मिट्टी के स्वास्थ्य संरक्षण, उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा टिकाऊ कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र, दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. डी. के. राणा ने किसानों को संबोधित करते हुए




उक्त जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मिट्टी की घटती उर्वरता एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि यूरिया एवं डीएपी जैसे रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक एवं असंतुलित उपयोग मिट्टी की उर्वरता क्षमता को एवं फसलों की उत्पादन क्षमता को कम कर रहा है, जिससे उर्वरकों की उपयोग दक्षता में कमी आ रही है एवं खेती की लागत बढ़ती जा रही है।

सस्य विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. समर पाल सिंह ने किसानों को अपने खाली खेतों की मिट्टी की जांच करवाने एवं मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरक उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि फसल की आवश्यकता के अनुसार संतुलित पोषक तत्व जैसे एन.पी.के. के अलावा सल्फर, जिंक एवं अन्य सुक्ष्म पोषक तत्वों एवं जैव उर्वरकों का प्रयोग करने से बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। मृदा विशेषज्ञ बृजेश कुमार ने किसानों को मिट्टी एवं पानी की नियमित जांच के आधार पर ही उर्वरकों का उपयोग करने की सलाह दी।

## दिल्ली सरकार द्वारा गेहूं की एमएसपी देरी से की गई घोषणा किसानों के हित में नहीं: डॉ. नरेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने रेखा गुप्ता सरकार पर निशाना लगाते हुए कहा है कि दिल्ली सरकार द्वारा गेहू की एमएसपी देरी से घोषणा की गई जो किसानों के हित में नहीं है। उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर वास्तव में सीएम रेखा गुप्ता गंभीर थी तो गेहू की एमएसपी पहले ही क्यों नहीं घोषित की गई। अब जब लगभग 85 प्रतिशत किसानों ने अपनी गेहू की फसल बेच दी है तो एमएसपी का क्या फायदा। प्रवक्ता ने कहा कि दूसरी तरफ बाजार में गेहू का भाव लगभग 2700 रुपए प्रति क्विंटल चल रहा है। जबकि सरकार ने एमएसपी का भाव 2585 प्रति क्विंटल तय किया है, जो बहुत कम है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, विशेषकर ईरान युद्ध के प्रभाव से बाजार भाव बढ़ा है, ऐसे में कोई भी किसान अब कम कीमत पर अपनी फसल नहीं बेचेगा। उन्होंने यह भी मांग की कि सरसों की फसल भी एमएसपी पर खरीदी जानी चाहिए और इसके लिए सरकार को एफसीआई के माध्यम से खरीद सुनिश्चित करनी चाहिए।


## उत्तर रेलवे

निविदा सूचना – ई – टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण
(ई – प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-RUB-245-SYSTEM-III DATE 18.04.2026 | अधि. अभि. पुल लाइन / तिलक ब्रिज के क्षेत्राधिकार में दिल्ली शाहदरा–शामली सहारनपुर खंड के RUB संख्या 245 (1x15.26 मीटर) शामली लाइन शंटिंग लाइन और दिल्ली शाहदरा स्टेशन पर प्लेट फॉर्म गर्डर पर RDSO इसपेसिफिकेशन M&C/PCN/121 /2011 के अनुसार लोग पोंटिंग फ्री लाइफ 15 वर्ष और अधिक के लिए हाई परफॉर्मेनस थर्मोप्लास्टिक को पॉलीमेरिक एंटी कोरोसिव कोटिंग सिस्टम (सिस्टम–III) की पेंटिंग का कार्य। | ₹ 43,18,012.77 | ₹ 86,400.00 | 04 (चार) महीने | 13.05.2026 को दोपहर 3 बजे तक तथा निविदा उसी दिन दोपहर 3 बजे के बाद खोली जाएगी। |

नोट: उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है।
1329/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

नई दिल्ली
गुरुवार 23 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 04
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 41
न्यून. 26

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद लगा भक्तों का तांता

### सेना ने हेलिकॉप्टर से बरसाए फूल

## केदारनाथ धाम के खुले कपाट, घाटी में गूंजा 'हर-हर महादेव'

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

चारधाम यात्रा के चौथे दिन बुधवार सुबह 8 बजे केदारनाथ धाम के कपाट विधिवत खोल दिए गए हैं। इस दौरान हजारों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने और पूरा धाम 'हर-हर महादेव' के जयकारों से वातावरण से गुंजायमान हो उठा।

**सीएम धामी ने की पीएम मोदी के नाम की पहली पूजा**

परंपरा के अनुसार सबसे पहले मंदिर के पूर्व द्वार को खोला गया और मुख्य पुजारी, रावल व हक-हकूकधारियों ने अंदर प्रवेश कर पूजा-अर्चना शुरू की। इस दौरान पिछले साल कपाट बंद करते समय ज्योतिर्लिंग पर लगाई गई भस्म को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जर्मनी में बोले, हमारे सिर्फ एक पड़ोसी में है गड़बड़, फिर से मुसीबत खड़ी की, तो होगी निर्णायक कार्रवाई

# पहलगाम हमले की पहली बरसी पर राजनाथ की पाकिस्तान को 'डॉट, डॉट, डॉट' वाली चेतावनी

- जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ हुई राजनाथ सिंह की द्विपक्षीय बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पहलगाम आतंकवादी हमले की बुधवार को पहली बरसी के मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी से पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उसे बेहद सख्त अंदाज में कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भारत के सभी पड़ोसियों में से सिर्फ एक में गड़बड़ है। लेकिन अगर उसने फिर से हमारे खिलाफ कोई मुसीबत खड़ी करने या छेड़खानी करने की कोशिश की तो 'डॉट, डॉट, डॉट' यानी जवाब में हम अभूतपूर्व और निर्णायक कार्रवाई Aकरेंगे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सशस्त्र सेनाओं ने जो प्रदर्शन किया है। उसके बारे में कुछ भी कहने की कोई आवश्यकता नहीं है। लेकिन इतना जरूर है कि देश की सैन्य ताकत पहले के मुकाबले कई गुना मजबूत हुई है। यह जानकारी रक्षा मंत्री ने बीते 21 अप्रैल से शुरू हुई अपनी तीन दिवसीय जर्मनी यात्रा के दूसरे दिन भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दी है। बताते चले कि रक्षा मंत्री की चेतावनी वाला यह बयान बीते वक्त पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा भारत पर 'फॉल्स फ्लैग' ऑपरेशन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आतंकवाद की कड़ी निंदा की जानी चाहिए


*जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने के उपायों पर चर्चा की गई है। राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों, अभिव्यक्तियों की बिना किसी अपवाद या औचित्य के स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप और संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा प्रशिक्षण में सहयोग के लिए कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर के साथ उनका आदान-प्रदान किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि बातचीत में रक्षा, सुरक्षा (सह उत्पादन-विकास) से जुड़े विभिन्न मामलों को शामिल किया गया। दोनों रक्षा मंत्रियों ने सैन्य सहयोग को रणनीतिक साझेदारी के एक मुख्य स्तंभ के रूप में मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही कहा, वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को जरूरी स्थिरता और मजबूती प्रदान की है। राजनाथ ने इस साल सितंबर, अक्टूबर महीने में भारत में होने वाले तरंग शक्ति युद्धाभ्यास में जर्मनी की वायुसेना की भागीदारी को लेकर उत्सुकता जताई है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एमआई सीएसके
शाम 7.30 बजे से

### खबर संक्षेप

**पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की नई किताब प्रकाशित**



नई दिल्ली। पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे की नई किताब लॉन्च हो गई है। यह किताब अंग्रेजी में है जिसका नाम है- द क्यूरियस एंड द क्लासिफाइडः एनादर थिंग अबाऊट मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीस। उन्होंने बताया कि उन्हें इसे लिखने का विचार एक दोस्त के घर पर पड़ी शशि थरूर की किताब देखकर आया। यह किताब भारतीय सशस्त्र बलों के उन पहलुओं को उजागर करती है, इस किताब में कैप्टन बाबा हरभजन सिंह की कहानी, वायुसेना के जवानों के कॉल साइन और पेड़ोंगी नाम के बहादुर सैन्य खच्चर की अनसुनी कहानियां बताई गई हैं। जनरल मनोज नरवणे ने दिसंबर 2019 से अप्रैल 2022 तक भारतीय थलसेना प्रमुख के रूप में सेवा दी थी।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा संघर्षविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाने की घोषणा के बाद हुआ यह हमला

# भारत के लाख समझाने पर भी नहीं माना ईरान, गुजरात जा रहे एक जहाज पर की गोलीबारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- आईआरजीसी ने कहा, होर्मुज की खाड़ी में बिना अनुमति के जाने पर दो जहाजों को बनाया निशाना, जब्त कर ईरान के तट की ओर भेज दिया
- भारत ने संघर्षविराम का स्वागत करते हुए जताई उम्मीद, क्षेत्र में स्थापित होगी दीर्घकालिक शांति-स्थिरता

बीते दिनों होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत की ओर आ रहे दो मालवाहक जहाजों पर ईरान की नौसेना (ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स, आईआरजीसी) द्वारा की गई गोलीबारी की घटना को यहां देश में लोग अभी पूरी तरह से भूले भी नहीं थे कि बुधवार को ऐसी ही एक और घटना सामने आई है। जिसमें यह पता चला है कि आईआरजीसी ने होर्मुज में एक बार फिर से दो और जहाजों को निशाना बनाया है। जिसमें लाइबेरिया के ध्वज वाला हुआ एक कंटेनर जहाज 'ईपीएएमआईएनओएनडीएएस' भी शामिल है। जो जलडमरूमध्य से गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह की ओर जा रहा था। जबकि दूसरा जहाज पनामा का ध्वज वाला इजरायल से संबंधित कंटेनर जहाज 'एमएससी-फ्रांसिस्का' था। भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि होर्मुज से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही को लेकर हमारा ईरानी पक्ष के साथ लगातार संवाद बना हुआ है। वहीं, इस घटना के साथ ही ईरान द्वारा अब तक गोलीबारी के जरिए निशाना बनाए गए ▶▶ शेष पेज 5 पर



### राजदूत को तलब कर जताया था विरोध

*बीते 18 अप्रैल को जग अर्नव और सनमार हेराल्ड नामक भारत के ध्वज लगे हुए दो वाणिज्यिक जहाजों पर आईआरजीसी ने गोलीबारी की थी। भारत ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए नई दिल्ली में तैनात ईरान के राजदूत डॉ.फतहली को विदेश मंत्रालय में तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया था। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने डॉ.फतहली के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की थी। जिसमें उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए भारतीय जहाजों को होर्मुज से सुरक्षित गुजरने देने में सहयोग करने की अपील की थी। साथ ही भारत के इस पक्ष को तुरंत मजबूती के साथ ईरान के अधिकारियों के समक्ष रखने के लिए कहा था। गौरतलब है कि हालिया वक्त में खुद ईरान ने भारत को अपने मित्र देशों की सूची में शामिल करने के अलावा उसके सुरक्षित हाथों में होने का दावा किया था। लेकिन इसके बाद भी उसके मौजूदा आक्रामक रुख में फिलहाल कोई परिवर्तन आता हुआ दिखाई नहीं पड़ रहा है।*

### होर्मुज की खाड़ी से निकले 10 जहाज

*उन्होंने कहा कि वर्तमान में हमारे फारस की खाड़ी क्षेत्र में कुल 14 जहाज हैं। जिनमें 13 भारतीय ध्वज वाले जहाज हैं और 1 भारत द्वारा स्वीकृत जहाज है। इसके अलावा खाड़ी से अब तक हमारे 10 जहाज बाहर निकले हैं। बीते 24 घंटे में भारत के ध्वज वाले किसी जहाज के संबंध में कोई घटना नहीं हुई है। हमारे नाविक फारस की खाड़ी के इलाके में सुरक्षित हैं। देश गरिमा जहाज आज शाम मुंबई पहुंचेगा। उसने 18 मार्च को अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। जहाज में कुल 31 नाविक सवार हैं। मंत्रालय के कंट्रोल रूम के पास अब तक कुल 7 हजार 200 फोन कॉल, 15 हजार ईमेल आए हैं। बीते 24 घंटे में 156 कॉल और 344 ईमेल मिले हैं। 2 हजार 615 से ज्यादा नाविकों को मंत्रालय फिलहाल सुरक्षित स्वदेश वापस लेकर आया है। जिसमें पिछले एक दिन में 25 लोग वापस लौटे हैं। भारतीय बंदरगाहों पर हालात सामान्य हैं, कहीं कोई भीड़ भाड़ की स्थिति नहीं है।*

### बातचीत-कूटनीति से लौटेगी शांतिः रणधीर

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत हमेशा से शांति के पक्ष में रहा है। क्षेत्र में शांति-स्थिरता बहाली के लिए उठाए जाने वाले सभी कदमों का हम स्वागत करते हैं। हमने पहले ही संघर्षविराम का स्वागत किया है। साथ ही हमें यह उम्मीद है कि इसकी मदद से पश्चिम-एशिया में दीर्घकालिक शांति-स्थिरता स्थापित होगी। भारत लगातार तनाव को कम करने, संवाद और कूटनीति के पक्ष में बना हुआ है। जिनकी मदद से मौजूदा संघर्ष की जल्द समाप्ति के साथ-साथ क्षेत्र में शांति स्थापित होगी। संघर्ष की वजह से कई लोग प्रभावित हैं। वैश्विक ऊर्जा सप्लाई, व्यापार नेटवर्क पर भी इसका असर पड़ा है। हम आशा करते हैं कि होर्मुज में वैश्विक वाणिज्य की निर्बाध आवाजाही बनी रहेगी। भारत लगातार ईरान के अधिकारियों से भी संपर्क में बना हुआ है। जिसमें हमारे जहाजों की इस वैश्विक जल क्षेत्र से सुरक्षित आवाजाही को बनाए रखना शामिल है। साथ ही हम अपनी आर्थिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मंत्रालय के एक अन्य अधिकारी असीम.आर महाजन ने कहा कि 28 फरवरी को हुई युद्ध की शुरुआत के बाद से लेकर अब तक 11 लाख 91 हजार भारतीय सुरक्षित स्वदेश वापस लौटे हैं। क्षेत्र के हालात पर मंत्रालय की पैनी नजर है।*

### पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी के मौके पर पीएम मोदी की पाकिस्तान को खरी, खरी

## आतंकवाद के सामने कभी नहीं झुकेगा भारत का सिर, सफल नहीं होंगी आतंकियों की कुटिल साजिशें: प्रधानमंत्री




- रक्षा मंत्री और गृह मंत्री सहित कई अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने भी जताई इस हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल हुए आतंकवादी हमले की बुधवार को हुई पहली बरसी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को सख्त अंदाज में यह संदेश दे दिया है कि 'आतंकवादियों की कुटिल साजिशें कभी भी सफल नहीं होंगी। भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी अपना सिर नहीं झुकाएगा। एक राष्ट्र के रूप में हम शोक और संकल्प में एकजुट खड़े हैं'। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए उन्होंने यह जानकारी दी है। जिसमें यह भी लिखा कि 'बीते साल इस दिन भयानक आतंकी हमले में जान गंवाने वाली कई मासूम जिंदगियों को याद करते हुए। वे कभी भुलाए नहीं जाएंगे। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### टीआरएफ ने की थी 26 मासूमों की हत्या

*मालूम हो कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान समर्थित टीआरएफ आतंकी संगठन ने 26 निर्दोष लोगों की उनका धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। जिसके जवाब में भारत ने बेहद सख्त प्रतिक्रिया देते हुए 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर अभियान की शुरुआत की और पाकिस्तान द्वारा संचालित कुल 9 आतंकी कैंपों में मौजूद 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया था। पड़ोसी दुश्मन देश ने भारत के ताबड़तोड़ हमलों से घबराकर उसके खिलाफ बड़ा हमला करने की कोशिश की थी। जिसमें उसे कामयाबी नहीं मिली। अंततः पाक ने भारत के समक्ष संघर्षविराम करने की गुहार लगाई। 10 मई को शाम करीब पांच बजे दोनों देशों के बीच संघर्षविराम समझौता हुआ। जो वर्तमान में भी चल रहा है। भारत ने पाकिस्तान को यह भी साफ कर दिया है कि उसकी आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई जीरो टॉलरेंस की नीति बरकरार है। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर भी अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। यह आज भी चल रहा है।*

## कांग्रेस अध्यक्ष फंसे, 'आतंकवादी' बयान पर चुनाव आयोग ने मांगा 24 घंटे में जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बुरे फंसे। चुनावी रैली में पीएम मोदी को आतंकवादी कहे जाने पर चुनाव आयोग ने सख्त रूख अख्तियार कर लिया है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजे गए नोटिस में चुनाव आयोग ने 24 घंटे में जवाब तलब किया है। चुनावी रैली में बदजुबानी पर शायद चुनाव आयोग में लंबे समय के बाद कुछ हरकत दिख रही है। राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष को नोटिस भेजने से जाहिर है ▶▶ शेष पेज 5 पर



### क्या है पूरा मामला?

*यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब खरगे ने तमिलनाडु में एक चुनावी कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए उन्हें "आतंकवादी" शब्द से संबोधित किया। इस बयान के बाद राजनीतिक माहौल गर्म हो गया और सत्तारूढ़ दल भाजपा ने इसे गंभीर और अपमानजनक टिप्पणी बताते हुए चुनाव आयोग से शिकायत की।*

### मेक इन इंडिया की ग्लोबल पहचान बने यह ध्यान में रखकर बनाएं उत्पादः नायब

## नई हरियाणा इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2026 को लेकर मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में निवेशकों से किया सीधा संवाद

- औद्योगिक निवेश के लिए हरियाणा सबसे बेहतरीन राज्य : नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि उद्योगपति मेक इन इंडिया को ग्लोबल पहचान दिलाने के लिए उत्पाद बनाए। इसे लेकर देश के प्रधानमंत्री भी कह चुके हैं कि हमारे उत्पाद अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ही नहीं बल्कि उनसे बेहतर होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कंपनियां ऐसे उत्पाद बनाए कि मेक इन इंडिया का मतलब बेहतर गुणवत्ता हो। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में हरियाणा की नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी को लेकर निवेशकों से सीधा संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने आटो सेक्टर, मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर व अन्य सेक्टरों से जुड़े उद्योगपतियों से अलग-अलग मुलाकात की। इस दौरान न केवल उन्होंने नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी को लेकर उनके सुझाव लिए बल्कि स्वयं भी अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि औद्योगिक निवेश के लिए हरियाणा सबसे बेहतरीन राज्य है। आज चाहे उद्योगों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात हो, चाहे सड़क कनेक्टिविटी की बात हो या मूलभूत सुविधाओं की बात हो, ▶▶ शेष पेज 5 पर



### केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती

## बंगाल में पहले चरण का मतदान तमिलनाडु में भी फाइनल वोटिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में आज पहले चरण का मतदान होगा। 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान होगा। वहीं, तमिलनाडु में लोकतंत्र के इस बड़े त्योहार में 5.73 करोड़ मतदाता हिस्सा लेंगे। इस चुनाव में राजनीतिक दलों और निर्दलीयों सहित कुल 4,618 उम्मीदवार मैदान में हैं। बंगाल में पहले चरण में 3.60 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डालने के पात्र हैं। इनमें उत्तर बंगाल के आठ, दक्षिण बंगाल के तीन व जंगलमहल अंचल के पांच जिले शामिल हैं। बंगाल के पहले चरण के प्रचार के दौरान एसआईआर प्रमुख मुद्दा रहा, जिस पर सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। निर्वाचन आयोग ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की रिकॉर्ड 2,450 ▶▶ शेष पेज 5 पर



मतदान सामग्री के साथ बूथों के लिए रवाना होते मतदानकर्मी

### तमिलनाडु में 1.47 लाख सुरक्षाकर्मियों की तैनाती

*तमिलनाडु में लगभग 75,032 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 3,022 स्थानों पर स्थित 5,938 मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। इन केंद्रों पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए हथियारबंद अर्धसैनिक बलों और तमिलनाडु विशेष पुलिस बल की तैनाती की गई है। मतदान के दिन राज्य भर में पुलिस, अर्धसैनिक बल, अग्निशमन विभाग, जेल विभाग, वन विभाग, होमगार्ड और सेवानिवृत्त सैनिकों सहित लगभग 1.47 लाख सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा, केंद्रीय* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मप्र के किसानों के हित में मोहन सरकार का बड़ा फैसला

## ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि के भूअर्जन पर मिलेगा बाजार दर का '4 गुना' मुआवजा

- ऐसा करने वाला मध्यप्रदेश देश में इकलौता राज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को एक ऐतिहासिक निर्णय लिया। मप्र में पहली बार 'मप्र भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम 2015' के तहत कृषि भूमि के भूअर्जन पर गुणन कारक (मल्टीफिकेशन फैक्टर) को दोगुना करते हुए 2.0 कर दिया गया है। यानी अब अधिग्रहित कृषि भूमि का मुआवजा किसानों को दोगुना के स्थान पर बाजार दर से 4 गुना मिल सकेगा। यह निर्णय समूचे प्रदेश की ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि के अधिग्रहण पर लागू होगा। कैबिनेट ने नगरीय सीमा में मुआवजा गुणन कारक को यथावत एक रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस मुद्दे को लेकर बुधवार देर शाम मुख्यमंत्री निवास में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की। उन्होंने किसानों के हित में लिए गए एक-एक फैसले की जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि मप्र पहला ऐसा राज्य है, जहां किसानों को उनकी भूमि का अधिग्रहण करने पर चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस निर्णय में किस किस तरह की अड़चनें आईं। इन अड़चनों को किस तरह से दूर किया गया। उन्होंने कहा कि किसानों के मुद्दे पर वे किसी से समझौता नहीं कर सकते। किसानों का ▶▶ शेष पेज 5 पर

### देश की करीब 10 लाख महिलाएं पीएम मोदी को पोस्टकार्ड भेजेंगी

### राजेंद्र पाल गौतम ने भाजपा सरकार को बताया महिला विरोधी, कहा- 2014 और 2022 के बीच देश में महिला उत्पीड़न के मामले 31 प्रतिशत बढ़े

## महिला आरक्षण तुरंत हो लागू, महिला कांग्रेस का देशव्यापी पोस्टकार्ड अभियान मई से होगा शुरू

- अनिल जयहिंद ने कहा- यूपी में दलित और पिछड़े वर्ग की बेटियों के साथ अन्याय हो रहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

महिला कांग्रेस ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को तुरंत लागू करने की मांग को लेकर देशव्यापी पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया है। मई और जून में दो महीने निरंतर चलने वाले इस अभियान के तहत देश की करीब 10 लाख महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पोस्टकार्ड भेजेंगी। इनमें मांग की जाएगी कि जुलाई में संसद के मानसून सत्र में विशेष प्रस्ताव लाकर लोकसभा की 543 सीटों पर ही 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू किया जाए और इसमें एससी-एसटी वर्ग की महिलाओं के साथ ओबीसी महिलाओं को भी शामिल किया जाए। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा, अनुसूचित विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम और ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अनिल जयहिंद ने महिला आरक्षण लागू न किए जाने और देशभर में बढ़ते महिला अपराधों के मुद्दे पर भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने उत्तर प्रदेश और भाजपा शासित प्रदेशों में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार का मुद्दा भी उठाया। अलका लांबा ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर देशभर में झूठ फैला रही है, ▶▶ शेष पेज 5 पर



### अति पिछड़ा अत्याचार निवारण कानून बनाए जाने की मांग

*वहीं ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अनिल जयहिंद ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में दलित और पिछड़े वर्ग की बेटियों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने गाजीपुर में विश्वकर्मा समाज की बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के मामले को उठाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में संविधान की जगह मनुवादी व्यवस्था हावी हो गई है। उन्होंने मामले की जांच ईलाहाबाद हाईकोर्ट के जज की निगरानी में सीबीआई की विशेष टीम से कराने, 30 दिनों के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने अति पिछड़ा अत्याचार निवारण कानून बनाए जाने की मांग भी दोहराई।*

## खबर संक्षेप

### ठगी के 4 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ में तिगांव फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि जिसे 6 अप्रैल को ठगों द्वारा एक टेलिग्राम ग्रुप से जोड़ा गया। जहां उसे कुछ पैड टास्क करने के लिए दिए गये। जिसके लिए उसने 15,000 रूपए निवेश किए। 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जब उसने पैसे निकालने चाहे तो ठगों द्वारा उससे पैसे निकालने के लिए और पैसों की मांग की गई।

### रॉड से पैर तोड़ने के मामले में 3 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** भीकम कॉलोनी में रॉड से पैर तोड़ने के मामले में क्राईम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने 3 आरोपियों को काबू कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अच्चनत निवासी भीकम कालोनी ने थाना शहर बल्लभगढ में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी कालोनी के रहने वाले साथ काफी दिनों से रंजिश चली आ रही है।

### बुजुर्ग महिला की कब्र खोदकर शव बाहर निकाला



**गाजियाबाद।** मुरादनगर के खिमावती गांव में संदिग्ध परिस्थिति में हुई बुजुर्ग महिला रहीसा की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतका की बेटी की गुहार के बाद बुधवार को उसकी कब्र उखाड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम को भिजवाया। दुहाई निवासी मोहसिना ने बताया कि मेरा मायका खिमावती गांव में है, 30 मार्च को फोन आया कि उसकी मां रहीसा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आरोप है कि उनके पहुंचने से पहले बहन व उसके आदमी ने मां की अंतिम क्रिया कर दी थी। मोहसिना का कहना है कि उनकी मां के पैसे व जेवर गायब थे। आरोप है कि उनकी बहन नकली मां बाप बनाकर गांव में एक दुकान पर जेवर बेचने गए थे, लेकिन दुकानदार ने जेवर लेने से इंकार कर दिया था।

मंत्रीमंडल की बैठक में 27 अप्रैल को हरियाणा विस का विशेष सत्र बुलाने का निर्णय लिया

# ग्रुप-डी कर्मचारियों का होगा प्रमोशन, विधानसभा के विशेष सत्र में लाया जाएगा बिलः नायब सिंह सैनी

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम



प्रदेश में कॉमन कैडर ग्रुप-डी कर्मचारियों की पांच साल से ज्यादा सर्विस पूरी होने पर प्रमोशन किया जाएगा। पांच साल पूरा करने वाले कर्मचारी क्लर्क के पद पर प्रमोशन के लिए एलिजिबल हो गए हैं।

इसको लेकर गुरुग्राम में सीएम नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रीमंडल की बैठक में 27 अप्रैल 2026 को हरियाणा विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में सीएम ने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में कॉमन कैडर के ग्रुप-डी कर्मचारियों के प्रमोशन के लिए जरूरी नियम बनाने पर सहमति बनी है। कॉमन कैडर ग्रुप-डी कर्मचारियों ने पांच साल से ज्यादा की सर्विस पूरी कर ली है। वे क्लर्क के पद पर प्रमोशन के लिए एलिजिबल हो गए हैं। इसलिए, बैठक में हरियाणा क्लेरिकल सर्विसेज (रिक्रूटमेंट एंड कंडीशंस ऑफ सर्विस) बिल, 2026 के मसौदे को मंजूरी दी गई है। ड्राफ्ट बिल में क्लर्क के पद के लिए ग्रुप डी से प्रमोशन के कोटे को 20 प्रतिशत से 30 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही पांच प्रतिशत एक्स ग्रेशिया पद रखने की अनिवार्यता भी नियमों में शामिल की गई है।

सीएम ने कहा कि लोकसभा में कैसे विपक्षी दलों ने भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोका, उसके सपनों को बेरहमी से कुचला। संसद में जो कुछ हुआ, उसने कांग्रेस और उनके सहयोगियों का असली चेहरा देश के सामने उजागर कर दिया है।

### *'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरूआत की*


*मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का भारत महिलाओं के नेतृत्व और सहभागिता से नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में पानीपत की भूमि से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी। पिछले साढ़े 11 वर्षों में महिलाओं के सशक्तिकरण की यह यात्रा निरंतर जारी है और यह परिवर्तन केवल मजबूत नेतृत्व से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि आज देश की महिलाएं उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि और खेल जैसे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। बेटियां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ा रही हैं, वहीं महिलाएं सेना में भी देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, पर्यटन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) वर्षा खांगवाल और मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली उपस्थित रहे।*

जनगणना प्रक्रिया आसान और सुरक्षित, नागरिक बढ़-चढ़कर लें हिस्सा

# जनगणना में डिजिटल पहल, विधायक मूलचंद शर्मा ने स्व गणना प्रक्रिया में लिया भाग

स्व गणना से जुड़ें नागरिक, विधायक मूलचंद शर्मा ने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



जनगणना कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और डिजिटल बनाने की दिशा में बल्लभगढ़ से विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा मूलचंद शर्मा ने आज स्वयं अपनी स्व गणना कर सरकार की इस विशेष पहल में भाग लिया। उन्होंने कहा कि जनगणना हमारा विकास है राष्ट्र पर्व के रूप में जनगणना का कार्य शुरू हो चुका है जिसमें सभी की भागीदार बेहद जरूरी है। उन्होंने डिजिटल माध्यम से अपनी व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जानकारी दर्ज कर शहरी और ग्रामीण इलाके के नागरिकों को इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और जनगणना कर्मचारियों का सहयोग करने की अपील की।

मूलचंद शर्मा ने कहा कि स्व.गणना केवल एक सांख्यिकीय प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह भविष्य की सरकारी योजनाओं के सटीक क्रियान्वयन का आधार है। पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि भारत और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए सटीक डेटा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज मैंने स्वयं इस प्रक्रिया में भाग लेकर पाया है कि यह प्रक्रिया अत्यंत सरल, सुरक्षित और नागरिक अनुकूल है। इसलिए आप सभी इस प्रक्रिया को अपनाएं और स्वयं गणना करें। विधायक मूलचंद शर्मा ने नागरिकों से विशेषकर युवाओं और शिक्षाविदों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की कि वे अपने मोबाइल या कंप्यूटर सिस्टम के माध्यम से इस पहल का हिस्सा बनें और सरकार की इस पहल का लाभ उठाएं। इस अवसर पर जनगणना निदेशालय की तरफ से जिला जनगणना समन्वय अधिकारी प्रशांत शर्मा, पीआरओ जोगेंद्र रावत, सुप्रीडेंट ओमप्रकाश रावत और कर्मचारी मौजूद रहे।

पंजाबी ब्राह्मण सभा फरीदाबाद द्वारा भगवान परशुराम जयंती मनाई

## भगवान परशुराम का जीवन सत्य, साहस और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक : सीमा त्रिखा

**फरीदाबाद।** पंजाबी ब्राह्मण सभा फरीदाबाद द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जयंती सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी कालोनी फरीदाबाद स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्था के चेयरमैन अश्वनी त्रिखा, वाइस चेयरमैन राजन ओझा, हरीश ऋषि, सुरेन्द्र शर्मा सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर दिल्ली से आई भजन मण्डली ने भगवान परशुराम के भजनों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुबह कार्यक्रम का



शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। सभी आए हुए श्रद्धालु ने यज्ञ में आहूर्ति डाली। इस अवसर पर संस्था के प्रधान गणेश शर्मा ने मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा त्रिखा सहित अन्य अतिथियों का सरोपा व शाल भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष पुष्पमाला अर्पित कर नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपसी सौहार्द को मजबूती मिलती है। भगवान परशुराम का जीवन सत्य, साहस और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है। आज के समय में हमें इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए भण्डारे का भी आयोजन किया गया था।

गहलोत एक मिलनसार और जिंदादिल इंसान थे

## हरियाणा सरकार के मंत्री कृष्ण लाल पंवार जी ने स्व. चौ. गोपीचंद गहलोत जी को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा सरकार के कद्दावर मंत्री कृष्ण लाल पंवार जी ने आज डीपीजी आईटीएम इंजिनियरिंग कॉलेज के परिसर में पहुंचकर पूर्व डिप्टी स्पीकर स्व. चौ. गोपीचंद गहलोत जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार का कुशल क्षेम पूछा। 20 अप्रैल को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वह समय की कमी के कारण नहीं पहुंच पाए थे। पंवार जी ने कहा कि गहलोत जी के निधन से हम सभी को दुख पहुंचा है। वह एक मिलनसार और जिंदादिल इंसान थे। समाज के प्रत्येक वर्ग की सेवा का भाव उनके तन मन में बसता था। मुझे स्वयं उनके साथ कार्य करने का अवसर मिल था, उनका विनम्र स्वभाव और जनहित के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। पंवार जी ने स्व. गहलोत जी के पुत्रों बिजेन्द्र गहलोत एवं एडवोकेट सुरेन्द्र गहलोत को आश्वासन एवं ढाँढस बधाते हुए कहा जब हम अपने जीवन में अपने सबसे प्यारे व्यक्ति को खो देते हैं तो समय थमा हुआ सा प्रतीत होता है। लेकिन यह जरुरी है कि आप खुद को संभालें साथ में परिवार को भी संभालकर रखें। समय के साथ बाकी का कार्य हौसलों के साथ शुरू करें, ताकि उनकी आत्मा को सुकून मिले और वो स्वर्ग में शांति से विराजें।

### बिल गिराकर जश्न मनाना अनुचित और निंदनीय : राजबाला

**फरीदाबाद।** भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा राजबाला सरधाना ने कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन बिल को गिराने के बाद कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा कथित रूप से जीत का जश्न मनाना, खुशी जाहिर करना, सर्वथा अनुचित और निंदनीय है समय से लंबित अधिकार को बाधित करना और फिर उसे किसी राजनीतिक जीत के रूप में प्रस्तुत करना, देश की आधी आबादी की भावनाओं और उनके अधिकारों के साथ अन्याय है।

पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

## 19वीं मंजिल से महिला नीचे खड़ी कार पर गिरी, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद





इंदिरापुरम के अहिंसाखंड स्थित ट्राइन टावर सोसायटी की 29वीं मंजिल से एक 65 वर्षीय महिला 19वीं मंजिल से कूद गई। वह नीचे कार पर जा गिरी। गिरकर वसुंधरा सेक्टर 15 निवासी फूलवती (65) नामक इस महिला की मौत हो गई। वह नीचे खड़ी कार पर गिरीं। हादसा 22 अप्रैल की तड़के करीब 3 बजे का है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। बुजुर्ग महिला के मानसिक तनाव में होने की बात सामने आई है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि फूलवती वसुंधरा सेक्टर 15 में अपने बेटे के साथ रहती थीं। ट्राइन टावर सोसायटी में उनके बेटी भावना अपने पति के साथ रहती हैं। 19 अप्रैल को वह बेटी की शादी की सालगिरह मनाने आई हुई थीं। तब से यहीं ठहरी थीं। बुधवार तड़के वह 29वीं मंजिल से नीचे गिर खड़ी एक कार पर गिर गईं। नीचे गिरने और कार के टूटने की आवाज से सुरक्षागार्ड वहां पहुंचे तब उन्होंने सभी को सूचना दी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि महिला के पति की कुछ समय पहले मौत हो गई थी। तब से वह मानसिक तनाव में थीं। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था। हालांकि समझाने के बाद वह मान गए। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

राज्य सब जूनियर बालक एवं बालिका शूटिंग बॉल टूर्नामेंट

## गाजियाबाद-मुजफ्फरनगर को हराकर बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

45वीं उत्तर प्रदेश राज्य सब जूनियर बालक एवं बालिका शूटिंग बॉल टूर्नामेंट (जोन 1) का आयोजन एस.डी. पब्लिक स्कूल, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद के खेल मैदान पर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग बॉल फेडरेशन के फाउंडर चौधरी धर्मपाल सिंह ने किया । शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के चैयरमैन अजय पाल प्रमुख ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । बालिका वर्ग में गाजियाबाद ने मुजफ्फरनगर को 21-15, 21- 16 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुजफ्फरनगर दूसरे और गौतम बुध नगर तीसरे स्थान पर रहे। बालक वर्ग में गाजियाबाद ने मुजफ्फरनगर को 21-14, 21-9 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुजफ्फरनगर दूसरे और शामली जनपद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एशियाई शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र सिंह तोमर ने स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कार प्रदान किए इस अवसर पर पवन कुमार, राहुल कुमार, मंजीत, अभय, अंजली यादव, विद्या राजपूत, कमल मौर्य, अभय कुमार व जतिन उपस्थित रहे। बालक एवं बालिका वर्ग में पहले तीन स्थानों पर आने वाली टीम 2 से 3 मई 2026 तक वाराणसी में आयोजित होने वाली 45वीं उत्तर प्रदेश राज्य सब जूनियर बालक एवं बालिका शूटिंग बॉल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी।

डिजिटल तरीके से नया रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव

## एटीएसएल के प्रिज्म प्लेटफार्म से आएगी पारदर्शिता डिजिटल फ्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषिणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




एक्सिस बैंक की सहायक कंपनी एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड (एटीएसएल) ने प्रिज्म नाम का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा की है। जिसका उद्देश्य ग्राहकों के साथ जुड़ाव को बेहतर बनाना, सेवाओं को अधिक सरल और तेज बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और बाजार में कामकाज को तेज व अधिक प्रभावी बनाना है।

यह लॉन्च एक्सिस ट्रस्टी के फिनटेक आधारित ट्रस्टी बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्लेटफॉर्म का शुभारंभ एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी और एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ राहुल चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि यह लॉन्च डिजिटल नवाचार और बदलाव को आगे बढ़ाने के प्रति समूह की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सीईओ राहुल चौधरी ने कहा कि प्रिज्म हमारे ट्रस्टी सेवाओं को डिजिटल तरीके से नया रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। जैसे-जैसे वित्तीय बाजार बदल रहे हैं, ट्रस्टी की भूमिका भी पारंपरिक निगरानी से आगे बढ़कर ग्राहकों के लिए एक अधिक जुड़ा हुआ और जानकारी-आधारित साझेदार बनने की ओर बढ़ रही है। प्रिज्म के माध्यम से हम प्रक्रियाओं को सरल बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और सभी हितधारकों के लिए सेवाओं को अधिक सहज और प्रभावी बनाना चाहते हैं।

शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय पदार्थों से बनाए दूरी


आम लोगों के लिए प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की

# सावधान:44 डिग्री तक पहुंच सकता है पारा, दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें

- वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलायें, बीमार, मजदूर, दुर्बल, एवं निराश्रित लोग अधिक हीटवेव लू से बचा
- सूती वस्त पहने, परेशानी होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गर्मी लगातार बढ़ रही है। साथ ही लू भी चल रही है। ऐसे में गर्मी व लू से बचना किसी चुनोती से कम नहीं है। जिला प्रशासन भी इसको लेकर सक्रिय हो गया है। जिसके चलते जिला प्रशासन ने आम लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है।




अपर जिलाधिकारी सौरभ भट्ट ने बताया कि मौसम विभाग की ओर से जारी की गयी एडवाइजरी के अनुसार जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 05 दिनों तक प्रदेश में उष्ण लहर/लू चलने की सम्भावना के दृष्टिगत जनपद का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से उपर जाने की सम्भावना व्यक्त की है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जनपद गाजियाबाद में 44.48 डिग्री सेल्सियस तापमान होने पर हीटवेव घोषित किया गया है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार उष्ण-लहर (लू-प्रकोप) होने की सम्भावना व्यक्त की गयी है। साथ ही आम जनमानस को यह भी बताया जाना आवश्यक है कि उच्च आद्रता तथा वायुमण्डलीय परिस्थितियों के कारण उच्च तापमान लोगों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है।

### *हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु क्या न करें*

*भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें। उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड षीतल पेय पदार्थों का सेवन करने से बचें क्योकि ये शरीर को निर्जलित करतें हैं। दोपहर में जब दिन का तापमान अधिक हो उस दौरान खाना पकाने से बचें। रसोई घर को हवादार बनाये रखने के लिये खिडकी व दरवाजे खुले रखें।*

### *हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु क्या करें*

*कड़ी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें। हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपडें पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें. कपडे टोपी या छाता का उपयोग करें। पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीतें रहें। सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें। खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल, नारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छांछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थों को इस्तेमल करें। रेडियो, टीवी और समाचार पत्रो के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें। कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें। अपने घर को ठंडा रखे, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करे।*

वादों का होगा सुलह के आधार पर निस्तारण

## गाजियाबाद जिला न्यायालय में 9 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

आगामी 9 मई को जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी, जिसमें वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण होगा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नेहा बनौधिया ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 09 मई शनिवार को समय प्रातः 10.00 बजे स्थान जिला एवं सत्र न्यायालय, कचहरी गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जनपद गाजियाबाद में जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद विनोद सिंह रावत के निर्देशन में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, वादकारी दीवानी, फौजदारी के लधु मामले, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, बैंक रिकवरी, मोटरयान चालान, पारिवारिक विवाद, उत्तराधिकार वाद एवं दाम्पत्य विवादों के प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण हेतु वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते है।

# वायु गुणवत्ता में सुधार दिल्ली सरकार की प्राथमिकता : सिरसा

## आईआईटी दिल्ली करेगा डीपीसीसी की सुपर–साइट को रीबूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में वायु गुणवत्ता में सुधार दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है, और यह प्रस्तावित स्टडी इस दिशा में एक मजबूत साइंटिफिक सपोर्ट देगी। यह स्टडी सरकार को यह समझने में मदद करेगी कि पॉल्यूशन का सोर्स क्या है, कौन से फैक्टर्स इसे बढ़ा रहे हैं, और कौन से कदम ग्राउंड पर असर दिखा रहे हैं। मंत्री सिरसा ने बताया कि दिल्ली सरकार एयर पॉल्यूशन से निपटने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। आईआईटी दिल्ली के नेतृत्व में एक एडवांस्ड, रियल-टाइम सोर्स अपॉर्शनमेंट स्टडी शुरू करने की तैयारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पर्यावरण मंत्री सिरसा की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में आईआईटी दिल्ली के वैज्ञानिकों की टीम ने यह विस्तृत प्रस्ताव रखा, जिसमें दिल्ली के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम को मजबूत करने के लिए साइंस-बेस्ड रोडमैप दिया गया।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने रियल-टाइम सोर्स अपॉर्शनमेंट स्टडी के त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश दिए और बताया कि आईआईटी दिल्ली डीपीसीसी की सुपर-साइट को रीबूट करेगा। रियल-टाइम सोर्स अपॉर्शनमेंट स्टडी में पीएम 10 पर विशेष फोकस, ताकि डेटा आधारित फैसले लिए जा सकें।




## खबर संक्षेप

### ‘हम सब पृथ्वी की रक्षा की ज़िम्मेदारी निभाने का लें प्रण’

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बुधवार को कहा कि इस पृथ्वी दिवस पर, आइए हम अपने लोगों और अपने घर की रक्षा करने की अपनी साझा ज़िम्मेदारी को फिर से दोहराएँ। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों को पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लेने के लिए प्रोत्साहित किया। एलजी ने कहा कि पृथ्वी दिवस पर हम सब अपने घर व पृथ्वी की रक्षा की अपनी साझा ज़िम्मेदारी निभाने का प्रण लें। एलजी ने जोर दिया कि धरती केवल हमारा घर नहीं है, बल्कि इसकी रक्षा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी भी बनती है। उन्होंने कहा कि इस साल की थीम, हमारी शक्ति, हमारा ग्रह, हमें याद दिलाती है कि हमारी सबसे बड़ी ताकत एक स्वच्छ, हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में मिलकर काम करने में निहित है।

### डीएमआरसी ने आईसीएआर-आईएआरआई से किया समझौता

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर- आईएआरआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। आईसीएआर-आईएआरआई के निदेशक डॉ. सी.एच. श्रीनिवास राव और डीएमआरसी के निदेशक इंफ्रास्ट्रक्चर मनुज सिंघल की मौजूदगी में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस बारे में डीएमआरसी कॉर्पोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि समझौते का मूल उद्देश्य एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू करना है, जिसका लक्ष्य चुनिंदा जगहों पर हरियाली और सुंदरता को बढ़ाना है। इन जगहों में सेंट्रल वर्ज, स्टेशन के ढांचों के नीचे के इलाके और मेट्रो कॉरिडोर के किनारे की अन्य उपयुक्त जगहें शामिल हैं।

### द्वारका में दर्जनों कॉलोनियों में रहेगी पानी की किल्लत

**नई दिल्ली।** द्वारका क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा पेयजल आपूर्ति की बड़ी मुख्य लाइन फटने से संबंधित लाइन की दर्जनों कॉलोनियों में पानी की किल्लत रहने की घोषणा की गई है। डीजेबी ने कहा है कि डीडीए पार्क, काली बस्ती उत्तम नगर टर्मिनल के पास मौजूदा 1200 एमएम व्यास वाली द्वारका मुख्य जल लाइन के कटने और नई बिछाई गई 1000 एमएम व 700 एमएम व्यास वाली मुख्य जल लाइनों के चालू होने के कारण 24 अप्रैल शुक्रवार को जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

## शालीमार बाग में मुख्यमंत्री ने किया वॉटर एटीएम का उद्घाटन

# हर घर तक शुद्ध पानी पहुंचाना हमारा संकल्प : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि राजधानी के हर क्षेत्र और हर घर तक साफ पीने का पानी पहुंचे। वॉटर एटीएम इस दिशा में एक अहम कदम हैं, और हमारी सरकार लोगों को सस्ता, आसान और अच्छी गुणवत्ता वाला पेयजल उपलब्ध कराएंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में वॉटर एटीएम का उद्घाटन करने के बाद मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वॉटर एटीएम को आम लोगों के लिए शुरू किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एयू ब्लॉक (एकता कैंप, पीतमपुरा), सोम बाजार रोड (आयुर्वेदिक अस्पताल के सामने, हैदरपुर), एए सेवा बस्ती (फोर्टिस अस्पताल के पास) और सीए ब्लॉक सेवा बस्ती (शालीमार बाग) में लगाए गए वॉटर एटीएम का उद्घाटन किया। बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।




■ पांच स्टेज आरओ वॉटर एटीएम से हर घंटे मिलेगा 2000 लीटर शुद्ध पेयजल

### लोगों को वॉटर एटीएम कार्ड भी किए वितरित

इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों को वॉटर एटीएम कार्ड भी वितरित किए ताकि वे आसानी से साफ पीने का पानी ले सकें। इन सभी वॉटर एटीएम में आधुनिक 5-स्टेज आरओ सिस्टम लगाया गया है, जो हर घंटे करीब 2,000 लीटर शुद्ध पानी देने में सक्षम है। यह पहल खासतौर पर घनी आबादी वाले इलाकों में रहने वाले लोगों को साफ और सुरक्षित पानी उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# घोषणाओं से नहीं, लोगों की समस्याओं को हल करने से होता है विकास : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

‘विकास केवल घोषणाओं से नहीं होता, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं को हल करने से होता है। चाहे वह जलभराव हो, ट्रैफिक हो या पानी और सीवर जैसी बुनियादी सुविधाएं-हमारा लक्ष्य जमीनी स्तर पर वास्तविक बदलाव लाना है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्युडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बुधवार को पालम और निलोठी क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद यह जानकारी साझा की। उन्होंने इसे जमीनी स्तर पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

इन परियोजनाओं में जल निकासी, सड़क संपर्क और जल एवं सीवर सेवाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। इन कार्यों के अंतर्गत पालम लिंक ड्रेन के तटबंधों को मजबूत करना, पालम क्षेत्र में चार आरसीसी बॉक्स कलवर्ट पुलों का निर्माण, तथा निलोठी के पास कनेक्टिविटी सुधार के लिए एक नए डबल-लेन पुल और नजफगढ़ ड्रेन के साथ सड़क का पुनःनिर्माण शामिल है। इसके अतिरिक्त, लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत से दिल्ली जल बोर्ड की एक महत्वपूर्ण परियोजना भी शुरू की गई है, जिसके तहत महावीर एन्क्लेव, रामफल चौक, मधु विहार और साध नगर में नई पानी और सीवर लाइनों का विस्तार किया जाएगा। इससे इन घनी आबादी वाले क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही पानी और स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं का समाधान होगा।



■ प्रवेश साहिब सिंह ने पालम और निलोठी में जल निकासी, कनेक्टिविटी और जल आपूर्ति से जुड़े अहम परियोजनाओं का किया उद्घाटन

मंत्री प्रवेश ने बताया कि ये सभी परियोजनाएं मिलकर आम लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं- जैसे जलभराव, ट्रैफिक जाम और बुनियादी सुविधाओं की कमी- को दूर करने में अहम भूमिका निभाएंगी। पालम लिंक ड्रेन को मजबूत करने से मानसून के दौरान बाढ़ और ओवरफ्लो की समस्या में कमी आएगी। वहीं, नए बनाए गए कलवर्ट पुलों से स्थानीय आवागमन आसान होगा और क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

# समाज को एकजुटता की दिशा में आगे बढ़ना होगा : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

समाज को विभाजनकारी सोच से ऊपर उठकर एकजुटता की दिशा में आगे बढ़ना होगा। दिल्ली विश्वविद्यालय के बवाना स्थित अदिति कॉलेज ऑडिटोरियम में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार के समाज कल्याण एवं एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने यह संबोधन दिया।

मंत्री ने कहा कि ‘शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहो’ का संदेश किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए है। उन्होंने ‘जय भीम’ के वास्तविक अर्थ को समरसता, समानता और सामाजिक न्याय से जोड़ते हुए यह बात कही। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय के चीफ विजिलेंस ऑफिसर प्रो. गजेंद्र सिंह, दिल्ली स्कूल ऑफ सोशल वर्क के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय रॉय, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीलम राठी सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।




# सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में बार-बार ठप्प हो रही है एक्स-रे मशीन, मरीजों को हो रही भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार अपने दावों में भले ही स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर अपनी पीठ थपथपा रही है लेकिन दिल्ली देहात के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराने लगी हुई है और फिर से यह अस्पताल एक बार फिर अपनी बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर सवालों के घेरे में है।

अस्पताल में पिछले एक महीने के भीतर तीन बार एक्स-रे मशीन खराब होने की घटना सामने आई है, जिससे यहां आने वाले हजारों मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। वहीं, जानकार बताते हैं कि मशीन बहुत पुरानी है और मरीजों का भार अधिक है। जिसके कारण मशीन तकनीकी रूप से खराब हो जाती है। जानकारी के अनुसार अस्पताल में प्रतिदिन करीब 2000 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें से लगभग 10 प्रतिशत मरीजों को डॉक्टर एक्स-रे कराने की सलाह देते हैं, लेकिन जब मरीज एक्स-रे कक्ष तक पहुंचते हैं तो उन्हें मशीन खराब होने का हवाला देकर लौटा दिया जाता है। बताया जाता है कि पिछले करीब एक माह में ऐसा कई बार हो चुका है और मजबूरी में गरीब और जरूरतमंद मरीजों को निजी लैब्स का रुख करना पड़ता है, जहां उन्हें अपनी जेब से पैसे खर्च करने पड़ते हैं। वहीं, जागरूक नागरिकों का कहना है कि दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह को यहां के हालातों को देखते हुए जनहित में अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण करना चाहिए।



### मशीन खराब होने के बाद भी नहीं हो रहा स्थायी समाधान

स्थानीय लोगों का आरोप है कि दिल्ली सरकार और अस्पताल प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। बार-बार मशीन खराब होने के बावजूद न तो स्थायी समाधान किया जा रहा है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सवाल यह भी उठता है कि आखिर इतनी महत्वपूर्ण मशीन की नियमित मेंटेनेंस क्यों नहीं हो रही, जबकि अस्पताल पर मरीजों का भारी दबाव रहता है।

### रेखा सरकार जल्द दे सकती है उपभोक्ताओं को महंगी बिजली का झटकाः यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार बिजली कम्पनियों के हजारों करोड़ के ऋण की वसूली बिजली उपभोक्ताओं से करके दिल्लीवालों को महंगी बिजली का 440 वोल्ट का झटका देने की तैयारी कर रही है। यादव ने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता जल्द बिजली की बढ़ी दरों को सहमति देने वाली है। क्योंकि बिजली अपीलेट ब्यूनल (एपीटीईएल) ने दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) की उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें डीईआरसी ने 38 हजार 500 करोड़ की बकाया राशि बिजली वितरण कम्पनियों-डिस्कॉम से वसूली करने का समय मांगा था। ताकि बिजली उपभोक्ताओं पर बिजली दरें बढ़ने का दबाव न पड़े। लेकिन दिल्ली सरकार की निष्क्रियता के कारण सरकार के नियंत्रण वाली बिजली अपीलेट ट्रिब्यूनल ने सुप्रीम कोर्ट के अगस्त 2025 के आदेश बिजली कम्पनियां से पुराना बकाया 4 साल की अवधि में वसूला जाए। जबकि डीईआरसी ने इसकी अदायगी के लिए 7 वर्ष देने की मांग की थी।

## आप ने स्थायी समिति के लिए पार्षद जलज चौधरी को बनाया प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा दिल्ली नगर निगम में महापौर के साथ स्थायी समिति का अध्यक्ष भी अपना बनाए और दिल्ली में कुछ काम करके दिखाए। एक बार फिर भाजपा के पास कोई बहाना नहीं होगा। पिछले साल तो दिल्लीवालों को निराश किया, लेकिन इस बार उम्मीदों पर खरा उतरे। निगम में नेता विपक्ष और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकुश नारंग ने बुधवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम में इस बार भी भाजपा को महापौर के साथ-साथ स्थायी समिति का अध्यक्ष बनने का खुला ऑफर दे दिया है। स्थायी समिति की खाली तीन सीटों में से सिर्फ एक सीट शालीमार बाग से पार्षद जलज चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। जलज चौधरी ने बुधवार को नामांकन भी दाखिल कर दिया ह। ‘आप’ एक और सीट पर प्रत्याशी उतार सकती थी लेकिन खरीद फरोख्त में विश्वास न करते हुए भाजपा के लिए मैदान खाली छोड़ दिया है।



अंकुश नारंग ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की चार इंजन की सरकार होने के बाद फिर इनके पास कोई बहाना नहीं होगा, पिछले साल तो निराश किया, इस बार लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरे। वहीं, एमसीडी सह-प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि पिछले 18 साल से एमसीडी में भाजपा की ही सरकार रही है, फिर भी एमसीडी की हालत बेहद खराब है।

### एलजी ने पहलगांव कांड की पहली बरसी पर किया शहीदों को याद

नई दिल्ली। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने पहलगांव में हुए नरसंहार की पहली बरसी पर बुधवार को मरनेवालों व पीड़ित परिवारों के प्रति नमन किया। एलजी ने सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हम एक साल पहले हुए पहलगाम के भीषण आतंकी हमले के पीड़ितों को याद करते हैं। उन्होंने लिखा कि आतंकवाद हमारी हिम्मत तोड़ने की कोशिश करता है, लेकिन वह केवल हमारे संकल्प को और मजबूत करने में ही सफल हुआ है। लोक निवास सचिवालय के अनुसार एलजी ने आतंकवाद को एक नासा बताया है।

## दिल्ली परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक के बाद परिवहन मंत्री ने दी जानकारी

# लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाएगी दिल्ली सरकार : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ड्राइवरों, कंडक्टरों और बस डिपो प्रबंधकों के सुझावों को रूट रेशनलाइजेशन प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। दिल्ली परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक के बाद दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को और ज्यादा मजबूत और बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार का परिवहन विभाग राजधानी को ग्रीन ट्रांसपोर्ट कैपिटल बनाने के अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। उन्होंने इंटीग्रेशन (समावेशी) और डेटा-आधारित योजना पर विशेष जोर दिया। परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि रूट रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया में आईआईटी दिल्ली द्वारा किए जा रहे विस्तृत रूट विश्लेषण के साथ ही जमीनी आकलन को शामिल करना बेहद जरूरी है।

### डीटीसी कर्मचारियों का अनुभव बेहद महत्वपूर्ण

मंत्री ने आगे कहा कि हमारे डीटीसी कर्मचारियों का अनुभव बेहद महत्वपूर्ण है, जिनकी विशेषज्ञता रूट रेशनलाइजेशन के अध्ययन को और अधिक बेहतर बनाएगी। इससे अधिक से अधिक यात्री पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर सकेंगे, जिससे सड़कों पर भीड़ और जाम की समस्या कम होगी और प्रदूषण में भी उल्लेखनीय कमी आएगी।



### आईआईटी दिल्ली का डीटीआईडीसी के साथ हुआ एमओयू

मंत्री ने बताया कि रूट रेशनलाइजेशन के लिए विस्तृत अध्ययन आईआईटी दिल्ली द्वारा डीटीआईडीसी के साथ हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत किया जा रहा है, जिससे दिल्ली के बस नेटवर्क को डेटा के आधार पर और ज्यादा बेहतर और प्रभावी बनाया जा सके। इस रूट रेशनलाइजेशन के तहत राजधानी दिल्ली के ईस्ट जोन में 121 रूट, वेस्ट ज़ोन में 181 रूट, नॉर्थ ज़ोन में 194 रूट शामिल हैं, जबकि साउथ ज़ोन में रूट रेशनलाइजेशन का काम जारी है।

# बिजली की मांग पहुंची छह हजार मेगावाट पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में इस गर्मी के सीजन में पहली बार बिजली की मांग छह हजार मेगावाट के पार पहुंच गई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली के अनुसार बुधवार को दिल्ली में दोपहर 3.30 बजे बिजली की अधिकतम मांग का आंकड़ा 6020 मेगावाट दर्ज हुआ। जबकि मंगलवार को यह मांग 5665 मेगावाट दर्ज हुई थी। आंकड़ों के अनुसार एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग में 350 मेगावाट से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। मौसम की भविष्यवाणी के अनुसार आने वाले दिनों में यह आंकड़ा तेजी से बढ़ सकता है। बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही गत कई दिनों से राजधानी में बिजली कटौती भी देखने को मिल रही है। इनमें बुराड़ी गांव , प्रधान एंक्लेव, जहांगीरपुरी, भलस्वा डेयरी, इब्राहिमपुर गांव, पल्ला, अलीपुर, नरेला, भोरगढ़, कुरैनी गांव, खेड़ा खुर्द, होलंबी कलां, मंगोलपुरी, सुल्तानपुरी, नांगलोई। नजफगढ़, गोयला डेयरी, द्वारका के कई सेक्टर, बिजवासन, पौचनपुर, मंगलापुरी, पालम, बदरपुर, खानपुर देवली, आली गाँव, रजोकरी, भोगल, पटपटगंज, सीमापुरी, नंदनगरी, शाहदरा, बलजीत नगर, करावल नगर, सीलमपुर, सबौली आदि क्षेत्र शामिल है। लोगों का कहना है कि जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है बिजली कटौती भी बढ़ने लगी है। वहीं दूसरी तरफ निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस व टाटा पावर डीडीएल का दावा है कि बेशक मांग में इजाफा हो रहा है।

शरीर के भीतर कोई बीमारी पनप रही है, इसकी जांच के लिए अलग-अलग टेस्ट तो किए ही जाते हैं। लेकिन अगर ध्यान दें तो आंखों से भी कई तरह के हेल्थ इंडिकेशंस मिल सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

## आंखें देती हैं हेल्थ इंडिकेशंस




एलर्टनेस
डॉ. मधुस्मिता बेहेरा
नेत्र रोग विशेषज्ञ


हमारी आंखें, शारीरिक स्वास्थ्य की खिड़की जैसी होती हैं। इसलिए सेहत पर नजर रखने के लिए समय-समय पर नेत्र रोग विशेषज्ञ को जरूर दिखाते रहें। आंखों के पिछले हिस्से यानी रेटिना से चिकित्सक को आपकी नर्व्स और ब्लड वेसल्स का हाल पता चल जाता है। इनका बारीकी से मुआयना करने पर कई खतरनाक रोगों का शुरुआती चरण में ही पता चल जाता है, जिससे समय पर इलाज शुरू करवा कर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

**ब्रेन हेल्थ:** आंखों की पुतली और ऑप्टिक नर्व सीधे मस्तिष्क से जुड़ी होती हैं, जिससे ट्यूमर या अल्जाइमर जैसी स्थितियों का संकेत मिल सकता है। आंखों के पीछे रेटिना में वसा और कैल्शियम के छोटे जमाव अल्जाइमर रोग का संकेत हो सकते हैं। शोध के अनुसार, दृष्टि में बदलाव डिमेंशिया के निदान से कई साल पहले आ सकते हैं।

**ब्रेन ट्यूमर:** आंखों की जांच के दौरान ऑप्टिक नर्व (दृष्टि तंत्रिका) में सूजन या दबाव का पता चल सकता है, जो मस्तिष्क में ट्यूमर का संकेत हो सकता है।

**हृदय रोग:** पलकों के आस-पास वसा जमा होना या रक्त वाहिकाओं की स्थिति हृदय संबंधी जोखिमों को दर्शा सकती है। फ्लोरिडा (अमेरिका) की नोवा साउथ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ ऑप्टोमेट्री आई केयर इंस्टीट्यूट के एसोसिएट प्रोफेसर और नेत्र रोग विशेषज्ञ जोसेफ पिजिमेंटी कहते हैं कि हम आंखों के चेकअप से ब्रेन ट्यूमर और ब्रेस्ट कैंसर से लेकर लंग्स कैंसर तक का पता लगा सकते हैं जिनका प्रभाव आंखों तक पहुंच जाता है। नेत्र रोग विशेषज्ञ मरीज की दृष्टि में आए परिवर्तन की जांच करके ब्रेन ट्यूमर की आशंका का पता लगा सकते हैं।

**डायबिटीज:** टाइप 2 डायबिटीज के शुरुआती संकेतों में से एक है रेटीना में मामूली मात्रा में ब्लीडिंग होना, जो डायबिटिक रेटीनोपैथी का लक्षण है। इसका समय पर इलाज शुरू न किया जाए, तो मरीज अपनी दृष्टि पूरी तरह खो सकता है। डायबिटिक रेटिनोपैथी का शुरुआती चरण में पता चल जाए तो जीवनशैली में बदलाव लाकर, पौष्टिक भोजन के माध्यम से और वजन घटाकर दृष्टिहीनता के खतरे को कम किया जा सकता है।

**उच्च रक्तचाप:** न्यूयॉर्क (अमेरिका) की विल कोर्नेल मेडिकल कॉलेज में ऑफ्थेल्मोलॉजी की प्रोफेसर जेसिका सिराल्सकी कहती हैं, ब्लड वेसल्स को पहुंची क्षति, धमनियों में सिकुड़न और उनका कमजोर होना आदि उच्च रक्तचाप की निशानी हो सकते हैं। अमेरिकन जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक रेटीना की छोटी ब्लड वेसल्स का संकरा होना हार्ट डिजीज का संकेतक हो सकता है।

**मल्टीपल स्क्लेरोसिस:** अमेरिकन ऑप्टोमेट्रिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मिटशेल मुनसोन बताते हैं कि ऑप्टिक नर्व का इनफ्लेमेशन यानी ऑप्टिक न्यूराइटिस, मल्टीपल स्क्लेरोसिस का शुरुआती लक्षण हो सकता है। मल्टीपल स्क्लेरोसिस के 75 फीसदी मरीजों में ऑप्टिक न्यूराइटिस होता है। लेकिन ऑप्टिक न्यूराइटिस का मतलब यह जरूरी नहीं कि मरीज को एमएस डिजीज भी हों, यह किसी अन्य कारण से भी हो सकता है।

**रूमेटाइड आर्थराइटिस:** विशेषज्ञ बताते हैं कि रूमेटाइड आर्थराइटिस के 25 फीसदी मरीजों में आंखों की समस्या भी पाई जाती है। जिनमें ड्राई आइज की समस्या सबसे आम है। अगर किसी मरीज की आइरिस में साल में दो बार दर्द और इन्फ्लेमेशन की शिकायत हो, तो उसमें रूमेटाइड आर्थराइटिस की संभावना होती है।

कहने का सार है कि आपको अपनी आंखों की रेग्युलर जांच करानी चाहिए। *

प्रस्तुति: अंजू जैन


हेल्थ सजेशन
शिखर चंद जैन


सभी हेल्थ एक्सपर्ट्स का यह मानना है कि स्वस्थ-निरोगी तन और दीर्घायु जीवन रातों-रात प्राप्त नहीं किया जा सकता है। बल्कि यह हमारे रोजमर्रा की जीवनशैली में शामिल छोटी-छोटी अच्छी आदतों का परिणाम होता है। आपकी जीवनशैली और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधा संबंध होता है। आधुनिक विज्ञान यह साबित कर चुका है कि हमारी दैनिक आदतें हमारे जीन से भी ज्यादा प्रभावशाली हो सकती हैं। वैज्ञानिक शोधों के आधार पर यहां 10 ऐसी हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपका अच्छा स्वास्थ्य तय करते हैं। यानी इन सूत्रों पर अमल करके आप स्वस्थ और ऊर्जावान बने रह सकते हैं।

स्वस्थ, ऊर्जावान और दीर्घायु जीवन की कामना लगभग सभी लोग करते हैं। लेकिन इसके लिए अपनी जीवनशैली में किन बातों को अमल में लाना जरूरी होता है, इस बारे में कम लोग ही जानते हैं। विभिन्न अध्ययनों पर आधारित हम यहां दस ऐसे कारगर सूत्रों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप लंबे समय तक स्वस्थ, ऊर्जावान जीवन जी सकते हैं।

## 10 स्वस्थ जीवन के लिए अपनाएं सरल-कारगर सूत्र



### प्लांट-बेस्ड डाइट को अपनाएं

दुनिया में मौजूद 'ब्लू जोन' (जहां रहने वाले लोग सबसे ज्यादा जीते हैं) पर किए गए अध्ययनों से पता चला है कि फल, सब्जियां और साबुत अनाज आधारित भोजन, कैंसर और हृदय रोगों को दूर रखता है। इसके लिए आपके भोजन की थाली का आधा हिस्सा फलों और सब्जियों से भरा होना चाहिए। साबुत अनाज (ओट्स, ब्राउन राइस) और बींस (दालें, मटर, लोबिया) को भी अपने आहार में शामिल करना लाभकारी होता है। पशु उत्पादों (मांस, डेयरी) को अपने आहार में कम शामिल करें, पूरी तरह बंद करना अनिवार्य नहीं है। प्रोसेस्ड फूड के सेवन से बचें और साबुत खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें।

### सर्केडियन रिदम रखें सही

सर्केडियन रिदम यानी शरीर की आंतरिक 24 घंटे एक्टिव रहने वाली घड़ी। यही हमारे सोने-जागने, हार्मोन स्तर, मेटाबॉलिज्म और तापमान को नियंत्रित करके स्वास्थ्य को बनाए रखती है। यह रात में मेलाटोनिन जारी कर अच्छी नींद, दिन में ऊर्जा और शरीर को रिपेयर करने में मदद करती है, जिससे तनाव कम होता है और शुगर/बी.पी. जैसी बीमारियों का जोखिम घटता है। शोध बताते हैं कि शरीर की आंतरिक घड़ी के अनुसार जागना और सोना मेटाबॉलिज्म को ठीक रखता है। समय पर सोने से हृदय रोग और डायबिटीज का खतरा कम होता है।



### तनाव प्रबंधन है बहुत जरूरी

अच्छे जीवन के लिए तनाव प्रबंधन भी जरूरी है। तनाव प्रबंधन, शरीर में कोर्टिसोल के स्तर को कम करके, रक्तचाप को नियंत्रित रखकर और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखता है। नियमित व्यायाम, पौष्टिक भोजन, पर्याप्त नींद और योग/ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन किया जा सकता है। यह अनिद्रा और थकान को दूर करता है, जिससे हृदय रोग और पुरानी बीमारियों का जोखिम कम होता है। लंबे समय तक तनाव रहने से 'कार्टिसोल' नामक हार्मोन का स्तर बढ़ता है। रिसर्च कहती है कि ध्यान और योग क्रॉनिक इंफ्लेमेशन को कम करते हैं।

### अच्छी हो नींद की गुणवत्ता

'नेशनल स्लीप फाउंडेशन' के अनुसार, डेली 7-9 घंटे की गहरी नींद मस्तिष्क से विषाक्त पदार्थों को साफ करती है, जिससे अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। अच्छी नींद की गुणवत्ता शारीरिक मरम्मत, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन के लिए अनिवार्य है। यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है, तनाव वाले हार्मोन के स्तर को कम करती है, याददाश्त बढ़ाती है और वजन प्रबंधन में मदद करती है। बिना रुकावट वाली गहरी नींद, आपको ऊर्जावान बनाए रखने और पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने के लिए भी जरूरी है।

### सक्रिय जीवनशैली को अपनाएं

अच्छी हेल्थ के लिए सक्रिय जीवनशैली भी बहुत मायने रखती है। 'हार्वर्ड हेल्थ' (हार्वर्ड मेडिकल स्कूल) के अनुसार, रोजाना 30 मिनट की वॉकिंग दीर्घायु होने में सहायक हो सकती है। व्यायाम न केवल वजन घटाता है, बल्कि एंडोर्फिन नामक हार्मोन जारी करता है, जो मानसिक स्वास्थ्य सुधारता है। सक्रिय जीवनशैली, हृदय के स्वास्थ्य, वजन नियंत्रण और मानसिक मजबूती बढ़ाकर शरीर को स्वस्थ रखती है। यह हृदय रोगों, मधुमेह और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम करती है। इसके साथ ही मांसपेशियों/ हड्डियों को मजबूत बनाकर जीवन प्रत्याशा में वृद्धि भी करती है।



### सामाजिक जुड़ाव है बहुत जरूरी

'हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट' (करीब 80 साल तक चली स्टडी) में पाया गया कि अच्छे रिश्ते हमें खुश और स्वस्थ रखते हैं। अकेलापन, धूम्रपान जितना ही हानिकारक होता है। सामाजिक जुड़ाव मानसिक तनाव, अवसाद और चिंता को कम करके, दीर्घकालिक बीमारियों का जोखिम घटाकर और स्वस्थ व्यवहारों (जैसे व्यायाम, अच्छी नींद) को बढ़ावा देकर स्वास्थ्य में सुधार करता है। परिवार और दोस्तों के साथ मजबूत रिश्ते सकारात्मक भावनाएं, जीवन में उद्देश्य प्रदान करते हैं, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

### हाइड्रेशन लेवल ना हो कम

अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना भी आवश्यक होता है। ऐसा करना गुर्दे यानी किडनी की कार्यक्षमता और ऊर्जा के स्तर को बनाए रखता है। शोध बताते हैं कि सही मात्रा में हाइड्रेशन, त्वचा और पाचन के लिए भी अनिवार्य है। यह शारीरिक तापमान को नियंत्रित करता है, जोड़ों को चिकनाई प्रदान करता है, पोषक तत्वों का परिवहन करता है, ऊर्जा स्तर बनाए रखता है और पाचन में मदद करता है। रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से किडनी स्वस्थ रहती है और विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते रहते हैं।

### गट हेल्थ हो सही

अच्छी हेल्थ और गट हेल्थ के रिलेशन पर किया गया हालिया रिसर्च, 'गट-ब्रेन एक्सिस' पर जोर देता है। प्रो-बायोटिक्स और फाइबर युक्त भोजन हमारे इम्यून सिस्टम को 70-80 प्रतिशत तक नियंत्रित करते हैं। इसलिए गट हेल्थ पर ध्यान दिया जाना जरूरी है।

### नशीले पदार्थों से रहें दूर

प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल 'द लैंसेट' की रिपोर्ट के अनुसार, शराब, तंबाकू या किसी भी अन्य नशीले पदार्थ का सेवन किसी भी स्तर पर सुरक्षित नहीं है। यह सीधे तौर पर डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों की वजह बन सकता है। इसलिए स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए किसी भी नशीले पदार्थ का किसी भी रूप में सेवन हानिकारक हो सकता है। यहां बताई गई बातों को अपनी जीवनशैली में अपनाकर निश्चित ही आप स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जी सकते हैं। *

### स्क्रीन टाइम ना हो अनलिमिटेड



**अत्यधिक मोबाइल** का उपयोग मानसिक थकान और आंखों की समस्याओं की वजह बन सकता है। कई शोध बताते हैं कि आज के समय में डिजिटल डिटॉक्स जरूरी हो गया है। स्क्रीन एडिक्शन के बजाय नेचर के करीब समय बिताने से ब्लड प्रेशर तुरंत कम होता है। स्क्रीन का कम उपयोग दिमाग को शांत करता है, जिससे किसी काम में ध्यान (फोकस) बेहतर होता है। आंखों की सुरक्षा के लिए हर 20 मिनट के बाद 20 सेकेंड के लिए 20 फीट दूर देखने (20-20-20 नियम) से आंखों का सूखापन और तनाव कम होता है। स्क्रीन-मुक्त समय में टहलने, योग करने या हॉबी अपनाने से शारीरिक गतिविधि बढ़ती है और मोटापा कम होता है। भोजन के समय या बेडरूम में फोन का उपयोग न करने से परिवार और दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने का अवसर मिलता है, इससे आपको खुशी मिलती है।


डिजीज
डॉ. अनुराग अग्रवाल
क्लिनिकल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स, ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट
मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद


लगभग एक हजार बच्चों में से एक को हिप ज्वाइंट से जुड़ा डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया रोग होता है। इसमें बच्चे की मूवमेंट प्रभावित हो सकती है। समय पर ट्रीटमेंट न कराने पर प्रॉब्लम बढ़ सकती है। इस बारे में डिटेल में जानिए।

## डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप बच्चे के मूवमेंट को करता है प्रभावित

हाल ही में फिल्म एक्टर वरुण धवन की 2 साल की बेटी के एक फिजिकल प्रॉब्लम से उबरने की खबर सामने आई। उनकी बेटी डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप (डीडीएच) नामक विकार से जूझ रही थी, जो अब उपचार के बाद ठीक है।

**क्या है यह रोग:** डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप, बच्चों के हिप सॉकेट या कूल्हे के जोड़ में होने वाली विकृति है। इसे हिप डिसप्लेसिया भी कहा जाता है। जोड़ शरीर का वह हिस्सा होता है, जहां दो हड्डियां आपस में मिलती हैं। हिप का जोड़ जांघ की हड्डी (फीमर) और पेल्विस के बीच का जुड़ाव बिंदु होता है। डीडीएच में हिप का जोड़ नॉर्मल स्वस्थ जोड़े की तरह विकसित नहीं हो पाता और काफी उथला या ढीला हो जाता है। फीमोरल हेड बॉल (फीमर का ऊपरी भाग) पेल्विस में मौजूद हिप सॉकेट (एसीटैबुलम) में सही तरीके से फिट नहीं हो पाता और बाहर निकलने लगता है। जिसकी वजह से मरीज का हिप-लक्सेशन शुरू हो जाता है यानी हिप अपनी जगह से खिसक जाती है। जांघ के अंदरूनी हिस्से-ग्रोइन में सामान्य से ज्यादा गहरे स्किन-फोल्ड या क्रीज बन जाती हैं। पैर के बाहर की तरफ खोलने का मूवमेंट रुक जाता है। जिस पैर में यह दिक्कत होती है, वो पैर थोड़ा छोटा हो सकता है। बच्चे को हिप में अकड़न-सी महसूस होती है, मूवमेंट करने पर हिप के अंदर चटकने या क्लिक की आवाज आती है।

**क्या होता है असर:** डीडीएच डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो बचपन में ही हो जाता है। ध्यान न देने पर धीरे-धीरे समस्या बढ़ती जाती है। बच्चे को क्रॉनिक दर्द रहता है। उसके हिप के मूवमेंट बहुत कम हो जाते हैं। पैर छोटे-बड़े हो जाने पर बच्चे को चलने-फिरने में दिक्कत आती है। नजरअंदाज करने पर बड़े होने पर बच्चे को हिप ऑस्टिओअर्थराइटिस हो सकता है। यानी हिप खराब होने और चाल में स्थाई रूप से लंगड़ापन आने की संभावना रहती है। जबकि सही ढंग से उपचार होने पर बच्चा सामान्य जीवन जी सकता है।



**समस्या के कारण:** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं।

- आनुवांशिक, जेनेटिक फैक्टर्स की वजह से होता है।
- ब्रीच पाश्जीशन/उल्टे पैदा हुए बच्चे जो जन्म के समय सिर के बजाय हिप्स के माध्यम से पैदा होते हैं।
- प्री-मैच्योर पैदा हुए बच्चे।
- पैरेंट्स की गलत आदतें जैसे बच्चे को उठाते या सुलाते समय बच्चे के पैर सीधे करके हिप्स को चादर, टावल या कंबल से कसकर बांधना।

**किन्हें है खतरा:** लड़कियों में लड़कों की अपेक्षा 80 प्रतिशत मामले ज्यादा होते हैं। पहली संतान को ज्यादा खतरा रहता है।

**न करें नजरअंदाज:** पैरेंट्स को इसके कोई भी लक्षण नजर आएं, तो डॉक्टर से कंसल्ट कर उपचार कराना चाहिए। बच्चे का पैरों की लंबाई या जांघों के आस-पास ग्रोइन एरिया के स्किन-फोल्ड असमान दिखाई दें, हिप के आस-पास हाथ लगाने पर कोई आवाज सुनाई दे या हिप के मूवमेंट प्रॉपर न हों या मूवमेंट सामान्य से कुछ कम लगे।

**कैसे होता है डायग्नोज:** डीडीएच को कंफर्म करने के लिए डॉक्टर बच्चे का हिप एब्डेक्शन टेस्ट या बार्लोस-मैनुअल टेस्ट करते हैं। साथ ही हिप फीमर की स्थिति की जांच के लिए 4-6 महीने के बच्चे का अल्ट्रासाउंड और बड़े बच्चे का एक्स-रे टेस्ट भी कराया जाता है।



**क्या है उपचार:** इस रोग का उपचार बच्चे की उम्र और समस्या की गंभीरता पर निर्भर करता है। 6 महीने से छोटे बच्चे का हिप हाथ लगाने पर अगर अंदर की तरफ रिड्यूस हो रहा है, तो बच्चे को पेल्विक हार्नेस ब्रेस लगाया जाता है। जो बच्चे के हिप्स को बाहर की तरफ फैलाकर और घुटनों को मोड़कर रखता है। हिप पर प्रेशर पड़ने से धीरे-धीरे रिड्यूस होकर स्टेबल हो जाता है। पेल्विस में एसीटैबुलम सॉकेट सही पोजीशन में आ जाता है, जिसमें फीमर हेड आसानी से फिट हो जाता है। शुरू में ब्रेस पूरे टाइम के लिए लगाया जाता है, कुछ टाइम बाद सिर्फ रात को लगाने के लिए कहा जाता है। अगर बच्चा 6 महीने से बड़ा है और हिप सही पोजीशन में नहीं जा पा रहा हो तो ऐसी स्थिति में हिप-रिडक्शन सर्जरी की जाती है और कुछ समय के लिए हिप स्पाइका कास्ट प्लास्टर लगाया जाता है। इस तरह की सर्जरी से पहले हिप को रिड्यूस करके सही पोजीशन में लाया जाता है। कुछ समय बाद यह फिट हो जाता है।

**रखें ध्यान:** बच्चे को डीडीएच की समस्या से बचाने के लिए पैरेंट्स को यहां बताई जा रही बातों पर अमल करना जरूरी है।

- पैदा होने पर बच्चे के हिप्स को बहुत ज्यादा कसकर नहीं बांधें, ताकि बच्चा अपने घुटने को किक करने वाले मूवमेंट को आराम से कर सके।
- बच्चे के पैरों को लंबे समय तक जबरदस्ती सीधे करके नहीं रखें। हिप और घुटने का मूवमेंट होते रहना बहुत जरूरी है।
- बच्चे को उठाते समय ध्यान रखें कि बच्चा फ्रॉग और एम पोजीशन में रहे ताकि बच्चे का हिप्स और हिप सॉकेट एसीटैबुलम ठीक पोजीशन में हो।
- बच्चे को सीट पर बिठाते समय ध्यान रखें कि उसके घुटने-हिप्स के ऊपर हों।
- बच्चों के चलने-फिरने और फिजिकल ग्रोथ पर नजर रखें। किसी भी तरह की असामान्यता नजर आने पर यथाशीघ्र मेडिकल सलाह लें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा




## खबर संक्षेप

### यूपी में आज 10वीं-12वीं का रिजल्ट घोषित होगा

**लखनऊ।** आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं के परीक्षाफल जारी करने की तिथि और समय का एलान कर दिया है। नतीजे आज (23 अप्रैल) को शाम 4 बजे घोषित किए जाएंगे। इस वर्ष करीब 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया है। रिजल्ट की घोषणा होते ही छात्र वेबसाइट पर जाकर सबसे पहले अपना परिणाम देख सकेंगे।

### झगड़ा खत्म कराने गए युवक को ही मार डाला

**पटना।** बिहार के जमुई जिले में एक झगड़े को खत्म कराने गए युवक की ही हत्या कर दी गई। इस



हत्याकांड के बाद यहां लोग काफी आक्रोशित हो गए हत्याकांड के खिलाफ आक्रोश जताने के लिए सड़क पर उतर आए। बताया जा रहा है कि जमुई जिले के नगर परिषद क्षेत्र वार्ड संख्या 29, निमारंग निवासी 38 वर्षीय निर्मल सिंह की मौत के बाद बुधवार की सुबह इलाके में भारी आक्रोश देखने को मिला।

### खेत में अधजली महिला का शव मिला

**लखनऊ।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के सेमरा चन्द्रौली गांव में बुधवार सुबह एक अज्ञात महिला का



अधजला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव गांव के सिवान में बड़ी नहर के पश्चिम स्थित बंसवार निवासी राजाराम सिंह के खेत में पड़ा मिला। सुबह खेत की ओर गए ग्रामीणों ने शव देखकर इसकी सूचना ग्राम प्रधान के माध्यम से पुलिस को दी।

## शेखा झील पक्षी अभयारण्य भारत का 99वां रामसर स्थल घोषित

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ स्थित शेखा झील पक्षी अभयारण्य को रामसर स्थल घोषित करने की घोषणा की, जिससे भारत में ऐसे अभयारण्यों की कुल संख्या 99 और राज्य में 12 हो गई है। कल मंगलवार को भूपेंद्र यादव ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी देते हुए लिखा- "उत्तर प्रदेश ने देशभर के इस आंकड़े को 99 तक ले जाने का श्रेय प्राप्त कर लिया है शेखा झील पक्षी अभयारण्य (अलीगढ़, उत्तर प्रदेश) को रामसर स्थल घोषित करते हुए मुझे बेहद प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस घोषणा से स्थानीय आजीविका और वैश्विक जैव विविधता के साथ-साथ जल और जलवायु सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा और यह भारत की 99वीं वर्षगांठ" का प्रतीक है जो हमें ऐतिहासिक शताब्दी के और निकट ले जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत के पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्विकसित करने अभियान के अंतर्गत आर्द्रभूमि और पशुओं, विशेष रूप से पक्षियों के प्राकृतिक आवास के संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को वैश्विक समुदाय से एक बार फिर सराहना मिली है। वहीं इस स्थल के पारिस्थितिक महत्व का उल्लेख करते हुए यादव ने कहा कि शेखा झील मध्य एशियाई फ्लाईवे पर एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो सर्दियों के मौसम में हंस, पेंटेड स्टॉर्क और विभिन्न प्रकार की बत्तखों जैसे प्रवासी पक्षियों के लिए एक महत्वपूर्ण पर्यावास प्रदान करती है। उन्होंने लोगों को इस स्थल का भ्रमण करने के लिए कहा।

## दिनेश कुमार गोयल ने 'एक शाम शहीदों के नाम' के जरिए उठाई शहीदों को सम्मान

**नई दिल्ली।** देशभक्ति और शहीदों के सम्मान के मुद्दे को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश कुमार गोयल ने राजधानी दिल्ली में 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने भारत के महान क्रांतिकारियों-भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को आधिकारिक रूप से 'शहीद' का दर्जा देने की माँग को प्रमुखता से उठाया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की भागीदारी देखने को मिली। देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों और वक्तव्यों के बीच दिनेश कुमार गोयल ने कहा, ?देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को आज भी वह सरकारी मान्यता नहीं मिल पाई है, जिसके वे




हकदार हैं। यह केवल इतिहास का नहीं, बल्कि देश के आत्मसम्मान का प्रश्न है।?उन्होंने यह भी माँग रखी कि शहीद-ए-आज़म भगत सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को उनके बलिदान और विचारों से प्रेरणा मिल सके।कार्यक्रम के जरिए दिनेश कुमार गोयल ने युवाओं से आगे आकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देशभक्ति केवल भावनाओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे सामाजिक जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी में बदलना होगा।'एक शाम शहीदों के नाम' केवल एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन की शुरुआत के रूप में सामने आया, जिसमें शहीदों के सम्मान, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय मूल्यों को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## एलन के कबीर छिल्लर को ऑल इंडिया रैंक-1 मिली



**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई-मेन 2026 की ऑल इंडिया रैंक व सेशन-2 का परिणाम जारी कर दिया गया। परिणामों में एक बार फिर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने श्रेष्ठता साबित की है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि अभी तक देखे गए परिणामों में एलन क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की है। इसके साथ ही टॉप-10 में 4 स्थानों पर एलन क्लासरूम स्टूडेंट रहे हैं।

**टॉप-10 में 4 स्टूडेंट्स एलन क्लासरूम से, टॉप-100 में 42 स्टूडेंट्स और 21 स्टेट टॉपर्स एलन से**

इनमें अर्णव गौतम रैंक-5, शुभम कुमार रैंक-6 और ऋषि प्रेमनाथ ने आल इंडिया रैंक-8 प्राप्त की है। टॉप-20 में 9 स्टूडेंट्स एलन क्लासरूम से तथा टॉप-100 में 42 स्टूडेंट्स एलन से शामिल हैं। इसके साथ ही 21 स्टेट टॉपर्स एलन से हैं।

### ट्रेड शो की तैयारियों को लेकर मंथन किया

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2026 की तारीख तय! 25-29 सितंबर तक होगा भव्य आयोजन

*उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2026 को इस बार नए तेवर और बड़े लक्ष्य के साथ आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने लोक भवन में बैठक कर ट्रेड शो की तैयारियों को लेकर मंथन किया। इसमें तय किया गया कि ट्रेड शो का आयोजन 25 से 29 सितम्बर के बीच किया जाएगा, ताकि अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों और विक्रेताओं को बेहतर पूर्व नियोजन का अवसर मिल सके। इसमें डेयरी, उद्योग, मत्स्य और खाद्य प्रसंस्करण के नवाचार आधारित व्यावसायिक मॉडल आकर्षण का केंद्र बनेंगे।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

इस बैठक में इन्वेस्ट यूपी, कृषि विपणन, विदेश व्यापार व यूपीएलसी समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस बार आयोजन को पारंपरिक प्रदर्शनी से आगे बढ़ाकर सशक्त ग्लोबल सोर्सिंग प्लेटफॉर्म बनाया जाए, जहां विभाग अपनी उपलब्धियों को अधिक प्रभावी और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करें। अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष ट्रेड शो का मुख्य फोकस जनता तक उपलब्धियों का प्रभावी संप्रेषण रहेगा। प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश सरकार की योजनाओं को विस्तार के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। उत्तर




प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2026 को 25-29 सितंबर तक आयोजित कर इसे ग्लोबल सोर्सिंग प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा, जिसमें नवाचार आधारित उद्योग, डेयरी, मत्स्य और खाद्य मॉडल प्रमुख आकर्षण होंगे।

### *निजी क्षेत्र और छोटे कॉरपोरेट्स को भी मिलेंगे पर्याप्त अवसर*

*बैठक में स्टॉल आवंटन और शुल्क संरचना भी तय की गई। स्टॉल दरें 7,500 से 8,000 रुपए के बीच निर्धारित की गई हैं। दो तरफ खुले स्टॉल पर 10 प्रतिशत तथा तीन या चार तरफ खुले स्टॉल पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। साथ ही निजी क्षेत्र और छोटे कॉरपोरेट्स को भी पर्याप्त अवसर देने के निर्देश दिए गए।*

### *युवाओं को नए स्टार्टअप शुरू करने की मिलेगी प्रेरणा*

*युवा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सीएम युवा पवेलियन को और मजबूत किया जाएगा। डेयरी, उद्योग, मत्स्य और खाद्य प्रसंस्करण विभागों को नवाचार आधारित व्यावसायिक मॉडल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे खासकर एनसीआर और गौतम बुद्ध नगर के युवाओं को नए स्टार्टअप शुरू करने की प्रेरणा मिलेगी। एक्सपो मार्ट में विभागों को आवंटित हॉल और क्षेत्रफल की जानकारी साझा करते हुए अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।*

### स्थानीय स्तर पर रोजगार और आय के नए अवसर भी होंगे

## अयोध्या के कुशमाहा में 1.82 करोड़ में नगर निगम बनाएगा हाईटेक नर्सरी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या को ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल की शुरुआत की है। पर्यावरण संरक्षण और शहरी हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगभग 1.82 करोड़ रुपये की लागत से एक हाईटेक नर्सरी स्थापित की जाएगी। यह नर्सरी न केवल शहर की हरियाली बढ़ाने में मदद करेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और आय के नए अवसर भी पैदा करेगी।

## डीएमए का बड़ा कदम: स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा को पत्र लिख 24×7 OPD का किया विरोध



**नई दिल्ली।** डेमोक्रेटिक मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए इंडिया) ने माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे. पी. नड्डा को पत्र लिखकर सरकारी अस्पतालों में 24 घंटे ओपीडी लागू करने के प्रस्ताव को अव्यावहारिक और खतरनाक बताया है।डीएमए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अमित व्यास और महासचिव डॉ शुभ प्रताप सोलंकी ने कहा कि यह प्रस्ताव जमीनी हकीकतों से पूरी तरह कटा हुआ है।पहले से ही संसाधनों की कमी,स्टाफ की भारी कमी और अत्यधिक मरीज भार से जूझ रहे सिस्टम पर यह फैसला और बोझ डालेगा।सेंट्रल रेजिडेंसी स्कीम,1992 के तहत 48 घंटे साप्ताहिक कार्य सीमा निर्धारित है, लेकिन रेजिडेंट डॉक्टर पहले ही 80—100 घंटे काम कर रहे हैं। ऐसे में 24×7 ओपीडी लागू करना सीधे तौर पर मरीजों की सुरक्षा से समझौता है।डीएमए ने स्पष्ट किया कि बिना बड़े स्तर पर भर्ती और तीन-शिफ्ट व्यवस्था के यह योजना लागू करना असंभव है। केवल ओपीडी समय बढ़ाने से भीड़ कम नहीं होगी, बल्कि अनावश्यक दबाव और बढ़ेगा।डीएमए ने **AIIMS** रेजिडेंट्स के रुख का खुलकर समर्थन करते हुए कहा कि "पहले सिस्टम सुधारिए, फिर विस्तार की बात कीजिए।"नींद की कमी, बढ़ता कार्यभार और कमजोर सुरक्षा व्यवस्था—ये सभी मिलकर चिकित्सा त्रुटियों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं।डीएमए की मांगें:-24 घंटे ओपीडी प्रस्ताव तुरंत वापस लिया जाए।-प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था और रेफरल सिस्टम मजबूत किया जाए।-रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती हो।

## पेज एक का शेष

### पहलगाम हमले की पहली...

का आरोप लगाते हुए दी गई धमकी के बाद दिया गया है।

**पाकिस्तानी आतंकियों ने 26 लोगों को मारा :** ज्ञात हो कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के छद्म रूप 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' के आतंकियों ने कुल 26 बेकसूर लोगों की हत्या कर दी थी। जिसका बदला लेने के लिए देश की सशस्त्र सेनाओं ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की थी और उसके जरिए कुछ ही मिनटों में सीमापार पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के 9 शिविरों में मौजूद 100 से अधिक आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया था। कार्रवाई के दौरान कुल 11 पाकिस्तानी एयरबेस को निशाना बनाकर गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया गया। जिससे बौखलाए पाकिस्तान ने भारत की समूची पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और मिसाइलों से बड़ा हमला करने की कोशिश की थी। लेकिन दुश्मन का एक भी वार सफल नहीं हुआ। सेनाओं की सटीक कार्रवाई की वजह से उसे मुंह की खानी पड़ी। जिससे घबराकर पाकिस्तान, भारत के सामने संघर्षविराम करने के लिए गिड़गिड़ाया और उसके बाद 10 मई की शाम 5 बजे दोनों देशों के बीच यह समझौता हुआ। जो आज भी लागू है। वहीं, भारत ने पड़ोसी दुश्मन देश को यह भी साफ कर दिया है कि उसकी आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति बनी हुई है और उसी के तहत ऑपरेशन सिंदूर आज भी जस का तस जारी है।

**आयातक से निर्यातक बना भारत :** उन्होंने यह भी कहा कि भारत का पूरा ध्यान रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर केंद्रित है। इस बार हमने कुल करीब 39 हजार करोड़ रुपए की रक्षा सामग्री का निर्यात किया है। पहले इस क्षेत्र में भारत एक आयातक देश के रूप में जाना जाता था। लेकिन आज हम निर्यातक बन गए हैं। राजनाथ के मुताबिक, जर्मनी में रह रहा 3 लाख की संख्या वाला प्रवासी भारतीय समुदाय दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु की तरह काम करता है। जिसका योगदान व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कला जैसे क्षेत्रों तक फैला हुआ है। 2026 में भारत, जर्मनी के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जो विश्वास, आपसी सम्मान और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। उन्होंने प्रवासियों से आग्रह किया कि वो अपनी विरासत से जुड़े रहते हुए दोनों देशों की साझेदारी को मजबूत बनाए रखने में अपना योगदान देना जारी रखें। साथ ही जर्मनी समेत दुनिया के तमाम भागों में रह रहे प्रवासियों को सरकार के निरंतर समर्थन और सुरक्षा का आश्वासन देते हुए उनके प्रति देश की प्रतिबद्धता को दोहराया। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक मंच पर भारत का कद बढ़ा है। आज पूरी दुनिया भारत की बात ध्यान से सुनती है। उन्होंने प्रवासियों से ये अपील भी की कि वो वैश्विक स्तर पर भारत के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने और आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाए।

### केदारनाथ धाम के ...

हटाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में बांटा गया। कपाट खुलने के मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धाम में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम की पहली पूजा कराई। वैदिक विधि-विधान के साथ पूजा प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंदिर के मुख्य द्वार अब आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए और दर्शन शुरू हो गए हैं। शंकराचार्य की गद्दी, उद्धव और कुबेर की उत्सव डोलियां चमोली जिले के पांडुकेश्वर से 20 किलोमीटर की यात्रा कर बद्रीनाथ धाम पहुंच चुकी हैं। अब गुरुवार सुबह 6 बजे बद्रीनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे।

### भारत के लाख समझाने...

भारतीय जहाजों की कुल संख्या 3 हो गई है। यहां ध्यान देने वाली एक बात यह भी है कि ईरान की तरफ से इन दोनों जहाजों को निशाना बनाए जाने की यह घटना अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मौजूदा संघर्षविराम को अनिश्चितकाल के लिए आगे बढ़ाए जाने के ऐलान के तुरंत बाद की गई है। जिसने होर्मुज के इलाके में तनाव को और अधिक बढ़ा दिया है।

**बिना अनुमति जाने पर की गोलीबारी: ईरान :** ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने बताया कि आईआरजीसी ने होर्मुज के जलक्षेत्र (ओमान से करीब 15 नॉटिकल मील उत्तर-पूर्व का इलाका) में नियम तोड़ने वाले दो जहाजों को जब्त किया गया है। जिसमें गुजरात जा रहा भारत का एक जहाज भी शामिल है। दोनों को ईरान के तट की ओर वापस ले जाया गया है। दोनों जहाजों ने बिना अनुमति यानी जरूरी परमिट के बिना काम करके समुद्री सुरक्षा को खतरे में डाला और नेवीगेशन सिस्टम से छेड़छाड़ भी की थी। जिसकी वजह से यह कार्रवाई की गई है।

**कैप्टन ने बताई पूरी आपबीती :** ईरानी एजेंसी ने यह दावा भी किया है कि गोलीबारी की इस घटना में दोनों जहाजों पर सवार चालक दल के किसी सदस्य को चोट नहीं आई है। सभी फिलहाल सुरक्षित हैं। उधर, ब्रिटेन के समुद्री व्यापार अभियान केंद्र ने इस हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि एक जहाज के कैप्टन ने उन्हें सूचना दी थी कि आईआरजीसी की एक हमलावर नौका उनके करीब आई और बिना कोई चेतावनी दिए उसने जहाज पर गोलीबारी की। जिसमें जहाज के ब्रिज को काफी क्षति पहुंची है। मामले में आग लगने या पर्यावरण को किसी प्रकार के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

**जहाजों के भुगतान का कोई मसला नहीं :** राजधानी में 22 अप्रैल को हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय के अधिकारी मुकेश मंगल ने कहा, सनमार हेराल्ड जहाज के कैप्टन द्वारा ईरान को किए जाने वाले भुगतान को लेकर मीडिया में चल रही तमाम खबरें गलत हैं। देश के जहाजों ने होर्मुज में एक जगह से दूसरी जगह पर जाने के लिए ईरान के किसी अधिकारी को कोई भुगतान नहीं किया है। हमने सनमार हेराल्ड जहाज के मालिक से भी बात की है और उसने भी यह पुष्टि की है कि यह खबर फर्जी है। इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और क्षेत्र में मौजूद देश के सभी मिशन, दूतावास के साथ समन्वय में कार्य कर रहा है। जिसमें हमारा पूरा ध्यान भारतीय नाविकों की सुरक्षा और वैश्विक जलमार्ग में निर्बाध समुद्री अभियान पर केंद्रित है।

### आतंकवाद के सामने...

मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ भी हैं। जो इस नुकसान से जूझ रहे हैं'। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस मौके पर जर्मनी से पाकिस्तान का नाम लिए बिना उसे भारत के खिलाफ कोई भी गुस्ताखी करने पर डॉट, डॉट, डॉट वाली अभूतपूर्व और निर्णायक कार्रवाई करने की चेतावनी वाला सख्त संदेश दिया है।

**मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन आतंकवाद: शाह :** गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी एक्स पोस्ट में बताया कि 2025 में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को हम गंभीरता के साथ याद करते हैं। अपने देश के लोगों को खोने का शोक और दर्द आज भी हर भारतीय के दिल में बरकरार है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है। जिसके खिलाफ हमें एकजुट होकर लड़ना होगा और उसे पराजित करना होगा। भारत आतंकवाद और उसके संरक्षकों के प्रति अपनी शून्य सहिष्णुता की नीति को जारी रखेगा। वहीं, कई अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने भी पहलगाम आतंकी हमले की याद में पीड़ितों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट की हैं।

**आतंकवाद से खिलाफ जारी रहेगी लड़ाई: सेना :** भारतीय सेना ने भी पहलगाम हमले की बरसी के संदर्भ में एक्स पर एक पोस्ट के जरिए आतंकवाद के खिलाफ चल रही उसकी लड़ाई को लेकर बनी हुई प्रतिबद्धता को मजबूती के साथ दोहराया है। साथ ही यह भी कहा कि भारत के विरुद्ध की गई किसी भी कार्रवाई या कृत्य का निश्चित रूप से करारा जवाब दिया जाएगा, न्याय होगा हमेशा। इस पोस्ट में सेना ने पहलगाम के दोषी आतंकियों को मार गिराने के लिए चलाए गए सेना के अभियान ऑपरेशन महादेव (शीर्षक-यह केवल एक समय की बात है) की एक प्रतीकात्मक तस्वीर के साथ कुछ आंकड़ा भी साझा किया है। जिसमें हैशटैग के साथ लिखा है सिंदूर की वर्षगांठ, जस्टिस एंड्युवर्स और नेशन फर्स्ट। इसके अलावा बताया कि ऑपरेशन महादेव को सेना ने कुल 93 दिनों तक दिन-रात अभियान चलाकर, 300 किलोमीटर के इलाके में आतंकियों की खोज कर तीन आतंकवादियों को मार गिराया था। पोस्ट के अंत में सेना ने दोहराया, ऑपरेशन सिंदूर अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। यह पहले की तरह आज भी जारी है।

### कांग्रेस अध्यक्ष फंसे...

अन्य दलों के नेताओं पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। चुनावी भाषणों को सुनने लायक बनाया जा सकेगा!

**भाजपा ने की थी शिकायत :** भाजपा के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्रियों के नेतृत्व में चुनाव आयोग से मुलाकात कर इस बयान को मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन बताया और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

**गंभीर हुआ आयोग :** चुनाव आयोग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए खरगे को औपचारिक नोटिस जारी किया।उनसे 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। चुनावी माहौल में भाषा की मर्यादा बनाए रखने पर जोर दिया आयोग ने संकेत दिया कि चुनाव के दौरान इस तरह की टिप्पणी लोकतांत्रिक मर्यादा और आचार संहिता के खिलाफ है। चुनाव आयोग अगर जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ तो संसद की सदस्यता खारिज करने का अधिकार आयोग को है।

**खरगे की सफाई :** विवाद बढ़ने के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को "आतंकवादी" सीधे तौर पर नहीं कहा। उनका आशय यह था कि सरकार की एजेंसियों के माध्यम से विपक्ष को "डराने का माहौल" बनाया जा रहा है। उन्होंने इसे "टैक्स टेररिज्म" और "एजेंसियों के दुरुपयोग" से जोड़ा। उन्होंने कहा कि उनका बयान गलत तरीके से पेश किया गया है।

### नई हरियाणा इंडस्ट्रियल...

हर क्षेत्र में हरियाणा अव्वल है। औद्योगिक क्षेत्र के लिए बेहतर से बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं। सिंगल विंडो सिस्टम से कागजी कार्यवाही को संपन्न किया जा रहा है। हरियाणा में उद्योगों के लिए बेहतरीन इको सिस्टम है, तभी देश की बड़ी बड़ी मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों की पहली पसंद हरियाणा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा जल्द ही अपनी नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी लेकर आ रहा है, उसे लेकर उद्योगपतियों से सीधा संवाद हो रहा है, इससे इस पॉलिसी को और बेहतर बनाया जाएगा ताकि उद्योग ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सके और प्रदेश अधिक तरक्की कर सके।

**इंपोर्ट सब्स्टीट्यूट को ध्यान में रखकर लगाएं उद्योग :** सैनी ने कहा कि उद्योगपति अलग-अलग क्षेत्र में निवेश कर रहे हैं। उन्हें इंपोर्ट सब्स्टीट्यूट को ध्यान में रखकर भी प्रोडक्ट और उद्योगों को लगाना चाहिए। इससे न केवल देश में उन उत्पादों की उपलब्धता बढ़ेगी, जिन्हें आज भी हम दूसरे देशों से इंपोर्ट कर रहे हैं। इसके साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। यह हमारे देश के लिए बेहतर होगा। इससे देश के उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं एसोचैम के महासचिव सौरभ सान्याल ने हरियाणा सरकार की नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी को लेकर बुलाई गई बैठक की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका है जब इंडस्ट्रियल पॉलिसी बनाने से पहले उद्योगपतियों से सीधा संवाद किया जा रहा है और उनके सुझाव लिए जा रहे हैं। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

**विकसित भारत में उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका :** मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। इसी वजह से हरियाणा सरकार ने अपना विजन डॉक्यूमेंट पेश किया है। प्रदेश में औद्योगिक विकास होगा तो इससे प्रदेश की ग्रोथ भी बढ़ेगी और लोगों को अधिक से अधिक रोजगार भी मिलेगा। एनटीएफ कंपनी के एमडी नवीन जैन ने हरियाणा में उद्योग लगाने के लिए एचएसआईआईडीसी के माध्यम से जमीन खरीदने की इच्छा जताई। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा नगर निकायों में इस्तेमाल होने वाले डीजल वाहनों की जगह ईवी वाहनों का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया। इस पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भविष्य में सरकार नगर निकायों में ईवी वाहनों के इस्तेमाल पर विचार कर सकती है। बैठक में पीडब्ल्यूडी, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, महानिदेशक इंडस्ट्रीज यश गर्ग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान प्रोटेरियल कंपनी के चेयरमैन संजय सेठ, चीफ मार्केटिंग आफिसर अनुज शर्मा, हॉरिजॉन इंडस्ट्री पार्क के सीईओ उर्विश, सीएफओ कुणाल शाह, सात्विक ग्रुप के निलेश, जेबीएम के वीसी निशांत आर्य, इंडिया सेल अलायंस के एमडी विवेक गुप्ता ने अपने सुझाव दिए।

### बंगाल में पहले ...

कंपनियां तैनात की हैं। यानी करीब 2.5 लाख सुरक्षाकर्मी हैं। आयोग ने सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा करते हुए 8,000 से अधिक मतदान केंद्रों को अत्यधिक संवेदनशील घोषित किया है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के अलावा सर्विलांस टीमें और 2,193 क्विक रिस्पॉन्स टीमें भी तैनात की गई हैं।

### *तमिलनाडु में पूरे ...*

*सुरक्षा बलों की लगभग 295 कंपनियों से करीब 23,000 अर्धसैनिक जवान तमिलनाडु पहुंचे हैं।*

### ग्रामीण क्षेत्र की ...

लाभ जहां होगा, सरकार वही कार्य करेगी। उन्होंने इस बारे में विस्तार से कैबिनेट में लिए गए निर्णय के बारे में जानकारी दी। कैबिनेट ने सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क जैसे अधोसंरचना निर्माण तथा विकास के कार्यों के लिए लगभग 33 हजार 985 करोड़ रुपए की मंजूरी भी दी है।

**ऐसे किया गया फैसला :** डॉ. यादव ने पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में एक कैबिनेट कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी की कई दौर की बैठकें हुईं। इसके लिए उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार समेत कुल 11 राज्यों के भूमि अधिग्रहण कानून का अध्ययन किया गया।

**सिंचाई परियोजनाओं, सड़क, पुल, रेलवे और बांध निर्माण में आएगी गति :** कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक में भू अर्जन पर बड़ा निर्णय लिया गया। इस निर्णय से सिंचाई परियोजनाओं, सड़क, पुल, रेलवे और बांध निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए केंद्र व राज्य सरकार की ओर से अधिग्रहित की जाने वाली कृषि भूमि पर किसानों को काफी अधिक राशि मिल सकेगी। जमीन देने वाले किसान परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार होगा।

**सीएम ने बनाई थी एक कैबिनेट कमेटी :** इस निर्णय से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में एक कैबिनेट कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी की कई दौर की बैठकें हुईं। इसके लिए उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार समेत कुल 11 राज्यों के भूमि अधिग्रहण कानून का अध्ययन किया गया। इसमें पाया गया कि तीन राज्य उप्र, गुजरात और छत्तीसगढ़ ऐसे राज्य हैं, जहां जमीनों का मुआवजा दोगुना देने का नियम है। हालांकि, कैबिनेट कमेटी ने ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों के लिए 5-5 तरह के स्लैब का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री के समक्ष इसका प्रजेंटेशन हुआ तो मुख्यमंत्री इससे सहमत नहीं हुए। उन्होंने कहा कि किसानों को कम से कम चार गुना मुआवजा मिलना चाहिए। इससे पहले कैबिनेट कमेटी ने करीब 40 से अधिक जन प्रतिनिधियों, संस्थाओ के साथ ही फिक्की, किसान संगठन, क्रेडाई, सीआईआई से चर्चा के बाद यह रिपोर्ट तैयार की थी।

**कैबिनेट से पहले सीएम ने बुलाई थी बैठक :** सीएम ने कैबिनेट से पहले अपने आवास पर सुबह 9.30 बजे वरिष्ठ अधिकारियों व मंत्रियों की बैठक बुला ली। उन्होंने एक बार फिर से प्रजेंटेशन देखा। इस दौरान वित्त विभाग ने आपत्ति दर्ज कराते हुए इसे ग्रेडेड करने का सुझाव दिया। इसमें ट्राइबल व नॉन ट्राइबल में नगरीय सीमा व ग्रामीण सीमा का प्रस्ताव रखा गया। मुख्यमंत्री ने निर्णय लिया कि किसानों को हर हाल में चार गुना मुआवजा मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री की बात का समर्थन जल संसाधन, पीडब्ल्यूडी जैसे विभागों ने भी किया। मुख्यमंत्री की सहमति के बाद मुख्य सचिव ने भी पूरा प्रस्ताव तैयार करवाया। इसके बाद कैबिनेट में प्रस्ताव मंजूर किया गया।

### महिला आरक्षण तुरंत...

लेकिन कांग्रेस सच्चाई के साथ उस झूठ को बेनकाब कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संसद के विशेष सत्र के पहले दिन भी जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर इसे तुरंत लागू करने की मांग की थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को धोखा बताया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने दावा किया कि महिला आरक्षण बिल गिर गया, जबकि असलियत में वह परिसीमन बिल था, जिसे गिराकर विपक्ष ने देश के संविधान को बचाने का काम किया।

**महिला सशक्तिकरण का श्रेय राजीव गांधी को :** लांबा ने महिला सशक्तिकरण के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराते हुए याद दिलाया कि आज देश में अगर 15 लाख महिलाएं पंचायत प्रतिनिधि हैं, तो इसका श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को जाता है। उन्होंने कहा कि 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने प्रियंका गांधी के नेतृत्व में 40 प्रतिशत टिकट महिलाओं को दिए थे। उन्होंने कहा कि देश में आधी आबादी को विधानसभाओं और लोकसभा में पूरा हक दिलाने के लिए कांग्रेस लगातार लड़ती रही है।

**हर दिन करीब 90 दुष्कर्म के मामले :** इस दौरान राजेंद्र पाल गौतम ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए उसे महिला विरोधी बताया। उन्होंने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2014 से 2022 के बीच महिला उत्पीड़न के मामलों में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। देश में हर घंटे महिला उत्पीड़न के 51 मामले और हर दिन करीब 90 दुष्कर्म के मामले दर्ज हो रहे हैं।

GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE | AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HARYANA MEDICAL SERVICES CORPORATION LIMITED, PANCHKULA (HMSCL) | TENDER FOR THE RATE CONTRACT FOR THE EYE SCREENING AND SUPPLY OF SPECTACLES FOR SCHOOL CHILDREN AND SUPPLY OF PRESBYOPIC FOR ADULTS FOR THE STATE OF HARYANA | 21.04.2026 11.05.2026 | Rs. 3,60,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentbgm2020@gmail.com |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
PRDH-13/2027/40/44756/I/88/7 Dt. 23.04.26

## चिंतन

# दवाओं को सुरक्षित और प्रभावी बनाना बेहद जरूरी

भारत में दवाओं की गुणवत्ता पर उठते सवाल अब सिर्फ स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं रहे, यह सीधे-सीधे जन-जीवन, भरोसे और अर्थव्यवस्था पर हमला है। बीमारी जब किसी व्यक्ति को जकड़ती है तो वह केवल शारीरिक पीड़ा नहीं देती, बल्कि पूरे घर से लेकर राष्ट्र तक की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है। किसी भी व्यक्ति का बीमार होना घर पर बोझ बढ़ाता है। फिर यही बोझ राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को परिलक्षित करता है। इसका दुःखद पहलू यह है कि भारत में बड़े पैमाने पर घटिया और नकली दवाएं बनाकर बेची जा रही हैं, जिनसे बीमार व्यक्ति ठीक होने की बजाय बीमारी में और फंस जाता है। यह समस्या एक व्यक्तिगत त्रासदी से बढ़कर राष्ट्रीय संकट तक बन जाती है। लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन घटिया और नकली (सबस्टैंडर्ड) दवाएं लगातार बाजार में उपलब्ध हैं। हाल ही की घटनाएं इस भयावह सच को उजागर करती हैं। गुरुग्राम में वजन घटाने वाले नकली मोंजारो इंजेक्शन की बरामदगी, कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की दवा में सस्ती एंटी-फंगल दवा मिलाना, कफ सिरप से बच्चों की मौत और कोरोना काल में नकली रेमडेसिविर की कालाबाजारी ये सब आईसोलेटेड घटनाएं नहीं, बल्कि एक संगठित और खतरनाक तंत्र की ओर इशारा करती हैं। यह तंत्र न केवल कानून को धता बता रहा है, बल्कि इंसान की जिंदगी को मुनाफे के तराजू पर तौल रहा है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की हालिया जांच में 141 दवाओं के सैंपल फेल होना इस संकट की गंभीरता को और गहरा करता है। 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' घोषित की गई इन दवाओं में रोजमर्रा की बीमारियों से लेकर कैंसर और हृदय रोग तक की दवाएं शामिल हैं। साफ है कि खतरा हर घर तक पहुंच चुका है। यह सिर्फ किसी एक राज्य या क्षेत्र की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश में फैला हुआ एक मकड़जाल है, जो नियामक व्यवस्था की कमजोरियों का फायदा उठा रहा है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस अवैध कारोबार में अब चिकित्सा तंत्र के भीतर के लोग भी शामिल पाए जा रहे हैं। दिल्ली में कैंसर की नकली दवाओं के गिरोह का भंडाफोड़ इस बात का प्रमाण है कि जब व्यवस्था के अंदर बैठे लोग ही भरोसे को तोड़ने लगें, तो हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। खाली शीशियों में सस्ती दवा भरकर लाखों में बेचना केवल आर्थिक अपराध नहीं, यह मानवता के खिलाफ अपराध है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में नकली और घटिया दवाएं बाजार तक पहुंच कैसे रही हैं? जवाब है निगरानी तंत्र की कमी, कानून के क्रियान्वयन में ढिलाई और सजा का भय न होना। जब तक दोषियों को त्वरित और कठोर दंड नहीं मिलेगा, तब तक ऐसे गिरोह फलते-फूलते रहेंगे। वहीं, आम जनता को भी जागरूक बनाना होगा। दवा खरीदते समय बिल लेना, पैकेजिंग की जांच करना और संदिग्ध दवाओं की सूचना देना, ये छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। यह जिम्मेदारी केवल नागरिकों पर डालकर सरकार अपने कर्तव्यों से मुक्त नहीं हो सकती। दवा सिर्फ एक उत्पाद नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम है। अगर इस क्षेत्र में भरोसा टूटता है, तो पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा जाएगी। इसलिए अब आधे-अधूरे उपायों का समय बीत चुका है। जरूरत है दवाओं के प्रति सतर्कता, मजबूत निगरानी तंत्र, निर्णायक, कठोर और पारदर्शी कार्रवाई की, ताकि नकली दवाओं के इस काले कारोबार पर लगाम लगाई जा सके। तभी देश का हर नागरिक निश्चिंत होकर इलाज करा सकेगा और 'स्वास्थ्य' वास्तव में 'विश्वास' का पर्याय बन पाएगा।




मुद्दा
अम्बरीष प्रजापति

# लोकतंत्र की गरिमा-भाषाई मर्यादा का संकट

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में राजनीतिक विमर्श को हमेशा एक वैचारिक रूप में देखा गया है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रकृति में एक भयावह बदलाव आया है। लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं होता, बल्कि यह संवाद, विमर्श और सम्मानजनक असहमति की एक सुसंस्कृत व्यवस्था है। किसी भी लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती इस बात पर टिकी होती है कि उसके प्रतिनिधि सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे के प्रति किस तरह के व्यवहार और भाषा का प्रदर्शन करते हैं। परंतु, वर्तमान भारतीय राजनीति के परिदृश्य पर दृष्टि डालें तो एक भयावह सत्य उभरकर सामने आता है। वह सत्य है- राजनीतिक विमर्श का निरंतर गिरता स्तर।

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में राजनीतिक विमर्श को हमेशा एक वैचारिक रूप में देखा गया है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रकृति में एक भयावह बदलाव आया है। लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं होता, बल्कि यह संवाद, विमर्श और सम्मानजनक असहमति की एक सुसंस्कृत व्यवस्था है। किसी भी लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती इस बात पर टिकी होती है कि उसके प्रतिनिधि सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे के प्रति किस तरह के व्यवहार और भाषा का प्रदर्शन करते हैं। परंतु, वर्तमान भारतीय राजनीति के परिदृश्य पर दृष्टि डालें तो एक भयावह सत्य उभरकर सामने आता है। वह सत्य है- राजनीतिक विमर्श का निरंतर गिरता स्तर। कुछ दिन पहले कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जिस तरह से देश के सर्वोच्च पद पर आसीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 'आतंकवादी' शब्द का प्रयोग किया, इससे पहले भी मौत का सौदागर, तानाशाह, नीच व बिच्छू जैसे विशेषणों का प्रयोग विपक्षी दलों द्वारा किया गया है, उसने न केवल लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाई है, बल्कि भाषाई मर्यादा के गहरे संकट को भी उजागर किया है। यह समस्या केवल एक पक्ष तक सीमित नहीं है, बल्कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही इस दलदल में समान रूप से धंसे हुए नजर आते हैं, जहां तर्कों की जगह कुतर्कों और मुद्दों की जगह व्यक्तिगत लांछनों ने ले ली है।

किसी भी राष्ट्र के प्रधानमंत्री के लिए 'आतंकवादी' जैसे शब्द का प्रयोग करना केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है, बल्कि उस संवैधानिक पद और जनमत का अपमान है जिसने उस व्यक्ति को चुना है। जब विपक्ष के बड़े नेता अपनी रैलियों में इस तरह की उग्र और अमर्यादित भाषा का सहारा लेते हैं, तो वे भूल जाते हैं कि वे समाज में वैमनस्य के बीज बो रहे हैं। आतंकवादी वह होता है जो निर्दोषों का लहू बहाता है और राज्य की संप्रभुता को चुनौती देता है। एक निर्वाचित प्रतिनिधि को, चाहे उसकी नीतियां कितनी भी विवादास्पद क्यों न हों, इस श्रेणी में खड़ा करना भाषाई दिवालियापन की पराकाष्ठा है। यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि राजनीति में अब विरोध का अर्थ केवल नीतिगत आलोचना नहीं रह गया है, बल्कि प्रतिद्वंद्वी का चरित्र हनन करना और उसे जनता की नजरों में एक अपराधी के रूप में पेश करना मुख्य उद्देश्य बन गया है। दुर्भाग्यवश, यह भाषाई गिरावट एकतरफा नहीं है, बल्कि सत्ता पक्ष के नेताओं की ओर से भी समय-समय पर विपक्ष के प्रति ऐसी टिप्पणियां की गई हैं जो किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार कर सकती हैं। सत्ता पक्ष के जिम्मेदार नेताओं द्वारा विपक्ष को देशद्रोही, विदेशी एजेंट, शहरी नक्सल, दीदी ओ दीदी, दीमक और आंदोलनजीवी कह देना भी उसी दूषित मानसिकता का हिस्सा है। जब राजनीतिक दल अपने विरोधियों को शत्रु समझने लगते हैं, तो संवाद के दरवाजे बंद हो जाते हैं। भारतीय संसद और विधानसभाओं के भीतर से लेकर सोशल मीडिया के डिजिटल गलियारों तक, आज भाषा के जो अस्त्र



इस्तेमाल हो रहे हैं, वे किसी भी लोकतांत्रिक मर्यादा की परिधि से बाहर हैं।

नेताओं के बीच शब्दों का चयन अब शालीनता की कसौटी पर नहीं, बल्कि इस बात पर तय होता है कि कौन सा शब्द अधिक से अधिक सुर्खियां बटोर सकता है और समर्थकों की भीड़ को उत्तेजित कर सकता है। इतिहास साक्षी है कि भारत के राजनीतिक आकाश में अटल बिहारी वाजपेयी, इंदिरा गांधी,पंडित दीनदयाल उपाध्याय, सुषमा स्वराज, डॉ. भीमराव अंबेडकर और राम मनोहर लोहिया जैसे दिग्गज रहे हैं, जिनके बीच वैचारिक मतभेद हिमालय की तरह ऊंचे थे, लेकिन उनके शब्दों में एक गरिमा और मर्यादा होती थी। संसद व चुनावी सभाओं में तीखे प्रहार होते थे, लेकिन उन प्रहारों में भी एक साहित्यिक लालित्य और संसदीय शिष्टाचार होता था। आज के दौर में वह शिष्टाचार कहीं खो गया है। आज के नेताओं के लिए भाषा अब विचार व्यक्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक हिंसक हथियार बन गई है। जब बड़े नेता मंच से नीच, नालायक या जहर की खेती जैसे शब्दों का उच्चारण करते हैं, तो वे अपनी युवा पीढ़ी को क्या संदेश दे रहे हैं? वे एक ऐसी संस्कृति का निर्माण कर रहे हैं, जहां असहमति का उत्तर केवल गाली और अपमान से दिया जाता है। इस भाषाई संकट का सबसे नकारात्मक प्रभाव आम जनता और समाज की मानसिकता पर पड़ता है। राजनीतिज्ञ समाज के लिए रोल मॉडल होते हैं। जब वे सार्वजनिक जीवन में मर्यादाओं का उल्लंघन करते हैं, तो समाज के निचले स्तरों पर भी वैसी ही कटुता और असहिष्णुता घर कर लेती है। सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और हिंसक बहसें इसी भाषाई पतन का विस्तार हैं। राजनीति में हार-जीत तो चलती रहती है, लेकिन जो शब्द एक बार बोल दिए जाते हैं, वे समाज के मानस पटल पर स्थायी घाव छोड़ देते हैं। प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना या विपक्ष के नेता को अपमानजनक उपनामों से पुकारना, अंततः देश की लोकतांत्रिक परिपक्वता को विश्व पटल पर कमजोर करता है। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन संवैधानिक पद तथा संस्थाओं की गरिमा और भाषाई शुचिता का बना रहना जरूरी है। लोकतंत्र में आलोचना प्राणवायु की तरह है, लेकिन आलोचना का आधार तथ्य और तर्क होने चाहिए, न कि गालियां और व्यक्तिगत आक्षेप। यदि विपक्ष सरकार की नीतियों से असहमत है, तो उसे आंकड़ों और ठोस तर्कों के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। इसी प्रकार, सत्ता पक्ष को भी विपक्ष के अस्तित्व का सम्मान करना चाहिए और उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अवसर देना चाहिए। जब तक राजनीति में प्रतिद्वंद्वी और शत्रु के बीच का अंतर स्पष्ट नहीं होगा, तब तक इस भाषाई संकट से मुक्ति मिलना असंभव है। अंततः, यह जिम्मेदारी केवल नेताओं की ही नहीं, बल्कि मतदाताओं की भी है। जब तक जनता अमर्यादित भाषा बोलने वाले नेताओं को पुरस्कृत करती रहेगी और उनकी रैलियों में तालियां बजाती रहेगी, तब तक राजनीतिक दल अपनी शैली बदलने के लिए प्रेरित नहीं होंगे।

हमें एक ऐसे राजनीतिक परिवेश की आवश्यकता है, जहां विचारों का संघर्ष हो, शब्दों का युद्ध नहीं। लोकतंत्र की गरिमा तभी सुरक्षित रह सकती है जब भाषा में शालीनता हो, व्यवहार में विनम्रता हो और विरोध में भी सम्मान का पुट हो। प्रधानमंत्री पद की गरिमा और विपक्ष की भूमिका, दोनों ही लोकतंत्र के दो पहिए हैं। यदि इनमें से किसी के प्रति भी भाषाई अनाचार होता है, तो वह पूरे लोकतंत्र के ढांचे को हिला देता है। सभी राजनीतिक दल एक साथ मिलकर एक आचार संहिता बनाएं और यह सुनिश्चित करें कि चुनावी जीत की होड़ में वे अपनी सभ्यता और भाषाई विरासत को पीछे न छोड़ दें। लोकतंत्र को बचाने के लिए केवल संविधान की रक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस भाषा की रक्षा भी जरूरी है जो हम एक-दूसरे के प्रति प्रयोग करते हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

यातायात
प्रमोद भार्गव



# दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते राजमार्ग

निःसंदेह देश में अच्छे और चौड़े राजमार्ग उत्कृष्ट विकास के प्रतीक हैं। सड़कें मानव विकास की जीवन रेखाएं हैं। देश की आर्थिक स्थिति सुधरने के साथ-साथ सड़कों के निर्माण का जाल बिछ गया है। ग्रामों से मुख्य मार्गों को जोड़ने वाली सड़कें भी बड़ी संख्या में बनी हैं, लेकिन उसी अनुपात में वाहन तो बढ़े ही, उनकी रफ्तार भी बढ़ गई। नशे में भी लोग वाहन बेधड़क चलाने लग गए। अतएव उच्च तकनीक की सहायता से निर्मित किए गए एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग उसी अनुपात में दुर्घटनाओं का कारण बनते चले जा रहे हैं। सीमेंट और कंक्रीट की बनी सड़कें दुर्घटनाओं को ज्यादा आमंत्रित कर रही हैं, क्योंकि इन सड़कों पर वाहन जितनी जल्दी रफ्तार पकड़ते हैं, उतनी जल्दी नियंत्रित नहीं होते हैं। ऐसे में ब्रेक लगाना वाहन पलटने का कारण बन जाता है। साफ है, सुविधाजनक चार और छह लाइन की सड़कें सुरक्षित सफर की कसौटी नहीं रह गई हैं। देश में राष्ट्रीय राजमार्ग केवल दो प्रतिशत हैं, किंतु सड़क हादसों में होने वाली मौतों की कुल संख्या में इनका प्रतिशत 30 है। इसकी चिंता करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र, राज्य सरकारों और संबंधित सड़क प्राधिकरणों को सड़कों को सुरक्षित बनाने के दिशा-निर्देश दिए है। देश में सड़क दुर्घटनाओं को लेकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, बीते वर्ष की तुलना में 4.2 प्रतिशत हादसे बढ़ गए, इनमें जान गंवाने वालों की संख्या भी बढ़ गई।

साल 2019 में देश में 4.56 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1.59 लाख लोग मारे गए। 2020 में कोरोना काल के चलते आवागमन लगभग बंद था, इसलिए हादसे भी कम हुए, परंतु 2021 में करीब 4.2 लाख, 2022 में 4.61 लाख और 2023 में 4.80 लाख दुर्घटनाएं हुईं और इन हादसों में करीब 8 लाख से ज्यादा लोग मारे गए। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। लिहाजा शासन-प्रशासन ने बड़े हादसों का ठीकरा वाहनों की तेज रफ्तार पर फोड़कर अपनी चिंता पूरी कर ली। चिंता की बात है कि आखिर ये हादसे क्यों हो रहे हैं? केंद्र सरकार ने नवंबर 2022 में जानकारी दी थी कि देशभर में हुई कुल सड़क दुर्घटनाओं में 32.9 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे पर घटी हैं। इनकी वजह तेज गति रही है। सवाल है कि जब तेज रफ्तार से हादसे हो रहे हैं, तो इन्हें रोकने के उपाय क्या किए जा रहे हैं। पश्चिमी देशों में तो गति रडार लगाए गए हैं। व्यावसायिक वाहनों में भी स्पीड गवर्नर लगाने की योजना है, लेकिन वह ठंडे बस्ते में पड़ी हैं। यह योजना इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम है। इसे वाहन की ईंधन प्रदाय प्रणाली से जोड़ा जाता है, जो गति बढ़ाने के लिए अतिरिक्त तेल इंजन में जाने ही नहीं देती है। दुर्घटनाओं के बढ़ने का एक बड़ा कारण देश को कार और दो पहिया वाहनों से पाट देना भी है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर होटल और भोजनालयों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इनके सामने वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े कर दिए जाते हैं। इसी सिलसिले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि संबंधित प्राधिकरण और नियंत्रक एजेंसियां इस स्थिति को सुधारने का प्रयत्न करें। वैसे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात पुलिस की नियमित गष्त का प्रावधान है, लेकिन लापरवाही के चलते गश्तीदल दिखते ही नहीं हैं। अब तक यह आम धारणा बनी हुई है कि सड़क हादसे राजमार्गों पर अधिक होते हैं, किंतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एक नई तस्वीर पेश की है।

इससे पता चला है कि राजमार्गों से कहीं अधिक हादसे भीतरी सड़कों पर भी होने लगे हैं। ग्रामीण इलाकों में जब से ट्रैक्टर, बाइक और कार-जीपों की संख्या बढ़ी है, तब से इन छोटे समझे जाने वाले मार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बीते दो दशकों के भीतर गांव-गांव सड़कें पहुंची हैं और उसी तादाद में वाहन भी बढ़े हैं। सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं में शराब पीकर वाहन चलाना, नाबालिग बाइकर्स का सड़कों पर बेलगाम होना भी है। वहीं देश में बढ़ते सड़क हादसों के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों में भी तलाशे जा रहे हैं। दरअसल, देश में हरेक साल करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और चार से पांच लाख घायल होते हैं, उनमें ज्यादातर युवा होते हैं। दूसरी तरफ सरकार राजमार्गों पर ऐसे स्थल तलाश रही है, जहां अधिकतम दुर्घटनाएं होती हैं। इसके बाद इन स्थलों पर ऐसे सुधार किए जाएंगे,जिससे घटनाएं कम हों। यदि सड़क पर गति को नियंत्रित नहीं किया गया तो सड़क हादसों में मरने वाले लोगों की संख्या इतनी बढ़ जाएगी कि शायद आबादी नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन की जरूरत ही नहीं रह जाएगी? सड़कों से वाहन कम किए बिना दुर्घटनाओं से छुटकारा मुश्किल है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग : कर्मसु कौशलम



संकलित
दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

## महिला के शुभ कदम



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछा- केले और सेवफल क्या भाव लगाऐ है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आयी और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदार- केले 5 रु. दर्जन और सेब 25 रु. किलो। औरत ने कहा-जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहा- ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े दे दूं। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूं। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोला-यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान हो जाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आखिर क्यों टूट रहे हैं छात्र

भारतीय तकनीकी शिक्षा के प्रतिष्ठित संस्थान, जिन्हें कभी 'सपनों की फैक्टरी' कहा जाता था, आज कई युवाओं के लिए मानसिक दबाव के कारखाने बनते जा रहे हैं। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में महज़ दो महीनों के भीतर चार छात्रों की आत्महत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह केवल चार जिंदगियों का अंत नहीं, बल्कि एक ऐसे तंत्र की विफलता है जो प्रतिभा को तराशने के बजाय उसे तोड़ रहा है। फरवरी से अप्रैल 2026 के बीच हुई ये घटनाएं अलग-अलग नहीं हैं, बल्कि एक खतरनाक सिलसिले का संकेत देती हैं, जहां एक घटना के बाद दूसरी घटना घटती चली जाती है, जैसे निराशा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक फैल रही हो। सवाल यह है कि छात्र क्यों आत्महत्याएं कर रहे हैं।

*-विपिन चौहान, दुर्ग*

## ट्रेंड

### टीएमसी की सरकार गिरेगी



तृणमूल कांग्रेस ने पिछले 15 वर्षों में बंगाल को 50 साल पीछे धकेल दिया है। दशकों से युवाओं को रोजगार से वंचित रखा गया है, किसानों की उपज की कालाबाजारी की गई दमदम में उमड़ रहा उत्साह इस बात का संकेत दे रहा है कि जनविरोधी तृणमूल कांग्रेस की यह सरकार गिरने वाली है।
**-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### कांग्रेस की मानसिकता



कांग्रेस पार्टी के लोग अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इन लोगों से कुछ भी कहना समय की बर्बादी है। और जब समय आएगा, तो कांग्रेस का आज जो हाल है, कल उनका हाल उससे भी बदतर होगा।
**-रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### ममता दीदी को समर्थन



ममता दीदी से मैंने उनके प्रति एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया। वह एक बेहद कठिन लड़ाई लड़ रही हैं, जो लोकतंत्र के लिए सबसे महत्वपूर्ण लड़ाइयों में से एक है। मोदी जी हारेंगे, चाहे उन्होंने सभी संस्थानों का दुरुपयोग ही क्यों न किया हो।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### विनम्र श्रद्धांजलि



पहलगाम आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले 26 नागरिकों को बरसी पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। देश निर्दोष नागरिकों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा और न ही क्षमा करेगा। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।
**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर


# पाक के हवाई क्षेत्र में भारतीय विमान कंपनियों पर प्रतिबंध



पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को मंगलवार को एक महीने के लिए और बढ़ा दिया। पाकिस्तान ने 24 अप्रैल, 2025 से भारतीय उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद रखा है, जिससे भारतीय विमानन कंपनियों को अरबों रुपये का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने 'नोटिस टू एयरमेन' (नोटम) में कहा है कि 'सभी भारतीय-पंजीकृत, पट्टे पर लिए गए, वाणिज्यिक और सैन्य विमानों को 24 मई, 2026 को सुबह पांच बजे तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।' यह नोटिस पिछले नोटिस की समय सीमा 24 अप्रैल समाप्त होने से कुछ दिन पहले जारी किया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्पन्न तनाव के चलते पाकिस्तान ने भारतीय विमानन कंपनियों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। भारत ने आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया था। हालांकि, पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और पारदर्शी जांच की मांग की। इसके जवाब में भारत ने भी पाकिस्तानी विमानन कंपनियों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया। पाकिस्तान ने भारत पर पहली बार इस तरह के प्रतिबंध लगाए।

## ऑफ बीट

# डिजिटल तकनीक प्रौद्योगिकी आपका समय चुरा रहा



प्रौद्योगिकी अमूमन हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए होती है। स्मार्ट फोन दुनिया को हथेली के आकार की खिड़की प्रदान करते हैं, जिससे हम एक बटन के स्पर्श से लगभग कुछ भी करने में सक्षम हो जाते हैं। स्मार्ट घर अपनी देखभाल खुद करते हैं, और आभासी बैठकों का मतलब है कि कई लोगों के लिए, आने-जाने में बिताया गया समय अतीत की बात हो गई है। तो इसका मतलब यह है कि हमारे पास अधिक खाली समय होना चाहिए। जो समय अब सोने, आराम करने या कुछ भी न करने में व्यतीत हो रहा है - ठीक है? यदि यह विचार कि आपके पास पहले से कहीं अधिक समय है, आपको कुछ सोचने पर मजबूर कर रहा है, तो आप अकेले नहीं हैं। इस बात के बढ़ते सबूत हैं कि डिजिटल तकनीक हमें कुछ समय बचाने में मदद कर सकती है, लेकिन हम उस समय का उपयोग ज्यादा से ज्यादा काम करने में करते हैं। हमने हाल ही में पूरे यूरोप में 300 लोगों का साक्षात्कार लिया, यह समझने के लिए कि वे दैनिक जीवन में डिजिटल उपकरणों का उपयोग कैसे करते हैं। इस शोध से पता चला कि लोग अपने जीवन में खाली समय से बचना चाहते हैं, इसलिए इस दौरान वह उन कार्यों को पूरा करते हैं, जिनमें से कुछ प्रौद्योगिकी के बिना संभव नहीं होंगे।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




बंगाल के दमदम में चुनावी रैली में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने टीएमसी और कांग्रेस को ललकारा


# लोग किसी विधायक या पार्टी सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि घुसपैठ मुक्त बंगाल बनाने के लिए मतदान करें, भाजपा राज्य को बनाएगी सुरक्षित-मजबूत

एजेंसी ▶▶ दमदम

पश्चिम बंगाल के दमदम में एक चुनावी रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनता से बड़ा आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी विधायक या पार्टी सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि घुसपैठ मुक्त बंगाल बनाने के लिए मतदान करना चाहिए। शाह ने रैली में कहा कि वोट का उद्देश्य राज्य को सुरक्षित और मजबूत बनाना होना चाहिए। उन्होंने जनता से अपील की कि वे ऐसे फैसले लें जिससे बंगाल में अवैध घुसपैठ पर रोक लग सके। राहुल गांधी का नाम लेते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पश्चिम बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में जनता का समर्थन पूरी तरह भाजपा के पक्ष में है।

**जनता का समर्थन भाजपा के साथ**

## कांग्रेस को असम में मिलेगी सबसे बुरी हार दीदी की हालत भी कमजोर, वे बाहर होंगी


मंच पर केंद्रीय गृहमंत्री शाह और प्रमुख नेतागण

### राहुल के असर से खरगे की भाषा बिगड़ गई

शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर तीखा हमला बोला, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। आतंकवाद को खत्म करने वाले को खरगे आतंकी कह रहे हैं। राहुल के साथ खरगे की भाषा भी बिगड़ गई है।



### तमिलनाडु और पुडुचेरी में कांग्रेस का नहीं खुलेगा खाता

शाह ने कहा कि मैं राहुल गांधी से कहना चाहता हूं कि तमिलनाडु और पुडुचेरी में वे दो अंकों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएंगे बंगाल में तो शायद वे अपना खाता भी न खोल पाएं और असम में कांग्रेस की अब तक की सबसे बड़ी हार होने वाली है। ममता दीदी आप इसी कांग्रेस के साथ बैठी हैं। आपकी स्थिति भी और बिगड़ने वाली है।

**अनुराग ने ममता पर आरोपों की बौछार की**

## प्रधानमंत्री ने जेब से 10 रु. दिए तो पीड़ा क्यों? वे कटमनी, कमीशन भूल गईं...



पीएम मोदी के झालमुड़ी खाने पर सीएम ममता बेनर्जी के हमले पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता भारत के प्रधानमंत्री लगातार तीसरी बार चुनकर आए हैं। वह एक छोटी दुकान पर झालमुड़ी खाने के लिए रुकते हैं, लोगों के साथ इस बात को साझा करते हैं, तो ममता कहती हैं प्रधानमंत्री की जेब में 10 रुपए कहां से आए? अरे ममता जी कट मनी, कट कमिशन खाने वालों ने लोगों की जेब में 10 रु.भी नहीं छोड़े?

### एनडीए की किसी राज्य में खाने पीने की रोक नहीं

मछली खाने पर आप की ओर से सवाल उठाए जाने पर ठाकुर ने कहा कि मैं 2000 से बंगाल आ रहा हूं। तब से मछली भात, रसगुल्ला, मिस्टी दही और संदेश खाता हूं, लेकिन आज संदेश देने का भी काम हो रहा है। 21 राज्यों एनडीए की सरकारें हैं। कहीं पर खाने-पीने पर कोई रोक नहीं है?

**पश्चिम बंगाल में बाइक बैन**

### ममता ने बनाया बड़ा चुनावी मुद्दा,हैरानी जताई



बंगाल के चुनाव वाले क्षेत्रों में बाइक के इस्तेमाल पर निर्वाचन आयोग की सख्ती से सीएम ममता बेनर्जी ने हैरानी और गुस्सा जाहिर किया है। ईसी ने 21 अप्रैल की शाम 6 बजे से मोटरबाइक की आवाजाही पर रोक लगा दी है।

**स्टालिन की मतदाताओं से अंतिम अपील**

### डीएमके गठबंधन को समर्थन देने का आग्रह



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रचार के अंतिम दिन मतदाताओं से अपील की। उन्होंने लोगों से राज्य के अधिकारों, संस्कृति और विकास की रक्षा के लिए डीएमके-गठबंधन का समर्थन को कहा।

**विधानसभा चुनाव से पहले ईसीआई सख्त**

### ईवीएम से छेड़छाड़ होने पर पुनर्मतदान का आदेश गड़बड़ी सामने आने पर होगी कार्रवाई कड़ी



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु और बंगाल के चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। किसी भी उम्मीदवार के बटन को टेप, गोंद से ढंका नहीं जाना चाहिए। कोई रंग, स्याही, इत्र या अन्य रसायन नहीं लगाया जाना चाहिए। ईवीएम में छेड़छाड़ या हस्तक्षेप चुनावी अपराध है। ऐसे मामले में ईसी दोषियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई करेगा। पूरे मतदान केंद्र पर फिर मतदान होगा।

योगी की ममता को खरी-खरी

## बंगाल की पहचान से नहीं कर पाएंगी खिलवाड़

बंगाल के लिए भाजपा के प्रचार अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जोरासांको में कहा कि कोलकाता के मेयर के बयान में उर्दू के इस्तेमाल की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल की पहचान के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। बंगाल की पहचान काबा से नहीं, बल्कि मां कालीबाड़ी से जुड़ी रही है। बंगाल में अव्यवस्था है।



### बंगाल की धरती पर सिर्फ बांग्ला चलेगी, उर्दू नहीं

योगी बंगाल के नादिया में टीएमसी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि टीएमसी के एक महापौर का दावा है कि वे बंगाल की आधी आबादी को उर्दू बोलने पर मजबूर कर देंगे। मैं उन्हें यह बताने आया हूं कि बंगाल की धरती पर केवल बांग्ला ही बोली जाएगी और बंगाली संस्कृति के माध्यम से भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा। योगी ने कहा कि उनकी एक सांसद कहती हैं कि उनके हृदय में काबा और आंखों में मदीना बसा है, जो अब नहीं रहेगा।

**कोलकाता में राहुल को रैली की परमिशन नहीं**

## कांग्रेस भड़की और कहा बंगाल ममता की निजी जागीर नहीं



**कोलकाता।** बंगाल में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को रैली की परमिशन न मिलने पर अब कांग्रेस ने टीएमसी पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस ने कहा कि बंगाल टीएमसी और ममता बेनर्जी की निजी जागीर नहीं हैं। राहुल के चुनावी दौरे की अनुमति न देना विशुद्ध रूप से राजनीतिक असुरक्षा है, जिसे प्रशासन का मुखौटा पहना दिया गया है। पार्टी ने कहा कि पुलिस ममता सरकार के इशारे पर काम कर रही है। संशोधित कार्यक्रम के लिए प्रशासनिक अनुमति का एक नया अनुरोध भेजा जाएगा।



### टीवीके पर ईसी एक्शन की तलवार? वोटिंग से ठीक पहले बढ़ी मुश्किलें

तमिलनाडु में मतदान से पहले भूचाल गया है। अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा टीवीके के खिलाफ चुनाव आयोग में एक गंभीर शिकायत दर्ज कराई गई है।

---

आई-पैक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री पर की सख्त टिप्पणी

# ममता ने लोकतंत्र को खतरे में डालने सिस्टम का इस्तेमाल किया, जांच के बीच में क्यों घुसीं?




आई-पैक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीएम ममता के खिलाफ कहा- यह अपने आप में एक ऐसे व्यक्ति का काम है, जिन्होंने लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया

**जस्टिस मिश्रा ने स्पष्ट किया कि यह केवल केंद्र और राज्य के बीच का विवाद नहीं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आई-पैक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के खिलाफ सख्त टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि यह अपने आप में एक ऐसे व्यक्ति का काम है, जो मुख्यमंत्री भी हैं और जिन्होंने लोकतंत्र को खतरे में डालने के लिए पूरे सिस्टम का इस्तेमाल किया है। उल्लेखनीय है कि बंगाल में विधानसभा चुनाव भी चल रहे हैं और दो फेज में वोटिंग होनी है। इस साल की शुरुआत में जनवरी महीने में ईडी ने आई-पैक के कई ठिकानों पर छापे मारे थे। इस दौरान, खुद ममता आईपैक के को-फाउंडर प्रतीक जैन के घर में रेड के समय घुस गई थीं और कुछ फाइलें लेकर आ गई थीं। तब यह बड़ा राजनैतिक मुद्दा बना था। केंद्रीय एजेंसी ने आरोप लगाया है कि बेनर्जी ने उस जगह से अहम सबूत हटा दिए। कोर्ट ने ममता के खिलाफ तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि उनके कामों ने लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी भी राज्य का मुख्यमंत्री, किसी जांच के बीच में, किसी जगह पर इस तरह से नहीं घुस सकता।

*ममता की एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी ने इसे सुनवाई योग्य न होने का दावा किया*

*आईपैक ने कानूनी कारणों से बंगाल में सभी ऑपरेशन 20 दिनों के लिए रोक दिए*



### संविधान बनाने वाले इस काम को मंजूरी नहीं देते

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान बनाने वाले इस काम को मंजूरी नहीं देते। आपने हमें अंबेडकर के लेखों के बारे में बताया, किसी ने भी ऐसी स्थिति की कल्पना नहीं की होगी कि मुख्यमंत्री, जब कोई जांच चल रही हो, तो दफ्तर में चला जाएगा।

**ममता ने सबूत हटाए**

### इसमें राज्य का कौन सा अधिकार शामिल?

इस तर्क से असहमति जताते हुए जस्टिस कुमार ने कहा कि इसमें राज्य का कौन-सा अधिकार शामिल है? यह राज्य और केंद्र सरकार के बीच का विवाद नहीं है। आप यूं ही बीच में दखल नहीं दे सकते। किसी भी राज्य का कोई भी मुख्यमंत्री, किसी जांच या तफ्तीश के बीच में ही पहुंच जाता है, और आप कहते हैं कि यह असल में राज्य और केंद्र सरकार के बीच का विवाद है?

### राज्य सरकार ने याचिका पर ही सवाल उठा दिया

राज्य ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत ईडी द्वारा दायर रिट याचिका की स्वीकार्यता पर सवाल उठाया है। राज्य के अधिकारियों की ओर से वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने यह तर्क दिया कि यह मामला मूल रूप से राज्य और केंद्र के बीच का विवाद है, और इसलिए अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका दायर करने के बजाय, भारत के संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत एक मुकदमा दायर किया जाना चाहिए।

### सीएम ममता ने रेड के बीच दखल दिया

आईपैक पर ईडी की रेड मामले में सीएम ममता के दखल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाते हुए कहा है कि उन्होंने रेड के बीच दखल देकर सिस्टम को ही खतरे में डाल दिया है। कोर्ट ने कहा कि ये कोई केंद्र और राज्य का झगड़ा नहीं है। हमने कभी नहीं सोचा था कि देश में ऐसा दिन भी आएगा। ममता की तरफ से पेश वकील मेनका गुरुस्वामी ने राज्य और केंद्र के बीच के एक मामले का हवाला देते हुए कहा कि ईडी को सुप्रीम कोर्ट के सामने मौलिक अधिकार लागू करने की अर्जी दाखिल करने का अधिकार नहीं है, तो जस्टिस मिश्रा ने इस पर अपनी टिप्पणी की।

### दोष साबित करने वाले सारे सबूत छीन लिए

जस्टिस मिश्रा ने कहा कि यह केंद्र और राज्य के बीच का मामला नहीं है।यहां राज्य का कौन सा अधिकार शामिल है? यहां एक ऐसा मामला है जहां एक व्यक्ति जो राज्य का सीएम है, जांच के बीच में एक जगह चला जाता है, जिससे लोकतंत्र खतरे में पड़ जाता है? आप इसे राज्य और केंद्र सरकार के बीच का झगड़ा नहीं कह सकते।

### ईडी ने तृणमूल के दो उम्मीदवारों को भेजा समन

प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने भी तटीएमसी के नेताओं के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है। ईडी ने सुजीत बोस और रथिन घोष को 24 अप्रैल को उनके सामने पेश होने के लिए चौथा समन जारी किया है। सुजीत बंगाल विधानसभा चुनाव में बिधाननगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

---

नई हरियाणा इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2026 को लेकर निवेशकों से सीधा संवाद

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में उद्योगपतियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार नई औद्योगिक नीति को अंतिम रूप देने से पहले उद्योगपतियों से सीधे संवाद कर रही है इसका उद्देश्य उनकी आवश्यकताओं और सुझावों को नीति में शामिल किया जा सके। मुख्यमंत्री सैनी ने बुधवार को हरियाणा भवन, नई दिल्ली में हरियाणा औद्योगिक नीति 2026 (ड्राफ्ट) एवं सेक्टोरल नीतियों पर उद्योग प्रतिनिधियों के साथ परामर्श विषय पर आयोजित मीटिंग में संबोधित कर रहे थे। मीटिंग में उन्होंने देश व दुनिया के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ हरियाणा औद्योगिक नीति 2026 पर सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य प्रस्तावित हरियाणा इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2026 एवं ड्राफ्ट सेक्टोरल पॉलिसी पर उद्योग जगत से सुझाव लेना तथा निवेश को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि हरियाणा की नई औद्योगिक नीति देश की सर्वोत्तम नीतियों का अध्ययन कर तैयार की गई है और इसका उद्देश्य निवेशकों को सरल, पारदर्शी एवं सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना है।

**निवेश बढ़ाने और समस्याओं के समाधान पर जोर**

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि जो कंपनियां हरियाणा में निवेश की योजना बना रही हैं, उनके साथ सरकार सक्रिय रूप से संवाद कर रही है। उद्योगपतियों द्वारा बताई गई समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से लिया जा रहा है, ताकि नीति को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा का औद्योगिक वातावरण पहले से ही अनुकूल है और नई नीति के तहत इसे और बेहतर किया जाएगा।

### 10 नए आईएमटी विकसित करने की योजना

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार भविष्य में 10 नए इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। अंबाला और नारायणगढ़ में इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप भूमि खरीद की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा, जापानी कंपनियों के लिए एक विशेष विकसित करने की भी योजना है। उन्होंने यह भी बताया कि उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए "स्पोर्ट बूस्टर" जैसी नई पहल भी प्रस्तावित है। बैठक के दौरान उद्योग विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा सरकार "विकसित भारत" के व्यापक विज़न के अनुरूप "विकसित हरियाणा" के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार उद्योगों की बदलती आवश्यकताओं, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और तकनीकी नवाचारों को ध्यान में रखते हुए एक सुदृढ़ औद्योगिक नीति का बना रही है, ताकि हरियाणा को एक सशक्त और विकसित अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार निवेश अनुकूल वातावरण तैयार करने, 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और बेहतर बनाने तथा उद्योगों को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने पर विशेष जोर दे रही है। राज्य में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के विस्तार, और डिजिटल गवर्नेंस के माध्यम से औद्योगिक विकास को नई गति दी जा रही है। इसी के बलबूते आज हरियाणा निवेशकों की पहली पसंद बन गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी संक्लेश सिंह पुत्र स्व. राम जी सिंह पता:** मकान नं. 1958, चतुर्थ तल, कमरा नं. 5, गांव पिलांजी, के. एम. पुर, नई दिल्ली **FIR No. 338/2024, U/S: 115(2)/75/331 भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थाना: कोटला मुबारकपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संक्लेश सिंह,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संक्लेश सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **संक्लेश सिंह, FIR No. 338/2024, U/S: 115(2)/75/331 भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थाना: कोटला मुबारकपुर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री छवि बंसल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11
दक्षिण पूर्व जिला कोर्ट नं. 09
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/5196/SD/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तग **शेख अमीनम, पुत्र: शेख नूर, निवासी: झुग्गी संख्या सी–37/84, सी–ब्लॉक, जहांगीर पुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 386/19, U/s: 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना महिंद्रा पार्क, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शेख अमीनम** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शेख अमीनम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना महिंद्रा पार्क, दिल्ली** के अभियुक्त **शेख अमीनम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने कें लिए दिनांक **02.09.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अमरदीप कौर
एल.डी. एसीजेएम, उत्तर, कमरा नंबर 117
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5161/NW/2026

---

**मूंग से सरसों तक केंद्र का मजबूत समर्थन, किसानों को एमएसपी का मिलेगा लाभः शिवराज**

# ओडिशा के किसानों को बड़ी राहतः कृषि मंत्रालय ने 5 फसलों की खरीद को दी मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में ओडिशा के उप मुख्यमंत्री एवं कृषि व किसान सशक्तिकरण मंत्री कनक वर्धन सिंह के साथ हुई वर्चुअल बैठक में राज्य की मांगों पर त्वरित और सकारात्मक निर्णय लेते हुए मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी और सरसों की खरीद के लिए महत्वपूर्ण स्वीकृतियां दीं। स्वीकृतियों का कुल एमएसपी मूल्य



1,428.31 करोड़ से अधिक होगा। चौहान ने स्पष्ट कहा कि ओडिशा के किसानों की सहायता में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी, लेकिन खरीद प्रक्रिया पारदर्शी, ईमानदार और सीधे किसानों से सुनिश्चित होनी चाहिए। चौहान ने कहा कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ समय पर और पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से मिलना चाहिए। बैठक में राज्य सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्तावों, उत्पादन अनुमानों और खरीद की आवश्यकता पर विचार करने के बाद केंद्र की ओर से सिंह ने 5 प्रमुख फसलों के लिए स्वीकृति देने का निर्णय लिया। सिंह द्वारा मूंग के लिए ओडिशा की 34,492 मीट्रिक टन की मांग को स्वीकृति दी गई, जिसका एमएसपी मूल्य 302.42 करोड़ है। उड़द के लिए 1,19,387 मीट्रिक टन की मांग को मंजूरी दी गई।

**खेती से बाजार तक समग्र सुधार पर फोकस, किसान समृद्धि के नए मॉडल पर मंथनः शिवराज**

## लखनऊ में कल होगा उत्तर क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन खेती से जुड़े मुद्दों पर ठोस कार्ययोजना की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर 24 अप्रैल को लखनऊ में उत्तर क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन किसान होगा। इस सम्मेलन में उत्तर भारत के राज्यों के कृषि मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों, प्रगतिशील किसानों, एफपीओ, स्टार्टअप्स, केवीके, वित्तीय संस्थानों और खरीद एजेंसियों की भागीदारी के माध्यम से खेती, किसान आय, तकनीक, विपणन और कृषि अवसंरचना से जुड़े मुद्दों पर ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कृषि भवन, नई दिल्ली में चौहान ने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा- निर्देश दिए। कृषि क्षेत्र को अधिक आधुनिक, समावेशी और किसानोन्मुख बनाने का उद्देश्य है।

## खबर संक्षेप

### अकासा एयर के बेड़े में शामिल हुआ नया विमान



**नई दिल्ली।** अकासा एयर ने एक बोइंग 737 मैक्स 8-200 विमान की आपूर्ति प्राप्त की है। इसके साथ उसके बेड़े में विमानों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है। चार महीनों में सात विमान शामिल किए जा चुके हैं। अगस्त 2022 में उड़ान शुरू करने वाली इस एयरलाइन कंपनी ने कहा कि लगातार बेड़े में हो रही बढ़ोतरी से उसका नेटवर्क और मजबूत होगा।

### टेक महिंद्रा के लाभ में 16 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** कंपनी टेक महिंद्रा का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत बढ़कर 1,353.8 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी 2024-25 की चौथी (मार्च) तिमाही में मुनाफा 1,166.7 करोड़ रुपये रहा था। परिचालन आय 12.6 प्रतिशत बढ़कर 15,076.1 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 13,384 करोड़ रुपये थी।

### पांच लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन शुरू



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से एलपीजी की आपूर्ति पर बने दबाव के बीच मार्च से अब तक देश में पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) के 5.01 लाख से अधिक नए कनेक्शनों में आपूर्ति शुरू हो चुकी है, जबकि 5.68 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने नए कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

- **मेष** — आज दिन काफी सकारात्मक और ऊर्जावान रहेगा। करियर में मेहनत रंग लाएगी, पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।
- **वृष** — आज स्थिरता और धैर्य का दिन होगा। वीनस अपनी राशि के प्रभाव से आर्थिक लाभ और सुख-सुविधाएं बढ़ा सकता है।
- **मिथुन** — आज चंद्रमा मिथुन में होने से बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से दिन अनुकूल रहेगा, लेकिन व्यर्थ खर्च से बचें।
- **कर्क** — चंद्रमा की स्थिति से घरेलू मामलों में सुधार होगा, लेकिन शनि के प्रभाव से कुछ चुनौतियां आ सकती हैं। करियर में मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी।
- **सिंह** — सूर्य के प्रभाव से आत्मविश्वास उच्च रहेगा। करियर में तरक्की के अवसर आएंगे, बॉस या वरिष्ठों का समर्थन मिलेगा। परिवार में आनंद का माहौल रहेगा।
- **कन्या** — आज विश्लेषणात्मक सोच काम आएगी। नौकरी में छोटे-मोटे बदलाव हो सकते हैं। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, लेकिन निवेश सावधानी से करें।
- **तुला** — आज सौंदर्य और संतुलन का दिन होगा। वीनस के प्रभाव से रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। परिवार के साथ समय बिताना सुखद रहेगा।
- **वृश्चिक** — शनि के उदय से कुछ चुनौतियां आ सकती हैं, इसलिए सावधानी बरतें। करियर में मेहनत रंग लाएगी। आर्थिक दृष्टि से दिन मिश्रित रहेगा।
- **धनु** — आज भाग्यशाली दिन रहेगा। गुरु के प्रभाव से नई ऊर्जा मिलेगी। आर्थिक लाभ अच्छा रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं। परिवार में खुशियां छाई रहेंगी।
- **मकर** — करियर में उपलब्धियां हासिल होंगी। परिवार में सम्मान बढ़ेगा। प्रेम में गंभीरता दिखाएं। धैर्य बनाए रखें और लक्ष्य पर फोकस करें।
- **कुंभ** — यूरेनस के प्रभाव से रचनात्मकता बढ़ेगी। करियर में अप्रत्याशित सफलता मिल सकती है। आर्थिक पक्ष अनुकूल रहेगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।
- **मीन** — नेप्च्यून के प्रभाव से आध्यात्मिक रुचि बढ़ेगी। करियर में रचनात्मक कार्यों से सफलता मिलेगी। परिवार में भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा।

### वस्त्र मंत्रालय ने वर्ष 2025-26 के लिए जारी की रिपोर्ट

# भारत का वस्त्र निर्यात 2025-26 में 2.1 प्रतिशत बढ़कर 3.16 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हस्तशिल्प सहित देश का वस्त्र निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 2.1 प्रतिशत बढ़कर 3.16 लाख करोड़ रुपये हो गया। 2024-25 में यह 3.09 लाख करोड़ रुपये था। वस्त्र मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह वृद्धि उस समय हुई जब समूचे वित्त वर्ष के अधिकतर समय क्षेत्र को उसके सबसे बड़े निर्यात गंतव्य अमेरिका द्वारा लगाए गए ऊंचे शुल्क का सामना करना पड़ा। अमेरिका ने जवाबी शुल्क व्यवस्था दो अप्रैल 2025 को 10 प्रतिशत से लागू की और यह दर निरंतर तेजी से बढ़ती गई। भारत के लिए दरें सात अगस्त 2025 तक 25 प्रतिशत और 28 अगस्त तक 50 प्रतिशत हो गईं जो फरवरी 2026 की शुरुआत तक इसी स्तर पर बनी रहीं। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लागू किया।



- वर्ष 2024-25 में यह 3.09 लाख करोड़ रुपए था
- अतिकतर समय क्षेत्र को अमेरिका के ऊंचे शुल्क का सामना करना पड़ा
- अमेरिका ने जवाबी शुल्क व्यवस्था दो अप्रैल 2025 से लागू की



#### 120 से अधिक देशों को निर्यात

न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर लगाए गए व्यापक शुल्क को खारिज कर दिया था। मंत्रालय ने कहा कि यह प्रदर्शन भारतीय वस्त्र उत्पादों की स्थिर वैश्विक मांग और प्रमुख उत्पाद श्रेणियों में क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को दर्शाता है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के दौरान सालाना आधार पर 120 से अधिक गंतव्यों में निर्यात वृद्धि दर्ज की गई जो भौगोलिक विस्तार का संकेत है।

#### प्रमुख बाजारों में अमीरात व जर्मनी रहे

प्रमुख बाजारों में संयुक्त अरब अमीरात (22.3 प्रतिशत), ब्रिटेन (7.8 प्रतिशत), जर्मनी (9.9 प्रतिशत), स्पेन (15.5 प्रतिशत), जापान (20.6 प्रतिशत), मिस्र (38.3 प्रतिशत), नाइजीरिया (21.4 प्रतिशत), सेनेगल (54.4 प्रतिशत) और सूडान (205.6 प्रतिशत) में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। प्रमुख खंडों में सिले हुए वस्त्रों (आरएमजी) का सबसे अधिक योगदान रहा जिसका निर्यात 1.35 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 1.39 लाख करोड़ रुपये हो गया, यानी 2.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

#### ब्रिटेन और यूरोपीय संघ बाजार की ओर रुख

*चेयरमैन ने कहा कि भविष्य में ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे प्रमुख बाजारों के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते प्रतिस्पर्धात्मकता और बाजार पहुंच बढ़ाकर निर्यात को महत्वपूर्ण बढ़ावा देंगे। शक्तिवेल ने कहा कि साथ ही, लागत दबाव से निपटने और निर्यात गति बनाए रखने के लिए योजनाओं के माध्यम से नीतिगत समर्थन जारी रहना जरूरी होगा। आने वाले वर्ष में यह क्षेत्र मजबूत वृद्धि के लिए अच्छी स्थिति में है।*

#### हथकरघा उत्पादों का निर्यात स्थिर रहा

*सूती धागे, कपड़े, तैयार माल और हथकरघा उत्पादों का निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में स्थिर रहा। ये 0.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.02 लाख करोड़ रुपये रहा। मानव निर्मित धागे, कपड़े और तैयार उत्पादों में 3.6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई जिसमें निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 41,196 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 के दौरान 42,687.8 करोड़ रुपये हो गया।*

**हाथ से बने कालीन ने सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की :** मूल्य-वर्धित खंडों में हस्तशिल्प (हाथ से बने कालीन को छोड़कर) ने सबसे अधिक 6.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जो 2024-25 के 14,945.5 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 15,855.1 करोड़ रुपये हो गया।

## सरकार ने दी विमानन ईंधन में एथेनॉल मिश्रण की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने विमानों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन एटीएफ में एथनॉल और कृत्रिम हाइड्रोकार्बन के मिश्रण की अनुमति दे दी है लेकिन इसके लिए अभी कोई लक्ष्य तय नहीं किया गया है। एक सरकारी अधिसूचना से यह जानकारी मिली है। आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा) के तहत एटीएफ विपणन नियमन आदेश, 2001 में संशोधन के बाद यह कदम उठाया गया है। इससे एटीएफ की परिभाषा का दायरा बड़ा हो गया है जिससे कृत्रिम हाइड्रोकार्बन के मिश्रण की राह आसान हो गई है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की तरफ से जारी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के मुताबिक, एटीएफ की परिभाषा का विस्तार कर उसमें सिंथेटिक हाइड्रोकार्बन के साथ मिश्रण को शामिल किया गया है।

**LOST AND FOUND**

I, GANESH KUMAR GUPTA SON OF SHRI PAWAN KUMAR GUPTA RESIDENT OF A-1/173, THIRD FLOOR, SAFDARJUNG ENCLAVE, DELHI-110029, do hereby solemnly affirm and inform That the following sale deed in respect of Property No. D-10, Vikas Marg, Delhi-110092 has been lost/ misplaced and are not traceable till now: Sale Deed Registered a Registration No. 10996 in add Book No. 1 Volume No. 1931 on pages 47-53 dated 02/09/2005 day of Friday in the Office of SR-V-III, Delhi (2) Sale Deed executed on 18/7/1994 duly Regd. as Document No. 2825 Book No.1 Volume No. 2602 on pages 65-72 dated 22/7/1994 in the Office of SR-IV-Delhi (3) Sale Deed executed on 6/5/2013 duly Registered as Document No. 7746 Book No.1 Volume No. 7380 on pages 1-10- Regd. on 7/5/2013 in the Office of SR-VIII Delhi (4) GPA executed on 11/8/1994 registered as Document No. 17011 Book No.IV Volume No. 3041 on pages 162-165 dated 11/8/1994 in the Office of SR-I-Delhi (5) Will executed by Smt. Bharti Arora in favour of Santosh Rastogi dated 11/8/1994 and (6) ATS executed by Smt. Bharti Arora in favour of Santosh Rastogi dated 11/8/1994.

GANESH KUMAR GUPTA

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर. संचार अभि./प्रोजेक्ट यूनिट दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **N.I.T No. :** Project_DLI_SNT_26_06 dated 22.04.2026 |
| 2. | **कार्य का नाम :** उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के अंतर्गत पानीपत-रोहतक और रोहतक-अस्थल बोहर-रेवाड़ी (HUN) सेक्शन में TVU>10000 वाले लेवल क्रॉसिंग (LC) गेटों के इंटरलॉकिंग के लिए (सिग्नल एंड टेलीकॉम) कार्यों के लिए टेंडर। |
| 3. | **अनुमानित लागत :** रु. 2,48,13,341.86/- |
| 4. | **धरोहर राशि :** रु. 4,96,300/- |
| 5. | **समापन अवधी :** 12 महीने |
| 6. | **ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय :** 14.05.2026 को 11:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 14.05.26 को 11:00 बजे |
| 7. | **निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है : www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है |

सं.: Project_DLI_SNT_26_06 Dated: 22.04.2026 1337/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## सेंसेक्स 757 अंक फिसला निफ्टी भी नुकसान में बंद

**मुंबई।** पश्चिम एशिया संकट जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी और आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार में तीन दिनों से जारी तेजी बुधवार को थम गई। सेंसेक्स में करीब 757 अंकों की गिरावट रही जबकि निफ्टी 198 अंक टूट गया।



विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी और पश्चिम एशिया में लंबे समय तक अस्थिरता की आशंका से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 756.84 अंक टूटकर 78,516.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 831.03 अंक तक लुढ़क गया था। इसी तरहनिफ्टी 198.50 अंक यानी 0.81 प्रतिशत गिरकर 24,378.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर में 10.85 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। कंपनी के मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को प्रभावित नहीं कर सके और बिकवाली तेज हो गई। इसके अलावा इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक भी नुकसान में रहे। निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित : लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा, /"अमेरिका-ईरान वार्ता ठप होने से पश्चिम एशिया में दीर्घकालिक अस्थिरता की आशंका बढ़ने से निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई। इसके साथ ही कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहने से मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता पर दबाव बढ़ा है।

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में करीब दो दशक पहले स्थानीय विरोध के कारण अपनी बड़ी परियोजना छोड़ चुकी दक्षिण कोरिया की दिग्गज इस्पात कंपनी पोस्को अब राज्य में वापसी करने जा रही है। कंपनी जेएसडब्ल्यू समूह के साथ मिलकर एक नई इस्पात परियोजना लगाएगी।

## ब्रिटानिया टाइगर क्रंच ने टाइगर हीरो हंट लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** बुलिंग अक्सर रोजमर्रा के पलों में छिपी होती है और कई बार तब तक नजर नहीं आती, जब तक उसका गहरा असर महसूस न होने लगे। इन स्थितियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ब्रिटानिया टाइगर क्रंच ने टाइगर हीरो हंट लॉन्च किया है। यह एक जागरूकता-आधारित उपभोक्ता अभियान है, जिसे ऐसी कहानियों के जरिए तैयार किया गया है जो बच्चों को खुद से जोड़े रखती हैं और उन्हें उस स्थिति के अनुभव का अहसास कराती हैं, ताकि वे बुलिंग को आसानी से पहचान सकें। वीएमएल द्वारा तैयार किया गया यह अभियान एक सरल ऑन-पैक एक्टिवेशन के माध्यम से काम करता है।

## इंडक्शन चूल्हे के उपकरणों पर सीमा शुल्क कटौती पर विचार

**नई दिल्ली।** सरकार घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और पश्चिम एशिया संकट के बीच कीमतों में वृद्धि से निपटने के लिए इंडक्शन चूल्हे के महत्वपूर्ण उपकरणों पर सीमा शुल्क में कटौती करने पर विचार कर रही है।

एक अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने इन चूल्हे को और अधिक किफायती बनाने के लिए इन पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने की सिफारिश भी की है। पश्चिम एशिया संकट ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य से तेल और गैस ले जाने वाले जहाजों की आवाजाही को बाधित कर दिया है, जिससे रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसके चलते लोग इंडक्शन यानी इलेक्ट्रिक चूल्हे और इसके अनुकूल बर्तन खरीद रहे हैं।




## सी. आर. पाटिल ने 9वें भारत अंतर्राष्ट्रीय जल सप्ताह का शुभारंभ किया

नई दिल्ली। सी. आर. पाटिल ने 9वें भारत अंतर्राष्ट्रीय जल सप्ताह का शुभारंभ किया, जो भारत का प्रमुख वैश्विक जल कार्यक्रम है। 150 देशों को आमंत्रित किया गया। यह मंच जलवायु-लचीले जल प्रबंधन और वैश्विक सहयोग पर संवाद को आगे बढ़ाएगा। जल शक्ति मंत्रालय 22 से 26 सितंबर 2026 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में जलवायु-लचीला जल प्रबंधन विषय पर भारत अंतर्राष्ट्रीय जल सप्ताह के 9वें संस्करण का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम की शुरुआत के अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने आज नई दिल्ली के श्रम शक्ति भवन में आईआईडब्ल्यूडब्ल्यू -2026 का शुभारंभ किया; इस दौरान उन्होंने अधिकारिक विवरणिका जारी की और आईआईडब्ल्यूडब्ल्यू -2026 के लिए वेबसाइट पोर्टल को लाइव किया। इस कार्यक्रम की शोभा जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के सचिव वी.एल. कांता राव; पेयजल और स्वच्छता विभाग के सचिव अशोक के. के. मीणा; राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी के महानिदेशक बालेश्वर ठाकुर; केंद्रीय जल आयोग के अध्यक्ष अनुपम प्रसाद; तथा राष्ट्रीय जल मिशन की अतिरिक्त सचिव और मिशन निदेशक अर्चना वर्मा ने बढ़ाई। इनके साथ ही मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार सरल क्र. 01 से 02 हेतु दिनांक 05.05.2026, सरल क्रं. 3 से 5 हेतु दिनांक 11.05.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ.सू/ क्र.दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 13 | जिला रायगढ़ विकासखण्ड रायगढ़ के केवराबाड़ी में शासकीय हाईस्कूल भवन निर्माण कार्य । द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग । मद संख्या- 67-4202-3490 | 67.29 |
| 2 | 14 | जिला मुंगेली के खम्हरिया पहुंच मार्ग 450 मीटर एवं तोरला पहुंच मार्ग के कि.मी. 1/2 से 1/6 (160) : = 560 मीटर में विशेष मरम्मत कार्य । द्वितीय आमंत्रण । संभाग मुंगेली । मद संख्या -24-5054-7984 | 99.07 |
| 3 | 15 | जिला बिलासपुर के सेंदरी बस स्टैण्ड से रमतला मार्ग लं. 1.20 कि.मी. निर्माण कार्य । प्रथम आमंत्रण । संभाग क्र. 1 बिलासपुर । मद संख्या-24-5054-4557 | 62.60 |
| 4 | 16 | जिला कोरबा के विकासखण्ड पोडीउपरोडा अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लालपुर में आवासीय भवन का निर्माण कार्य । प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग । मद संख्या - 8443 जमा मद । | 44.68 |
| 5 | 17 | जिला रायगढ़ के वि.ख. रायगढ़ के रामभांठा में शासकीय हाईस्कूल भवन निर्माण कार्य । प्रथम आमंत्रण । रायगढ संभाग । मद संख्या -67-4202-3490 | 67.50 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है ।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर


G-262700318/9

## हिंदी ज़ी 5 ने 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' की घोषणा की

**नई दिल्ली।** हिंदी ज़ी 5 ने अपनी आगामी ओरिजिनल डॉक्यू-सीरीज़ 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' का दमदार और रोमांचक ट्रेलर जारी किया है। एक सांस्कृतिक संदर्भ में रची-बसी कहानी, जो दिखाती है कि किन वजहों से किसी व्यक्ति का रुझान अपराध की ओर बनता है। रिवरलैंड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और राघव दर्र के निर्देशन में बनी यह सीरीज़ 27 अप्रैल को प्रीमियर होगी। लॉरेंस ऑफ़ पंजाब' एक अपराधी की पहचान के सफर को संस्कृति, व्यवस्था और पहचान के नजरिए से प्रस्तुत करता है। छात्र राजनीति और संगीत से लेकर विचारधारा और मीडिया के प्रभाव तक, यह सीरीज़ दिखाती है कि कैसे महत्वाकांक्षा, शक्ति और धारणा आपस में मिलकर एक नए दौर के डिजिटल सिंडिकेट को आकार देती हैं। इस पूरे परिदृश्य में लॉरेंस बिश्नोई को एक प्रमुख उदाहरण के रूप में रखते हुए, कहानी केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि व्यापक सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ की पड़ताल करती है और इसके परिणामों पर भी ध्यान केंद्रित करती है।कावेरी दास, बिज़नेस हेड – हिंदी ज़ी 5 और चीफ चैनल ऑफिसर एंड टीवी , ने कहा:"हिंदी ज़ी 5 पर हम लगातार अपनी कहानी कहने की शैली को विकसित कर रहे हैं, ताकि वह हमारे दर्शकों की बदलती सोच और भावनाओं के अनुरूप हो सके। लॉरेंस ऑफ पंजाब के साथ हमारा उद्देश्य अपराध की कहानियों तक सीमित रहना नहीं था बल्कि आगे बढ़कर उन गहरे सांस्कृतिक संदर्भों को समझना है, जो इन्हें आकार देते हैं।

## चांदी 2,700 रुपये फिसली और सोना 300 रुपये टूटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- चांदी फिसलकर 2.55 लाख रुपए किलो पर आई
- सोने की कीमत टूटकर 1.57 रुपए प्रति दस ग्राम

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को अमेरिका-ईरान शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता के बीच सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जबकि चांदी 2,700 रुपये फिसलकर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये टूटकर 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई, क्योंकि अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत की योजना विफल हो गयी। हालांकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघर्ष विराम की अवधि बढ़ा दी है।'' गांधी ने कहा कि प्रगति की कमी ने अनिश्चितता को बढ़ाए रखा, जिससे कच्चे तेल और डॉलर की कीमतों को समर्थन मिला, जबकि कीमती धातुओं के लिए यह एक बाधा साबित हुआ।

## ओटीपी की अब छुट्टी, 15,000 तक के ऑटो पेमेंट के लिए नहीं डालना होगा ओटीपी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने डिजिटल पेमेंट्स को और सुरक्षित बनाने के लिए ई-मैंडेट से जुड़े नए नियम जारी किए हैं।



इन गाइडलाइंस को डिजिटल पेमेंट ई-मैंडेट फ्रेमवर्क 2026 नाम दिया गया है और ये तुरंत लागू कर दिए गए हैं। इन गाइडलाइंस के तहत अब बार-बार होने वाले ट्रांजैक्शन के लिए अतिरिक्त ऑथेंटिकेशन फैक्टर (एएफए) यानी ओटीपी जैसी सुरक्षा प्रक्रिया को जरूरी बनाया गया है। बात करें ई-मैंडेट की तो ई- मैंडेट एक ऐसी सुविधा है, जिसमें ग्राहक पहले से किसी पेमेंट की अनुमति दे देता है, जिससे तय समय पर अपने आप ही पैसे कट जाते हैं। यह रकम फिक्स भी हो सकती है और बदलती हुई भी, लेकिन बदलती रकम में अधिकतन लिमिट तय करने का ऑप्शन मिलेगा। बता दें कि हर ट्रांजैक्शन से कम से कम 24 घंटे पहले ग्राहक को सूचना दी जाएगी। इस नोटिफिकेशन में मर्चेंट का नाम, पैसे, तारीख और टाइम जैसी सभी जानकारी होगी। ग्राहक एसएमएस या फिर ईमेल से नोटिफिकेशन पाने का ऑप्शन चुन सकता है। बदलाव और कैंसिलेशन के नियम क्या है? मैंडेट में अगर आपको बदलाव या उसे बंद करना हो तो उसके लिए एएफए जरूरी होगा।

## शब्द पहेली - 6204



**बाएँ से दाए-**


2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**

1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

**शब्द पहेली -6203 का हल**





## आईपीएल : रविन्द्र जडेजा ने 43 रन बनाए और एक विकेट भी झटका

# जडेजा के हरफनमौला खेल से राजस्थान ने लखनऊ को 40 रन से दी करारी शिकस्त

भाषा ▶▶| लखनऊ

रविंद्र जडेजा के हरफनमौला खेल और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से शिकस्त दी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' जडेजा ने 29 गेंद में नाबाद 43 रन की पारी खेलने के बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 29 रन देकर एक विकेट लिया। राजस्थान रॉयल्स ने आठ विकेट पर 159 रन का औसत स्कोर खड़ा करने के बावजूद सुपर जायंट्स को 18 ओवर में महज 119 रन पर आउट कर 40 रन की बड़ी जीत दर्ज की।

■ आर्चर ने तीन और नांद्रे बर्गर ने दो विकेट लिए

जोफ्रा आर्चर (20 रन पर तीन विकेट) और नांद्रे बर्गर (27 रन पर दो विकेट) ने सुपर जायंट्स के शीर्ष क्रम को झकझोरा, तो वहीं बृजेश शर्मा (18 रन पर दो विकेट), जडेजा और रवि बिश्नोई (23 रन पर एक विकेट) ने मध्य और निचले क्रम को क्रीज पर जमने का मौका नहीं दिया। सुपर जायंट्स के लिए मिचेल मार्श ने 41 गेंदों में सबसे ज्यादा 55 रन का योगदान दिया। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से किसी और का साथ नहीं मिला। उनके अलावा निकोलस पूरन (22) और हिम्मत सिंह (15) ही दोहरे अंक में रन बना सके। इससे पहले जडेजा के अलावा यशस्वी जायसवाल (22), रियान पराग (20), शिमरॉन हेटमायर (22) और डोनोवन फरेरा (20) को भी अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन कोई भी बड़ा स्कोर नहीं बना सका। मोहम्मद शमी और मोहसिन खान की अगुवाई में सुपर जायंट्स के भारतीय गेंदबाजों के आक्रमण ने राजस्थान रॉयल्स की मजबूत बल्लेबाजी को कम स्कोर पर रोका लेकिन सुपर जायंट्स के बल्लेबाजों ने गेंदबाजों के प्रयास को जाया कर दिया। यह लगातार तीसरा मैच है जब राजस्थान रॉयल्स का शीर्ष क्रम पूरी तरह विफल रहा है, जिससे टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही है।


मैन ऑफ द मैच

अनुभवी गेंदबाज शमी (चार ओवर में 30 रन पर दो विकेट) एक बार फिर अपने कौशल के बूते सबसे अलग नजर आए, जबकि लंबे कद के मोहसिन (चार ओवर में 17 रन पर दो विकेट) बेहद अनुशासित रहे। दोनों गेंदबाजों ने मिलकर राजस्थान के चार प्रमुख बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। शमी ने जायसवाल और ध्रुव जुरेल (शून्य) को लगातार गेंदों पर आउट किया। जबकि मोहसिन ने वैभव सूर्यवंशी (11 गेंदों पर 8 रन) और शिमरॉन हेटमायर को अलग-अलग स्पेल में आउट किया।

### राजस्थान-159/6

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का पंत बो शमी | 22 |
| वैभव सूर्यवंशी का राठी बो मोहसिन | 08 |
| ध्रुव जुरेल का पंत बो शमी | 00 |
| रियान पराग का पूरन बो प्रिंस | 20 |
| हेटमायर का प्रिंस बो मोहसिन | 22 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 43 |
| फरेरा का मोहसिन बो प्रिंस | 20 |
| शुभम दुबे नाबाद | 19 |

अतिरिक्तः 05
कुल योगः 20 ओवर में छह विकेट परः 159 रन
विकेट पतनः 1-32, 2-32, 3-32, 4-62, 5-77, 6-110
गेंदबाजीः शमी 4-0-30-2, प्रिंस 4-0-29-2, मोहसिन 4-1-17-2, मयंक 4-0-56-0, राठी 4-0-26-0

### लखनऊ-119/10

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मिचेल मार्श का पराग बो बर्गर | 55 |
| आयुष बडोनी रन आउट | 00 |
| ऋषभ पंत का जुरेल बो बर्गर | 00 |
| एडेन मारक्रम का जुरेल बो आर्चर | 00 |
| निकोलस पूरन का फरेरा बो जडेजा | 22 |
| हिम्मत सिंह बो बिश्नोई | 15 |
| मुकुल चौधरी का पराग बो बृजेश | 07 |
| मोहम्मद शमी बो बृजेश | 06 |
| मयंक यादव का जुरेल बो आर्चर | 02 |
| दिग्वेश राठी नाबाद | 02 |
| मोहसिन खान बो आर्चर | 00 |

अतिरिक्तः 07, कुल योगः 18 ओवर में सभी आउटः 119 रन, विकेट पतनः1-9, 2-10, 3-11, 4-54, 5-91, 6-105, 7-111, 8-113, 9-119
गेंदबाजीः आर्चर 4-0-20-3, बर्गर 4-0-27-2, बृजेश 3-0-18-2, जडेजा 4-0-29-1, बिश्नोई 3-0-23-1

### मुंबई और चेन्नई में महामुकाबला आज

**मुंबई।** अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम गुरुवार को जब आईपीएल में आमने-सामने होंगी तो वे अपने पूर्व कप्तानों रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी की संभावित वापसी पर नजर रखकर अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेंगी। रोहित (हैमस्ट्रिंग) और धोनी (पिंडली में खिंचाव) वापसी की राह पर हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या इनमें से कोई भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतरेगा। रोहित ने वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं खेलने वाले धोनी ने जमकर अभ्यास किया। इससे उनकी इंपैक्ट प्लेयर के रूप में वापसी की संभावना बन गई है। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की वापसी इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है कि अब तक पांच-पांच खिताब जीतने वाली यह दोनों टीम कई समस्याओं से जूझ रही हैं।

## आईपीएल में फूटा 'स्मोकिंग बम'
### सिगरेट पीते हुए रबाडा की क्लिप वायरल?



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के बीच एक वीडियो ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। दावा किया जा रहा है कि गुजरात टाइटंस के स्टार तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा होटल में सिगरेट पीते नजर आए। हालांकि, इस वीडियो की सच्चाई अभी तक साबित नहीं हो सकी है, लेकिन फैंस के बीच इसको लेकर बहस तेज हो गई है।

दरअसल, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक क्लिप में रबाडा जैसे दिखने वाले शख्स को सिगरेट पीते हुए देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो गुजरात टाइटंस के टीम होटल का हो सकता है, लेकिन इसकी लोकेशन और समय की पुष्टि नहीं हो पाई है। वीडियो में कुछ अन्य लोग भी नजर आ रहे हैं, जिन्हें टीम से जुड़ा बताया जा रहा है, मगर उनकी पहचान भी साफ नहीं हो सकी है। ऐसे में पूरे मामले को लेकर स्थिति अभी भी अस्पष्ट बनी हुई है। गौरतलब है कि रबाडा इस सीजन में गुजरात टाइटंस के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं। वह पर्पल कैप की रेस में फिलहाल सातवें स्थान पर हैं और 6 मैचों में 10 विकेट ले चुके हैं। उनका औसत 22.20 और इकॉनमी रेट 9.73 रहा है।

#### पुराना विवाद भी आया चर्चा में

इस वीडियो के सामने आने के बाद रबाडा का पुराना अनुशासनात्मक रिकॉर्ड भी चर्चा में आ गया है। पिछले आईपीएल सीजन में उन्हें साउथ अफ्रीकन इंस्टिट्यूट फॉर ड्रग फ्री स्पोर्ट्स द्वारा एक महीने का बैन झेलना पड़ा था। उस दौरान वह टूर्नामेंट बीच में छोड़कर गए थे और बाद में टीम से दोबारा जुड़े थे। हालांकि, डोपिंग मामले की पूरी जानकारी कभी सार्वजनिक नहीं की गई थी, जिससे अटकलों को हवा मिली थी।

#### पहले भी सामने आ चुका है ऐसा मामला

सीजन की शुरुआत में भी इसी तरह का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें युजवेंद्र चहल को कथित तौर पर धूम्रपान करते और गाड़ी चलाते हुए दिखाया गया था। हालांकि, उस वीडियो की भी पुष्टि नहीं हो सकी थी, लेकिन सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी आलोचना हुई थी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 1 | 11 |
| राजस्थान | 7 | 5 | 2 | 10 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 6 | 3 | 3 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 7 | 2 | 5 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
323 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप

#### तमिलनाडु ने महाराष्ट्र को हराया, बना अंडर 19 चैंपियन



**देहरादून।** शीर्ष वरीयता प्राप्त तमिलनाडु ने यूटीटी अंतरराज्यीय जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में महाराष्ट्र को 3-1 से हराकर लड़कों के अंडर19 वर्ग का टीम खिताब जीता। पीबी अभिनंद तमिलनाडु की जीत के नायक रहे। उन्होंने पहले नील मुल्ये को 11-5, 11-3, 7-11, 11-6 से हराया और फिर उलट एकल में कुशल चोपड़ा पर 11-6, 11-6, 11-8 से शानदार जीत दर्ज करके अपनी टीम को खिताब दिलाया। महाराष्ट्र की टीम चोपड़ा पर काफी निर्भर थी क्योंकि उन्होंने इससे पहले टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया था।

## आईसीसी रैंकिंग : टी20 में नामीबिया और स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों की छलांग, वनडे में बांग्लादेशियों को फायदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला वनडे मैच 26 रन से गंवाने के बाद दूसरा मुकाबला 6 विकेट से अपने नाम करने के बाद बांग्लादेश ने न सिर्फ तीन मुकाबलों की सीरीज को 1-1 से बराबर किया, बल्कि उसके खिलाड़ियों ने भी व्यक्तिगत प्रदर्शन में काफी सुधार किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ ढाका में खेले गए दूसरे वनडे मैच के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने आईसीसी मेंस वनडे रैंकिंग में छलांग लगाई है।



#### तंजीद हसन को वनडे रैंकिंग में फायदा

बांग्लादेशी ओपनर तंजीद हसन उन खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें वनडे रैंकिंग सबसे ज्यादा फायदा मिला। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 199 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 76 रनों की संयमित पारी खेलने के बाद तंजीद बल्लेबाजों की रैंकिंग में 14 पायदान की छलांग लगाकर 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तौहीद हिरदॉय पांच पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 26वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

#### बांग्लादेशी स्पिनर रिशाद 10 पायदान ऊपर चढ़े

इस मुकाबले के साथ बांग्लादेश की गेंदबाजी यूनिट को भी फायदा हुआ। स्पिनर रिशाद हुसैन 10 पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि तेज गेंदबाज नाहिद राणा मैच में 5 विकेट लेने के बाद 32 पायदान की छलांग लगाकर 64वें स्थान पर पहुंच गए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम ने सीरीज में लगातार विकेट लेने वाले प्रदर्शन के बाद रैंकिंग में 39वां स्थान हासिल कर लिया है। भले ही डेरिल मिशेल इस वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उन्होंने इस फॉर्मेट में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

## आईपीएल में दिखा धोनी का बिहारी अंदाज, वायरल हुआ मजेदार वीडियो

एजेंसी ▶▶| मुंबई

फैंस 2026 आईपीएल सीज़न में एमएस धोनी को देखने के लिए बहुत ज़्यादा उत्साहित लग रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने इस सीज़न में अब तक छह मैच खेले हैं, जिनमें से किसी में भी धोनी चोट की वजह से नहीं खेल पाए हैं। हालाँकि धोनी असली मैचों में मैदान पर नहीं दिखे हैं, लेकिन प्रैक्टिस सेशन के दौरान वह लगातार मैदान पर नज़र आए हैं। इसी बीच,धोनी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एक खास 'बिहारी' अंदाज़ में बात करते दिख रहे हैं। मुंबई इंडियंस ने धोनी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह एमआई के तेज गेंदबाज़ दीपक चाहर से बात करते दिख रहे हैं। वीडियो में, जैसे ही धोनी की नज़र कैमरे पर पड़ती है, वह अपने जाने-पहचाने बिहारी अंदाज़ में बात करना शुरू कर देते हैं। फैंस को माही का यह खास अंदाज़ बहुत पसंद आता है।



#### धोनी ने क्या कहा

वीडियो में धोनी ने दीपक चाहर से कहा, "तुम आए, और साथ में कैमरा भी ले आए?" जवाब में, चाहर ने कैमरामैन की तरफ मुड़कर कहा, अरे भाई, चलो, अब तुम जाओ। फिर माही ने बीच में कहा, "हाँ, वरना हम बात नहीं कर पाएंगे (कैमरामैन की वजह से)। यह ध्यान देने वाली बात है कि यह पहली बार नहीं है जब धोनी को इस तरह बात करते देखा गया है। पहले भी कई मौकों पर उन्हें बिहारी अंदाज़ में बात करते सुना गया है। फैंस को माही की पर्सनैलिटी का यह पहलू बहुत प्यारा लगता है।

## लगातार हार के बाद भी फ्रेंच ओपन खेलना चाहती हैं वीनस

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी वीनस विलियम्स महिला एकल में लगातार दसवां मैच हारने के बावजूद अगले महीने होने वाले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलना चाहती हैं।

इस 45 वर्षीय खिलाड़ी मैड्रिड ओपन में स्पेन की 20 वर्षीय खिलाड़ी कैटलिन क्वेडो से 6-2, 6-4 से हार गईं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन



वीनस ने कहा, ' मैं लंबे समय से क्ले कोर्ट पर नहीं खेली थी और मैं इसमें खेलने का अनुभव लेना चाहती थी।' उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्य से मैं इटालियन ओपन में नहीं खेल पाऊंगी क्योंकि मेरी कुछ प्रतिबद्धताएं हैं। मेरे पति इटालियन हैं, इसलिए हमें भी दुख है कि हम वहां नहीं जा सकते। लेकिन (फ्रेंच ओपन की तैयारी के लिए) हम क्ले कोर्ट पर खेलना जारी रखना चाहेंगे।'

## बिनु ने बनाया 9 अंडर का स्कोर, हासिल की बढ़त

एजेंसी ▶▶| लुबुम्बाशी

युवा गोल्फर शौर्य बिनु ने अफ्रीकी चरण में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एएम ग्रीन आईजीपीएल आमंत्रण कांगो गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में 9 अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाकर बढ़त हासिल कर ली। यह 21 वर्षीय खिलाड़ी पिछले




दो हफ्तों में अफ्रीकी चरण में दो बार शीर्ष 10 में जगह बना चुका है। उन्होंने गोल्फ क्लब लुबुम्बाशी में पहले दौर में एक अंडर 72 के साथ शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने दूसरे दौर में 9 अंडर का शानदार स्कोर बनाया। इससे वह 36 होल के बाद 10 अंडर पर पहुंच गए। वह चार अन्य चार खिलाड़ियों से दो शॉट आगे हैं।

टेनिस

## टेनिस जगत में सुर्खियां बटोर रहा स्पेन का एक और 'राफा'

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज की उम्र केवल 22 वर्ष है, लेकिन उनके देश स्पेन में प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी के बारे में पहले से ही चर्चा हो रही है। इनमें से सबसे चर्चित नाम उस खिलाड़ी का है, जिनका पहला नाम सर्वकालिक महान खिलाड़ी राफेल नडाल के समान है। यह खिलाड़ी है 19 वर्षीय राफेल जोडर, जो रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाने से स्पेन और पूरे टेनिस जगत में सुर्खियां बटोर रहे हैं। जोडर को नडाल की तरह 'राफा'



उपनाम से भी जाना जाता है। वह मैड्रिड ओपन में अपने पदार्पण से ठीक पहले शीर्ष 50 में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। एक और होनहार खिलाड़ी 20 वर्षीय मार्टिन लैंडालुस हैं, जिन्होंने हाल में पुरुष रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई है। अल्काराज के कलाई में चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद मैड्रिड ओपन में यह दोनों दर्शकों के पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक होंगे।

एशियाई चैंपियंस लीग

## माचिदा जेलविया की फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| जेद्दा

जापान के क्लब माचिदा जेलविया ने संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली को 1-0 से हराकर एशियाई चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। युकी सोमा के पहले हाफ में किए गए गोल से जापान के क्लब ने जीत दर्ज की। शनिवार को होने वाले फाइनल में उसका मुकाबला सऊदी अरब के क्लब और मौजूदा चैंपियन अल-अहली सऊदी से होगा। सोमा ने 12वें मिनट में गोलकीपर हमाद अल-मेकबाली को छकाकर गोल दागा, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। अल-अहली सऊदी ने सोमवार को जापान के विसेल कोबे को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई थी। जेद्दा स्थित इस क्लब ने पिछले साल मई में फाइनल में जापान के कावासाकी फ्रंटेल को 2-0 से हराया था।



स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट

## रियाल मैड्रिड ने चखा जीत का स्वाद

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

काइलियन एमबाप्पे और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया, जिससे रियाल मैड्रिड ने अलावेस को 2-1 से हराकर 4 मैचों के बाद पहली जीत का स्वाद चखा। इस जीत से वह स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट लालीगा में शीर्ष पर मौजूद बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है। सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम में मिली जीत के बाद रियाल मैड्रिड अब बार्सिलोना से छह अंक पीछे रह गया है। बार्सिलोना के 31 मैच में 79 और रियाल मैड्रिड के 32 मैच में 73 अंक हैं। बायर्न म्यूनिख से हारने के कारण चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद रियाल मैड्रिड का यह पहला मैच था। रियाल मैड्रिड को बायर्न से अपने घरेलू मैदान पर 2-1 से और दूसरे चरण में जर्मनी में 4-3 से हार का सामना करना पड़ा था। उसे लालीगा में पिछले दो मैच में जीत नहीं मिली थी। उसने गिरोना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था जबकि मालोर्का से 2-1 से हार गय था।



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विवेक उर्फ बल्ले पुत्र दौलतराम पताः मकान नं.06, विजय नगर कॉलोनी, हरिजन वाली गली, बवाना, दिल्ली ने एफआईआर नं 99/2012 धारा 385/506/507/34 भा.द.स. एवं 120बी भा.द.स. के तहत** थानाः बवाना, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विवेक उर्फ बल्ले** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विवेक उर्फ बल्ले** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर नं 99/2012 धारा 385/506/507/34 भा.द.स. एवं 120बी भा.द.स. के तहत थाना बवाना, दिल्ली के उक्त विवेक उर्फ बल्ले** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**भारती बैनीवाल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05**
**उत्तर, कमरा नं. 114, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/5255/ON/2026




## भारत और श्रीलंका के बीच 7 दिवसीय नौसैनिक युद्धाभ्यास शुरू

# आईएनएस निरीक्षक कोलंबो पहुंचा, डाइवेक्स 2026 में ले रहा हिस्सा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का गोताखोरी सहायता और पनडुब्बी बचाव पोत आईएनएस निरीक्षक 21 अप्रैल 2026 को श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह पर पहुंचा। यह जहाज 21-27 अप्रैल 2026 तक आयोजित द्विपक्षीय गोताखोरी अभ्यास 'इन-एसएलएन डाइवेक्स 2026' के चौथे संस्करण में भाग लेगा। यह संयुक्त अभ्यास दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता, सामंजस्य और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान दोनों पक्षों की गोताखोर टीमें विशेष अभियानों और प्रशिक्षण गतिविधियों में हिस्सा लेंगी।

### गोताखोर टीमें विशेष अभियानों में भाग लेंगी


कोलंबो पोर्ट पर आईएनएस निरीक्षक

### सांस्कृतिक-मैत्रीपूर्ण कार्यक्रम भी शामिल

श्रीलंका नौसेना ने नौसेना बैंड की उपस्थिति में जहाज का औपचारिक स्वागत किया। आईएनएस निरीक्षक के कमांडिंग ऑफिसर कमांडर शैलेश त्यागी ने पश्चिमी नौसेना क्षेत्र के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल एसजे कुमारा से मुलाकात कर आपसी हितों पर चर्चा की। इस दौरे के दौरान पेशेवर बैठकों के अलावा सामाजिक मेलजोल, खेल प्रतियोगिताएं और संयुक्त योग सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे दोनों नौसेनाओं के बीच मित्रता और सौहार्द को और मजबूती मिलेगी।

### समुद्री संबंधों को मजबूत करने की पहल

एक सप्ताह तक चलने वाला यह अभ्यास भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह दोनों देशों के साझा गहरे समुद्री हितों और सहयोग की निरंतरता को भी दर्शाता है। यह पहल हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता, सहयोग और सामूहिक विकास को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है।

### 'आरोग्य मैत्री' पहल के तहत सहायता

भारत की मानवीय सहायता पहल के तहत यह जहाज 'आरोग्य मैत्री' कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीलंका को दो 'मैत्री भीष्म क्यूब' भेंट करेगा। ये अत्याधुनिक पोर्टेबल चिकित्सा इकाइयां हैं, जो 200 आपातकालीन मामलों को संभालने में सक्षम हैं।

आईडीएफ चीफ की चेतावनी

# सेना हर परिस्थिति के लिए तैयार हर मोर्चे पर लड़ेंगे, नहीं बख्शेंगे

एजेंसी ▶▶ यरूशलम



इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर ने अपनी सेना को किसी भी परिस्थिति में तैयार रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि ईरान और लेबनान में नाजुक युद्धविराम के बीच, सेना हाई अलर्ट पर है और सभी मोर्चों पर लड़ाई के लिए तैयार है। बुधवार को राष्ट्रपति के घर पर इजराइली स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किए गए 120 बेहतरीन सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर की आग के बाद से, हम लगातार लड़ाई के जरिए अपनी सैन्य ताकत को फिर से बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाजा में, आईडीएफ ने हमास के खिलाफ लड़ाई जीती और इस कमांड को बनाए रखा। हमने किसी को नहीं बख्शा। इस समय, आईडीएफ पूरी तरह अलर्ट और तैयार है, और सभी सेक्टरों में तुरंत और पूरी ताकत से लड़ने के लिए तत्पर है। इस समय, हम उत्तरी समुदायों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए लेबनान में जोरदार लड़ाई लड़ रहे हैं।

## ममता बनर्जी की सरकार की गलत नीतियों के कारण पश्चिम बंगाल में उद्योगों का भारी पतन हुआ

# योगी बोले: टीएमसी सरकार के दौरान 7,000 से ज़्यादा बड़ी इंडस्ट्रीज़ हो गई बंद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बाज़ार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए टीएमसी पर लगाये कई आरोप*

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार के शासनकाल के दौरान पश्चिम बंगाल में सरकार के दौरान 7,000 से ज़्यादा बड़ी इंडस्ट्रीज़ बंद हो गई। बड़ा बाज़ार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा ममता बनर्जी की सरकार की गलत नीतियों के कारण पश्चिम बंगाल में उद्योगों का भारी पतन हुआ है। योगी ने कहा कि पश्चिम बंगाल ने एक राष्ट्रीय आर्थिक अगुआ के तौर पर अपनी जगह खो दी है। यह राज्य, जो कभी उद्योग, शिक्षा और संस्कृति के लिए जाना जाता था, अब वर्षों के कुशासन के कारण पिछड़ गया है।

योगी आदित्यनाथ ने नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के जोरासांको स्थित पैतृक घर का ज़िक्र करते हुए, टीएमसी पर बंगाल की सांस्कृतिक विरासत का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस ऐतिहासिक घर के अंदर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पोस्टर लगाए गए थे, जिसे उन्होंने टैगोर की विरासत का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी जगहों पर भारत माता और महान सांस्कृतिक हस्तियों की झलक दिखनी चाहिए, न कि राजनीतिक प्रदर्शन। उन्होंने कहा कि बंगाल, जो कभी कई सेक्टरों में सबसे आगे था, अब सबसे नीचे पहुँच गया है और साथ ही यह भी जोड़ा कि हज़ारों एमएसएमई यूनिट्स भी बंद हो गई हैं, जिससे लगभग 30 लाख युवाओं की नौकरियाँ



चली गई हैं। उन्होंने दावा किया कि इस गिरावट ने राज्य को एक ऐसी जगह में बदल दिया है, जिसे उन्होंने इंडस्ट्रीज़ का कब्रिस्तान बताया। 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष का ज़िक्र करते हुए, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल को अपनी खोई हुई शान वापस पानी होगी और दावा किया कि ऐसा केवल सरकार बदलने से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य को विकास लाने और उद्योगों को फिर से ज़िंदा करने के लिए, जिसे उन्होंने डबल-इंजन सरकार कहा, उसकी ज़रूरत है।

### संस्कृति, पहचान और धर्म पर ज़ोर

*योगी आदित्यनाथ ने भाषा और सांस्कृतिक पहचान को लेकर भी चिंता जताई, और आरोप लगाया कि बंगाली परंपराओं को नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। उन्होंने टीएमसी पर धार्मिक जुलूसों पर रोक लगाने का भी आरोप लगाया और कहा कि दुर्गा पूजा और काली पूजा जैसे त्योहारों पर बेवजह पाबंदियां लगाई जा रही हैं। उन्होंने धार्मिक भावनाओं पर टीएमसी के रवैये पर भी सवाल उठाए, और अयोध्या में राम मंदिर के विरोध का ज़िक्र किया।*

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर वायुसेना का शक्ति प्रदर्शन



### सुखोई-मिराज की गर्जना

*सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर 2:30 बजे लड़ाकू विमानों का एयर शो शुरू हो गया है। सबसे पहले वायु सेना के सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने एक्सप्रेस-वे पर बने रनवे पर लैंडिंग की फिर जगुआर ने उड़ान भरी। सुखोई, मिराज और तेजस के 9 फाइटर जेट्स ने टेकऑफ और लैंडिंग की। शो 6 घंटे तक चला। एयर शो के लिए 5 किलोमीटर का एरिया सील कर दिया गया है।*

## एआई कंटेंट पर केंद्र सरकार ने कसा शिंकजा

नए ड्राफ्ट पर 7 मई तक मांगी जनता की राय

# एआई से बने फोटो-वीडियो पर पूरे समय दिखाना होगा 'लेबल'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एआई से तैयार या सिंथेटिक कंटेंट को लेकर नए सख्त नियम प्रस्तावित किए हैं। इन प्रस्तावित संशोधनों के तहत अब ऐसे किसी भी कंटेंट पर लगातार और स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाला लेबल लगाना अनिवार्य किया जा सकता है। सरकार ने इस ड्राफ्ट को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया है और 7 मई तक आम लोगों व संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे हैं।




### एआई से तैयार सामग्री को छिपाना असंभव

नए ड्राफ्ट के तहत सबसे बड़ा बदलाव लेबलिंग की प्रकृति में किया गया है। पहले जहां एआई कंटेंट पर 'प्रमुख रूप से दिखाई देने' वाला लेबल पर्याप्त माना जाता था, वहीं अब इसे 'पूरे कंटेंट की अवधि के दौरान लगातार और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित' करना अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। इसका सीधा अर्थ है कि वीडियो, इमेज या किसी भी विजुअल फॉर्मेट में एआई से तैयार सामग्री को दर्शकों से छिपाया नहीं जा सकेगा। इस प्रस्ताव की खास बात यह है कि यह नियम सिर्फ एआई कंपनियों या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तक सीमित नहीं रहेगा।

## इजराइल का बड़ा कबूलनामा

# ईरान के खिलाफ ऑपरेशन में मारा गया 'मोसाद' एजेंट


मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया

एजेंसी ▶▶ यरूशलम

इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के एक एजेंट को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। उन्होंने ईरान के खिलाफ इजराइल के हालिया अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह जानकारी मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने मंगलवार को दी। इजराइली एजेंट की मई 2023 में इटली में एक नाव हादसे में मौत हो गई थी। यह एजेंट केवल उनके नाम के पहले हिब्रू अक्षर मेम से पहचाने जाते हैं।

उनकी मौत इटली की मैगी गोर झील में नाव पलटने से हुई थी, जिसमें कुल चार लोगों की जान गई थी। उस समय इटली की मीडिया रिपोर्ट्स में उनकी पहचान 50 वर्षीय एरेज शिमोनी के रूप में की गई थी, जिसे एक उपनाम माना जाता है। उनकी असली पहचान आधिकारिक रूप से सार्वजनिक नहीं की गई।

### देश के लिए किया जीवन समर्पित

मोसाद मुख्यालय में आयोजित मेमोरियल डे समारोह में डेविड बार्निया ने कहा कि आज के दिन मैं उन शहीद मोसाद कर्मियों को याद करता हूं, जिन्होंने वर्षों तक इजराइल की सुरक्षा में योगदान दिया और देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन रोअरिंग लायन के दौरान मेरे विचार और मेरा हृदय मेम के व्यक्तित्व और उनके कार्यों को लेकर गर्व से भर गया था। वह इजराइल के बाहर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हुए। बार्निया ने कहा कि मेम के नेतृत्व में चलाया गया अभियान रचनात्मकता, चतुराई और अत्याधुनिक तकनीक का मिश्रण था, जिसने ईरान के खिलाफ अभियान की सफलता पर महत्वपूर्ण असर डाला।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109